

फ्रिज, वाशिंग मशीन और एसी की 10 से 12 प्रतिशत बढ़ सकती है कीमत - 12



कच्चे तेल की महंगाई का भारत पर पड़ सकता है गंभीर आर्थिक प्रभाव : रिपोर्ट - 12



जेंडर परिभाषा पर भारत रहा तटस्थ, संरा में टूटी आम सहमति की परंपरा - 13



आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे ऋषभ पंत - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10
सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी 06:38 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 23 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 211, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## पश्चिम एशिया : चौथे सप्ताह की शुरुआत में खतरनाक हमलों के साथ युद्ध ने किया नए चरण में प्रवेश

# मिसाइलों से दहले इजराइल-ईरान

### अमेरिका ने अल्टीमेटम के 48 घंटे पूरे होने से पहले ही तेहरान पर किए हमले, टॉप लीडर्स को मौत के घाट उतारने का दावा | ईरान ने इजराइल के दो बड़े शहरों पर किए हमले, 300 लोग घायल इजराइली परमाणु अनुसंधान केंद्र डिमोना के पास गिरी मिसाइल

काहिरा, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अपने चरम पर है। ईरान ने शनिवार देर रात दक्षिणी इजराइल के दो इलाकों पर मिसाइल हमले किए, जिससे इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई और 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर है। ये हमले इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास हुए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज को पूरी तरह नहीं खोलता है तो अमेरिका उसके ऊर्जा संयंत्रों को नेस्तनाबूद कर देगा। इसी धमकी के बीच अमेरिका ने ईरान के कई महत्वपूर्ण लोगों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किए हैं।

अमेरिका ने दावा किया है कि इन हमलों में उसने ईरान के कई टॉप लीडर्स का सफाया कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडिया साझा करते हुए अमेरिका मिलिट्री नाम के अकाउंट से दावा किया गया है कि इन हमलों में ईरान के टॉप लीडर्स को मौत के घाट उताया गया। इन घटनाक्रमों से संकेत मिलता है कि युद्ध अपने चौथे सप्ताह की शुरुआत में एक खतरनाक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। तेल की बढ़ती कीमतों के बीच देश में दबाव का सामना कर रहे ट्रंप ने फ्लोरिडा स्थित अपने घर से सोशल मीडिया पर यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ईरान को 48 घंटे में इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को खोलना होगा, अन्यथा अमेरिका उसके ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाएगा। रविवार तड़के ईरान ने चेतावनी दी कि उसके ऊर्जा ठिकानों पर किसी भी हमले के जवाब में वह क्षेत्र में अमेरिका और इजराइल के ऊर्जा व बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएगा। इजराइल पर ये हमले ऐसे समय हुए जब उसी दिन पहले तेहरान के प्रमुख परमाणु संवर्धन केंद्र नतांज पर हमला हुआ था। इजराइली सेना ने कहा कि वह दक्षिणी शहरों डिमोना और अराद पर गिरी मिसाइलों को रोक नहीं सकी। यह पहली बार था जब परमाणु केंद्र के आसपास के क्षेत्र में ईरानी मिसाइलें इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को भेदने में सफल रहीं।

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यदि इजराइल डिमोना जैसे अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्र में भी मिसाइलों को रोक नहीं पा रहा है, तो यह युद्ध के नए चरण में प्रवेश का संकेत है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि घटनास्थल पर और आपातकालीन दल भेजे जा रहे हैं। यह बेहद कठिन शाम है। बचावकर्मियों के अनुसार, अराद में सीधे हमले से कम से कम 10 अपार्टमेंट इमारतों को भारी नुकसान हुआ, जिनमें से तीन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होकर गिरने के खतरे में हैं। कम से कम 64 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। डिमोना, परमाणु अनुसंधान केंद्र से लगभग 20 किलोमीटर पश्चिम में है, जबकि अराद उससे करीब 35 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। माना जाता है कि इजराइल पश्चिम एशिया का एकमात्र देश है जिसके पास परमाणु हथियार हैं, हालांकि उसने कभी इसकी पुष्टि या खंडन नहीं किया।



डिमोना में ईरानी मिसाइल हमले से प्रभावित स्थल का सर्वेक्षण करते इजराइली सुरक्षा बल।

### ईरान बोला- अमेरिकी धमकियों का जवाब मैदान में देंगे

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियों के बाद ईरान ने सैन्य जवाब देने की बात कही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि देश के खिलाफ दी जा रही धमकियां और हमले ईरान को और ज्यादा एकजुट कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम इन बेतुकी धमकियों का मैदान में डटकर सामना करेंगे। पजशकियान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर भी साफ किया कि यह सभी के लिए खुला है, लेकिन जो ईरान की जमीन का उल्लंघन करेगा, उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पूर्व ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज पूरी तरह नहीं खोला, तो पावर प्लांट्स को निशाना बनाएंगे।


### जंग में ब्रिटेन भी कूदा, अरब सागर में तैनात की परमाणु पनडुब्बी, यूएस को सौंपे मिलिट्री बेस

**लंदन।** ब्रिटेन की परमाणु-संचालित पनडुब्बी अरब सागर पहुंच गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज करने के संकेत दिए हैं। एचएमएस एंसन नाम की यह पनडुब्बी 6 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से रवाना हुई थी और अब माना जा रहा है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट उत्तरी अरब सागर में अपनी तैनाती ले ली है। यह पनडुब्बी टॉमहॉक ब्लॉक-4 लैंड-अटैक मिसाइलों से लैस है, जिनकी मारक क्षमता लगभग 1,600 किलोमीटर है। इसके अलावा इसमें स्पीयरफिश हैवीवेट टॉरपीडो भी लगे हुए हैं। मध्य-पूर्व क्षेत्र में इस पनडुब्बी की तैनाती ऐसे समय में हुई है जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अमेरिका को ईरान के खिलाफ हमलों के लिए ब्रिटिश सैन्य ठिकानों के उपयोग की अनुमति देने पर सहमति जताई है।

### अमेरिका-इजराइल दुनिया के लिए लड़ रहे : नेतन्याहू

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि डिएगो गार्सिया पर हाल ही में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमलों से स्पष्ट होता है कि फारस खाड़ी का देश यूरोप तक मार करने की क्षमता रखता है और वह पूरी दुनिया के लिए खतरा पैदा करता है। नेतन्याहू ने दक्षिणी इजराइली शहर अराद का रविवार को दौरा किया, जिस पर शनिवार शाम ईरान ने मिसाइल हमले किए थे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका देश और अमेरिका पूरी दुनिया की ओर से मिलकर लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर आप इस बात का सबूत चाहते हैं कि ईरान पूरी दुनिया के लिए खतरा है, तो पिछले 48 घंटों में यह मिल गया है। पिछले 48 घंटों में, ईरान ने एक नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाया। वह इसका इस्तेमाल सामूहिक नरसंहार के हथियार के रूप में कर रहा है।

## मोदी ने की हाईलेवल बैठक ईंधन-ऊर्जा और उर्वरक आपूर्ति का लिया जायजा



पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति के मद्देनजर समीक्षा बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी परेशानी से निपटने पर मंथन, शाह-नड्डा पुरी समेत सीनियर लीडर रहे मौजूद

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के मद्देनजर कच्चे तेल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों तथा ऊर्जा एवं उर्वरक क्षेत्रों से संबंधित स्थिति की रविवार को वरिष्ठ मंत्रियों के साथ समीक्षा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश भर में निर्बाध आपूर्ति और कुशल वितरण सुनिश्चित करना है तथा सरकार इस दिशा में सक्रिय कदम उठा रही है।

सूत्रों के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने इस उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार सरकार पेट्रोलियम उत्पादों समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। बैठक में पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर मौजूदा वैश्विक स्थिति और उपभोक्ता एवं उद्योग हितों की रक्षा के लिए उठाए गए उपायों की समीक्षा की गई। मोदी ने 12 मार्च को कहा था कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने विश्वव्यापी ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है, जो राष्ट्रीय चरित्र की एक गंभीर परीक्षा है और इससे शांति, धैर्य एवं लोगों में अधिक जागरूकता के जरिये निपटने की जरूरत है।

### होर्मुज बंद से मंडराया संकट

ईरान ने होर्मुज को बाधित कर दिया है, जो एक प्रमुख समुद्री मार्ग है और इसके जरिये दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा की ढुलाई होती है। संघर्ष शुरू होने के बाद से ईरान ने बहुत कम पोतों को इससे गुजरने की अनुमति दी है। इसके कारण भारत समेत कई देशों में ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर व्यवधान पैदा हो गया है। संघर्ष शुरू होने के बाद से मोदी ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस, मलेशिया, इजराइल और ईरान के नेताओं से टेलीफोन पर बातचीत की है।

## ब्रीफ न्यूज

### मिलावटी दूध : मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हुई

**राजमहेंद्रवरम।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में संदिग्ध रूप से मिलावटी दूध पीने के कारण मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है, जबकि तीन लोगों का राजमहेंद्रवरम के अस्पतालों में इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस मामले का पता सबसे पहले 22 फरवरी को चला था जब कई बुजुर्ग व्यक्तियों को पेशाब न आना, उल्टी, पेट दर्द और अन्य दिक्कतों के कारण अस्पतालों में भर्ती कराया गया था।

### बीएलओ की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 54 वर्षीय बीएलओ की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वहीं बीएलओ के परिवार ने आरोप लगाया कि राज्य में जारी एसआईआर अभियान से संबंधित अत्यधिक कार्यभार के कारण उनकी मौत हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान उत्पल ठाकुर के रूप में हुई है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि उत्पल ठाकुर को शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे दिल का दौरा पड़ा और बाद में उनकी मौत हो गई।

## शहरों में गैस परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने का निर्देश

- सीएनजी/पीएनजी के आवेदन तेजी से निपटाने व वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने गैस वितरण को सुव्यवस्थित करने और आपूर्ति दबाव को कम करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। इसके तहत शहरों में पाइपलाइन गैस परियोजनाओं (सीएनजी/पीएनजी) के आवेदन तेजी से निपटाने और प्रमुख क्षेत्रों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का निर्देश दिया गया है, ताकि चुनौतीपूर्ण वैश्विक भू-राजनीतिक हालात के बीच घरेलू और व्यावसायिक जरूरतों को पूरा किया जा सके।

पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन ने अपने कार्यालयों को निर्देश दिया है कि वे शहर गैस वितरण (सीजीडी) के सभी आवेदन केवल 10 दिनों में निपटाएं। इसका उद्देश्य पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की व्यवस्था को तेजी से शुरू करना है। बड़े शहरों और शहरी क्षेत्रों में व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं को भी एलपीजी पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति के तहत पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की ओर स्थानांतरित होने की सलाह दी गई है। घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है, वितरकों के पास गैस की कमी की कोई सूचना नहीं है और देशभर में वितरण सामान्य रूप से हो रहा है।

### अमेरिका का एलपीजी जहाज मंगलुरु पहुंचा




**मंगलुरु।** युद्ध के कारण आपूर्ति में आई कमी के बीच अमेरिका से एलपीजी (रसोई गैस) लेकर एक जहाज रविवार को न्यू मंगलौर बंदरगाह पहुंचा। पिक्सिस पायनियर नामक यह जहाज 14 फरवरी को टेक्सास के पोर्ट ऑफ नीदरलैंड से रवाना हुआ था और इसमें 16,714 टन एलपीजी लाई गई है, जिसे एजिस लॉजिस्टिक्स को उतारा जाएगा। यह जहाज एक दिन के भीतर बंदरगाह पहुंचने वाले रूसी जहाज एक्वा टाइटन के बाद आया है। यह घटनाक्रम इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि मंगलुरु में देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण सुविधा मौजूद है, जो सितंबर, 2025 में शुरू हुई थी। समुद्र तल से करीब 225 मीटर नीचे स्थित इस भंडारण केंद्र की क्षमता 80,000 टन है।

## नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का 28 को उद्घाटन करेंगे मोदी

- कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी रविवार को नोएडा पहुंचे

**नोएडा।** मोदी 28 मार्च को नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी रविवार को नोएडा पहुंचे। मुख्यमंत्री दोपहर में हेलीकॉप्टर से जेवर स्थित हवाई अड्डा पहुंचे और डेढ़ घंटे तक अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्घाटन समारोह की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस, यमुना प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने व्यापक तौर पर तैयारियां की थीं। इस बैठक में अधिकारियों ने समारोह की रूपरेखा, सुरक्षा योजना, जनसभा में आने वाले लोगों की संभावित संख्या और बैठने की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी दी। (विस्तृत प्रदेश पेज पर)

## मोदी ने रचा इतिहास...सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने का रिकॉर्ड

- बतौर हेड ऑफ गवर्नमेंट 8931 दिन पूरे, पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ा
- अमित शाह ने मोदी के सार्वजनिक जीवन में बिताए रिकॉर्ड दिनों की सराहना की
- कहा- सेवा, कड़ी मेहनत एवं अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित एक मील का पत्थर



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पदों को मिलाकर वे भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। नरेंद्र मोदी ने कुल 8931 दिन तक सरकार के प्रमुख के रूप में काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के 8930 दिनों के रिकॉर्ड को पार कर लिया।

पीएम मोदी पहले ही गुजरात के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता रह चुके हैं। साथ ही वे ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं, जिनके पास मुख्यमंत्री के रूप में सबसे ज्यादा अनुभव है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में बिताए गए रिकॉर्ड 8,931 दिनों की रविवार को सराहना की और कहा कि यह सेवा, कड़ी मेहनत एवं अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित एक मील का पत्थर है। कहा कि पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी द्वारा सार्वजनिक जीवन में रिकॉर्ड बनाया जाना राष्ट्र-प्रथम, शासन, कार्यों में ईमानदारी और प्रत्येक नागरिक की अथक सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 7 अक्टूबर, 2001 को सीएम के रूप में ली थी शपथ

मोदी ने 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वह 21 मई, 2014 तक इस पद पर बने रहे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 282 सीट के साथ शानदार जीत दिलाने के बाद मोदी ने 26 मई को प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली। भाजपा स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली पहली गैर-कांग्रेसी पार्टी बनी, जिसने कांग्रेस को मात्र 44 सीट पर समेटते हुए धूल चटा दी।

## पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर उनके पिता समेत 3 पर केस

अधिकारी आत्महत्या मामला



- आत्महत्या के लिए उकसाने आपराधिक धमकी व साझा इरादा के तहत प्राथमिकी दर्ज

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब में भंडारण निगम के एक अधिकारी की आत्महत्या के सिलसिले में पुलिस ने राज्य के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अमृतसर में पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार को आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस ने भुल्लर के पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और उनके निजी सहायक दिलबाग सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। इस मामले में आत्महत्या के लिए उकसाना, आपराधिक धमकी और साझा इरादा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला अमृतसर के रणजीत एवेन्यू पुलिस थाने में रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर की शिकायत पर शनिवार रात दर्ज किया गया। भुल्लर ने शनिवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपों के बीच, मुख्यमंत्री मान ने भुल्लर से पद छोड़ने को कहा था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें रंधावा ने आरोप लगाए थे।

बदलाव | नवरात्र में 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र, योगी बोले, पहले प्रत्येक पद के लिए चाचा-भतीजा व उनके सिपहसालार करते थे वसूली

## प्रदेश में बिना सिफारिश, लेन-देन के मिल रही नौकरी : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार को लोकभवन में 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए इसे महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बेटियों को रोजगार मिलना समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष है, जहां बिना किसी सिफारिश या लेन-देन के योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिल रहा है। जबकि वर्ष 2017 के पहले प्रत्येक पद के लिए बोली लगती थी। चाचा-भतीजा और उनके सिपहसालार झोला लेकर वसूली पर निकलते थे। योगी ने 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों में 1,097 महिलाओं के शामिल होने को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत बताते हुए कहा कि आज नर्सिंग प्रोफेशन की मांग देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी से बढ़ रही है। जापान और जर्मनी जैसे देशों में भारतीय नर्सिंग प्रोफेशनल्स के प्रति सम्मान है। ऐसे में नर्सिंग के साथ भाषा कौशल विकसित कर युवा वैश्विक अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले पूर्वी यूपी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के लिए जाना जाता था, लेकिन अब व्यापक सुधार हुए हैं। बंद पड़े 35 एएनएम प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः संचालित किया गया है और 31 नए नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज की अवधारणा को तेजी से लागू किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि 9.25 करोड़ लोग यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज से जुड़े हैं और 14.28 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा) जारी किए जा चुके हैं।



**लखनऊ :** लोकभवन में 1,228 नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में नव चयनित महिला अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव

- 35 एएनएम प्रशिक्षण केंद्र पुन: संचालित
- 31 नए नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन
- 976 सीएचसी पर टेलीमेडिसिन सुविधा
- 14.28 करोड़ से अधिक आभा आईडी जारी
- वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज पर तेजी
- मेडिकल शिक्षा में एकरूपता और संस्थानों का नेटवर्क
- सुपर स्पेशियलिटी संस्थानों में आधुनिक सुविधाएं

### केजीएमयू का एनआईआरएफ रैंकिंग में आठवां स्थान

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ने वर्ष 2025 की एनआईआरएफ रैंकिंग में देशभर में आठवां स्थान हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में किडनी, लीवर व बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू हो चुकी हैं, वहीं टेली-आईसीयू से कई मेडिकल कॉलेज जुड़े हैं। प्रदेश में लेवल-2 ट्रॉमा सेंटर भी विकसित किए जा रहे हैं। बाबू कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स सेंटर स्थापित हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### एमपी, बिहार व छत्तीसगढ़ में संगठन मजबूत करने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ:** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों से कहा कि इन राज्यों में पूरी निष्ठा के साथ बहुजन आंदोलन को आगे बढ़ाना जरूरी है, ताकि पार्टी को 'शासक वर्ग' के रूप में स्थापित किया जा सके। बसपा प्रमुख रविवार को राजधानी स्थित कार्यालय में एमपी, बिहार व छत्तीसगढ़ पार्टी इकाइयों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थीं। पिछले निर्देशों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यों पर आंशिक संतोष जताया, लेकिन संगठन को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी रखने पर जोर दिया। कांशीराम के अधूरे मिशन को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और सक्रिय बनाने तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए रणनीति पर भी चर्चा की गई।



### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में यूपी अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। प्रदेश में अब तक 7340 प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इसके साथ ही विभिन्न बैंकों द्वारा 2000 करोड़ रुपये से अधिक का टर्म लोन स्वीकृत किया गया है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बड़ी गति मिली है। योजना के तहत प्रति इकाई औसत 10 लाख रुपये का टर्म लोन और करीब 4 लाख रुपये का अनुदान दिया जा रहा है, जबकि प्रस्तावों की औसत स्वीकृति अवधि लगभग 100 दिन है। राष्ट्रीय स्तर पर बिहार दूसरे और महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर हैं।

### नवरात्र में शक्तिपीठों पर होंगे भव्य आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश में इस बार भक्ति और सांस्कृतिक आस्था का विशेष संगम देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सप्तमी, अष्टमी और नवमी (25, 26 व 27 मार्च) को प्रदेशभर के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में देवी गीत, भजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और शक्ति आराधना के भव्य आयोजन किए जाएंगे। संस्कृति विभाग ने इन आयोजनों की व्यापक तैयारी कर ली है और कलाकारों का चयन भी पूरा कर लिया गया है। कार्यक्रम स्थानीय प्रशासन के समन्वय से जनपद स्तर पर आयोजित होंगे, जिनमें लोक कलाकारों, भजन और कीर्तन मंडलियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इन आयोजनों को योगी सरकार के महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण अभियान 'मिशन शक्ति' से भी जोड़ा गया है।

### रोहित शेट्टी के घर फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित आवास पर रंगदारी व दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग करने वाले एक आरोपी को एसटीएफ ने आगरा के बाह से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे क्राइम ब्रांच मुंबई के सुपुर्द कर दिया। मामले की जांच क्राइम ब्रांच मुंबई कर रही है। आरोपी प्रदीप एसटीएफ के एएसपी राकेश के मुताबिक, बाह के बिजौली महावीरनगर निवासी आरोपी प्रदीप शर्मा अंतरराष्ट्रीय कुख्यात अपराधी शुभम लोनकर गैंग का सदस्य है। उसे शनिवार दोपहर करीब 3:50 बजे उसके घर के पास से दबोचा गया। रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग के मामले में शामिल दीपक, विष्णु कुशवाहा समेत अन्य पांच आरोपियों को 15 फरवरी को एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### 'वाया' के सहयोग से कर्ज से उबरा परिवार

**अमृत विचार, लखनऊ:** वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन "वाया" के सहयोग से दिल्ली के पश्चिम विहार निवासी सीए विकास गर्ग का परिवार कर्ज के बोझ से मुक्त होकर नई शुरुआत कर सका है। गंभीर बीमारी के कारण नौकरी छूटने और आर्थिक संकट में फंसे इस परिवार को संस्था की मदद ने फिर से संभाल दिया। यह जानकारी औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने दी। नंदी ने कहा कि वाया संस्था समाज के सहयोग से जरूरतमंद परिवारों को सहारा देने का कार्य कर रही है। संस्था की कमेटी ने त्वरित निर्णय लेते हुए सभी लेनदारों को बुलाकर करीब 12.40 लाख रुपये का पूरा कर्ज चुका दिया।

# खनन से बढ़ी आय, सोनभद्र आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महोबा, हमीरपुर, झांसी-जालौन भी टॉप सूची में
- फरवरी में 2543 करोड़ से अधिक राजस्व
- अवैध खनन पर सख्ती से बढ़ा राजस्व संग्रह

**अमृत विचार:** प्रदेश में खनिज एवं उपखनिज खनन से राजस्व प्राप्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। फरवरी माह में प्रदेश के दस प्रमुख खनिज संपन्न जनपदों से लगभग 2543.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जिसमें सोनभद्र जनपद सबसे आगे रहा।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, सोनभद्र ने सर्वाधिक 678.28 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। इसके अलावा महोबा, हमीरपुर, झांसी और जालौन जैसे जनपद भी खनन आधारित आय में प्रमुख योगदानकर्ता रहे। विभाग के अनुसार, राजस्व वृद्धि के पीछे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण, खनन गतिविधियों की सतत निगरानी और पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना प्रमुख कारण है। खनन पट्टों के आवंटन और संचालन में पारदर्शिता बढ़ने से भी राजस्व संग्रह में सुधार हुआ है।

अन्य प्रमुख जिलों में सहारनपुर, बांदा और प्रयागराज ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया, जबकि फतेहपुर और कौशांबी से भी राजस्व प्राप्त हुआ। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप खनिज संसाधनों के संतुलित और सतत उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार की नीति है कि खनन गतिविधियां आर्थिक विकास का माध्यम बनें, लेकिन पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे। इसी दृष्टिकोण के साथ विभाग तकनीक आधारित निगरानी और कड़े प्रवर्तन के जरिए व्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

# 'द शैडो' एप से बेटियों की सुरक्षा को तकनीक का कवच

## प्रदेश सरकार की नई पहल, यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने विकसित किया एप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बेटियों की सुरक्षा को तकनीकी मजबूती देने की दिशा में एक नई पहल की गई है। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) द्वारा विकसित "द शैडो" एप अब छात्राओं के लिए "डिजिटल परछाईं" की तरह काम करेगा। यह एप न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी और प्रबंधन को भी एक ही प्लेटफॉर्म पर लाएगा।




संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी के अनुसार, यह एप बीटेक छात्रों द्वारा विकसित किया गया है और इसका उद्देश्य छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी व जवाबदेह प्रणाली तैयार करना है। एप के माध्यम से कैंपस में प्रवेश-निकास, अवकाश अनुरोध और अन्य गतिविधियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी। इसकी सबसे अहम विशेषता 'पैरेंट-फर्स्ट अप्रूवल सिस्टम' है, जिसमें छात्रा के कैंपस से बाहर जाने से पहले अभिभावकों की अनुमति अनिवार्य होगी। इससे सुरक्षा के साथ अभिभावकों का विश्वास भी मजबूत होगा।

**एप की विशेषताएं**
- पैरेंट-फर्स्ट अप्रूवल से बाहर जाने की अनुमति
- एसओएस इमरजेंसी अलर्ट से त्वरित सहायता
- रियल टाइम एंट्री-एग्जिट ट्रैकिंग
- क्यूआर कोड आधारित डिजिटल गेट पास
- पढ़ाई, अटेंडेंस और प्रदर्शन की मॉनिटरिंग

इसके अलावा एप में इंटीग्रेटेड एसओएस इमरजेंसी फीचर दिया गया है, जिससे किसी भी खतरे की स्थिति में एक क्लिक पर संस्थान प्रशासन और परिजनों को तत्काल अलर्ट मिल जाएगा। क्यूआर-कोड आधारित डिजिटल गेट पास सिस्टम कैंपस में अनधिकृत प्रवेश पर भी प्रभावी नियंत्रण रखेगा। डॉ. नेहा सिंह के मार्गदर्शन में छात्र हर्ष और आदित्य मिश्रा द्वारा विकसित यह एप तकनीकी नवाचार का उदाहरण है, जो बेटियों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को नई दिशा देता है।

# जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियां तेज

## 28 को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन, मुख्यमंत्री योगी ने निरीक्षण कर दिए व्यापक दिशा-निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गौतमबुद्धनगर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम को भव्य व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण करेंगे, साथ ही मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के संभावित भ्रमण मार्ग, पैसेंजर टर्मिनल, कार्गो टर्मिनल, हेलीपैड, पार्किंग और रैली स्थल का अवलोकन कर तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयसीमा के भीतर और तय मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारी का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

**तैयारी के मुख्य बिंदु**
चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू, ट्रैफिक और पार्किंग के लिए विशेष प्लान, पेयजल, शौचालय व चिकित्सा सुविधाओं पर जोर, कार्यक्रम की ब्रांडिंग और व्यापक प्रचार-प्रसार।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट अतिथियों और आमजन की उपस्थिति को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुचारू और प्रभावी हों। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, निर्बाध बिजली, साइनेज, परिवहन, चिकित्सा और अग्नि सुरक्षा की व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार और ब्रांडिंग पर भी जोर दिया, ताकि इसे वैश्विक स्तर का आयोजन बनाया जा सके। साथ ही विभिन्न जनपदों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस को चार स्तरीय सुरक्षा घेरा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक प्रबंधन और वैकल्पिक मार्गों की विस्तृत योजना भी प्रस्तुत की गई। बैठक में कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 100 करोड़ जीएसटी चोरी गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई राज्यों में बोगस कंपनियां बनाकर असली फर्मों को बेचता था इनपुट टैक्स क्रेडिट
- एसटीएफ लखनऊ की टीम ने पुणे में दबोचा

**अमृत विचार:** फर्जी फर्मों के माध्यम से इनवाइस व ई-वे बिल बनाकर 100 करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को एसटीएफ ने रविवार को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। वह कई राज्यों में बोगस कंपनियां बनाकर असली फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बेचता था। आरोपी के खिलाफ लखनऊ में भी मामला दर्ज है।



आरोपी

एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, आरोपी केशवानी अब्बास हुसैन रमजान अली पुणे में रहता था। वह गुजरात के भावनगर स्थित बागे हुसैन प्रभूदास तालाब शिशु विहार का निवासी है। आरोपी के पास से दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और एक पासपोर्ट बरामद हुआ है।

आरोपी साथी रईस और मुंतजिर के साथ मिलकर महाराष्ट्र और गुजरात में अकाउंटेंसी का काम करता था। इसी आड़ में वह फर्जी दस्तावेजों के जरिए अलग-अलग राज्यों में बोगस फर्में रजिस्टर्ड करता था। इन फर्मों के नाम पर बिना किसी वास्तविक खरीद-फरोख्त के फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल जारी किए जाते थे। जांच में सामने आया कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और बेंगलुरु समेत कई राज्यों में सक्रिय था और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी को अंजाम दे रहा था।

एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी असली फर्मों से व्हाट्सएप के जरिए जीएसटी नंबर, माल का विवरण और कीमत प्राप्त करता था। इसके बाद अपनी फर्जी फर्मों के माध्यम से इनवॉइस और ई-वे बिल बनाकर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड करता और संबंधित फर्मों को उपलब्ध करा देता था। इस प्रक्रिया में असली फर्में बिना माल खरीदे ही इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ ले लेती थीं, जिससे सरकार को भारी नुकसान होता था। फर्जी लेन-देन को असली दिखाने के लिए रकम बैंक खातों में ट्रांसफर दिखाई जाती थी। बाद में यह रकम कैश या अन्य फर्जी कंपनियों के जरिए वापस लौटा दी जाती थी। आरोपी के पास कई फर्मों के लॉगिन आईडी और पासवर्ड भी थे, जिनके जरिए वह ओटीपी लेकर लेन-देन करता था।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, आरोपी के गिरोह के खिलाफ इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। जिसमें आराध्या इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई। आरोपी ने लखनऊ के पते पर कई बोगस फर्म पंजीकृत करा रखी हैं। इसमें एसएम ट्रेडर्स, राठौड़ इंटरप्राइजेज, गौड़ ट्रेडिंग प्रमुख रूप से शामिल है।

# पेस और मिताली सम्मानित, यूपी को 'स्टेट ऑफ द इयर' अवॉर्ड

- प्रदेश में बन रहा मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम: योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के प्रतिभावान खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश की धरती पर आगमन पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। लखनऊ में 3आयोजित एक स्पोर्ट्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं और उन्हें नई दिशा देते हैं।

समारोह में मुख्यमंत्री ने टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस को 'मेंटॉर ऑफ द इयर' और पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया। हॉकी खिलाड़ी पी.आर. श्रीजेश सहित कई अन्य खिलाड़ियों को भी सम्मान मिला। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को खेल ढांचे और नीतियों के लिए 'स्टेट ऑफ द इयर' का पुरस्कार दिया गया। वहीं, 'टीम ऑफ द इयर' महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम और 'फेडरेशन ऑफ द इयर' बीसीसीआई को मिला।

इस अवसर पर पीटी उषा, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, बाइचुंग भूटिया, राजीव शुक्ला, कुलदीप यादव, हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा और हरलीन देओल समेत कई खेल हस्तियां मौजूद रहीं।



क्रिकेटर मिताली राज को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

# अभ्युदय योजना से लहराया परचम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की बेटियां अब सपनों को हकीकत में बदल रही हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उनके लिए ऐसा सशक्त मंच बनकर उभरी है, जिसके सहारे वे देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफलता हासिल कर रही हैं। वर्ष 2025 में इस योजना का लाभ लेकर प्रदेश की तीन बेटियों ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज कर "नारी तू नारायणी" की भावना को साकार किया है।



मानसी



अदिति



तनिषा

- महंगी कोचिंग के बिना मिली यूपीएससी में सफलता, तीन बेटियों ने बनाई पहचान

खास बात यह है कि इस योजना के तहत बेटियां बिना महंगी कोचिंग के भी बड़ी सफलता हासिल कर रही हैं। अब तक ढाई सौ से अधिक अभ्यर्थी, विशेषकर बेटियां, इस योजना के जरिए सफलता प्राप्त कर प्रशासनिक सेवाओं में स्थान बना चुकी हैं।

गाजियाबाद की मानसी ने सीमित संसाधनों के बावजूद सेल्फ स्टडी और योजना के मार्गदर्शन से 444वीं रैंक हासिल की। झांसी की अदिति सिंह ने 859वीं रैंक पाई और तैयारी के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को पढ़ाकर सहयोग भी किया। वहीं आगरा की तनीषा सिंह ने घर से ऑनलाइन तैयारी करते हुए 930वीं रैंक हासिल कर सफलता पाई। इसके अलावा लखनऊ की कीर्तिका सिंह पहले ही इस योजना का लाभ लेकर डिप्टी एसपी बन चुकी हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण सामग्री और विशेषज्ञों के सहयोग से अब बेटियां आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उतर रही हैं।


# चुनाव से पहले संगठन को धार देने में जुटी भाजपा

## नए चेहरों और जातीय संतुलन पर फोकस, 17 जिलों में अभी फंसा पेंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पंचायत और विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा संगठन को मजबूत करने में जुटी है और जिला इकाइयों के गठन को लेकर तेजी से मंथन चल रहा है। पार्टी नए चेहरों को अवसर देने के साथ जातीय समीकरण साधने पर विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन कई जिलों में मतभेदों के कारण अंतिम सहमति बनने में देरी हो रही है।

प्रदेश मुख्यालय पर पिछले दो दिनों में विभिन्न क्षेत्रों की जिला टीमों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। शनिवार को कानपुर और काशी क्षेत्र, जबकि रविवार को अवध क्षेत्र के जिलों पर विचार-विमर्श किया गया। अब तक पांच क्षेत्रों के 82 संगठनात्मक जिलों पर चर्चा पूरी हो चुकी है, लेकिन 17 जिलों में अभी भी पेंच फंसा हुआ है।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास पर संगठनात्मक चर्चा करते प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह।

सूत्रों के अनुसार, जिन जिलों में नए जिलाध्यक्ष बनाए जाने हैं, वहां संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच मतभेद सामने आए हैं। पश्चिम क्षेत्र में बागपत, मेरठ, मुरादाबाद और अमरोहा, जबकि ब्रज क्षेत्र में अलीगढ़, आगरा, शाहजहांपुर, हाथरस और मैनपुरी में सहमति नहीं बन सकी है। काशी क्षेत्र में जौनपुर, वाराणसी महानगर, वाराणसी जिला और चंदौली, वहीं अवध क्षेत्र में अंबेडकरनगर, रायबरेली और लखीमपुर में भी प्रक्रिया अटकी हुई है।

हालांकि कानपुर क्षेत्र के सभी 17 जिलों में सहमति बन चुकी है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि मार्च के भीतर सभी जिला इकाइयों का गठन कर लिया जाएगा, ताकि संगठन चुनावी मोड में पूरी तरह सक्रिय हो सके। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मजबूत जिला संगठन ही विधानसभा स्तर तक चुनावी जमीन तैयार करेगा और पार्टी के अभियानों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

**बदलाव** 160 एसटीपी से रोज 5000 एमएलडी नदियों का पानी हो रहा शुद्ध

# प्रदेश में नौ वर्ष में 10 गुना बढ़े एसटीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में क्षमता 1000 एमएलडी पार करने की तैयारी

**अमृत विचार:** प्रदेश में नदियों की निर्मलता को लेकर योगी सरकार ने बीते नौ वर्षों में बड़ा बदलाव दर्ज किया है। नमामि गंगे योजना के तहत जहां वर्ष 2017 से पहले मात्र पांच सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित हो पाए थे, वहीं इसके बाद 50 से अधिक नए एसटीपी स्थापित किए गए हैं। इस तरह सीवर शोधन ढांचे के विस्तार की रफ्तार लगभग दस गुना तक बढ़ी है।

वर्तमान में प्रदेशभर में करीब 160 एसटीपी संचालित हैं, जिनके जरिए प्रतिदिन लगभग 5000 मिलियन लीटर (एमएलडी) गंदे पानी का शोधन किया जा रहा है। इससे नदियों में गिरने वाले प्रदूषित पानी को रोकने में बड़ी सफलता मिली है। राजधानी लखनऊ में भी सीवेज शोधन के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। यहां नौ एसटीपी संचालित हैं, जिनकी कुल क्षमता 624.50 एमएलडी है। भरवारा, दौलतगंज, हाथी पार्क, वृंदावन और सीजी सिटी जैसे क्षेत्रों में स्थापित इन संयंत्रों के माध्यम से गोमती और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण से बचाया जा रहा है।

**नमामि गंगे की उपलब्धियां**
- *2017 से पहले केवल 5 एसटीपी
- *2017 के बाद 50 से अधिक नए प्लांट
- *कुल 160 एसटीपी पूरे प्रदेश में संचालित
- *रोजाना 5000 एमएलडी पानी का शोधन

**लखनऊ का मॉडल**
- * 9 एसटीपी संचालित, क्षमता 624.50 एमएलडी
- *3 प्लांट निर्माणाधीन, 4 प्रस्तावित
- *गोमती में जाने से पहले पानी का शोधन
- *1000 एमएलडी क्षमता पार करने की तैयारी

इसके अलावा शहर में तीन नए एसटीपी निर्माणाधीन हैं, जिनकी क्षमता 153.50 एमएलडी होगी, जबकि चार अन्य प्लांट प्रस्तावित हैं। इनके तैयार होने के बाद लखनऊ की कुल शोधन क्षमता 1000 एमएलडी से अधिक पहुंचने का अनुमान है। सरकार का फोकस केवल नए प्लांट लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पुराने संयंत्रों के उन्नयन और ट्रीटेड वाटर के पुनः उपयोग पर भी जोर दिया जा रहा है।

# नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कॉर्निया प्रत्यारोपण और आई बैंकिंग को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम
- सभी मेडिकल कॉलेज बनेंगे ट्रांसप्लांट सेंटर

**अमृत विचार :** प्रदेश में रोके जा सकने वाले अंधत्व को खत्म करने और नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इस टास्क फोर्स की अध्यक्षता संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के चिकित्सा अधीक्षक एवं सोटो यूपी के संयुक्त निदेशक प्रो. राजेश हर्षवर्धन करेंगे।

अपर मुख्य सचिव अमित घोष, आईएएस ने इसकी औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि नई टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में कॉर्नियल दान, आई बैंकिंग और कॉर्निया प्रत्यारोपण की व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

समिति में एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का गुप्ता को सह-अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर की विशेषज्ञ डॉ. शालिनी मोहन सदस्य सचिव और एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा की डॉ. शेफाली मजूमदार संयोजक नियुक्त की गई हैं।

इसके अलावा पीजीआई के नेत्र विभाग के प्रमुख प्रो. विकास कनौजिया, सीतापुर आई हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. मधु भदोरिया, नवोदय आई हॉस्पिटल, वाराणसी के निदेशक डॉ. अभिषेक चंद्रा सहित केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया संस्थान के नेत्र रोग विशेषज्ञों को भी सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि 28 फरवरी 2026 को पीजीआई में आयोजित 'नेत्रमंथन' कार्यक्रम के दौरान हुई पैनल चर्चा में इस टास्क फोर्स के गठन का निर्णय लिया गया था।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...**

**माँ स्कंदमाता: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः**

# किसकी 'कृपा' से दीप्ती बनीं प्रधानाध्यापक

## वरिष्ठता की श्रेणी में तीसरे नंबर की थीं दीप्ती, उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर में चार्ज के विवाद का मामला

अजय मिश्र, कन्नौज



कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर। अमृत विचार

- उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल फिरोजपुर का 05 साल से था प्रभार
- विभाग के मुताबिक सबसे सीनियर राधा कुमारी, उसके बाद स्नेहलता का नंबर

**अमृत विचार।** उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर में चार्ज के विवाद को लेकर शिक्षिका का निलंबन हो चुका है। उसके खिलाफ एससीएसटी समेत चार धाराओं में रिपोर्ट भी दर्ज है। सवाल यह उठता है कि विद्यालय में वरिष्ठता की श्रेणी में आखिर तीसरे नंबर की दीप्ती यादव को किसकी 'कृपा' से प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया।

कंपोजिट स्कूल फिरोजपुर में 12 मार्च को राधा कुमारी को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया है। उनके बाद वरिष्ठता क्रम में स्नेहलता यादव का नंबर है। तब कहीं जाकर दीप्ती यादव तीसरे नंबर पर हैं। यहां के तत्कालीन प्रधानाध्यापक लालमन 31 मार्च 2021 को रिटायर हो गए थे, उन्होंने इससे पहले 23 मार्च को सहायक अध्यापक दीप्ती यादव को प्रभारी प्रधानाध्यापक बना दिया। उस दिन राधा कुमारी आकस्मिक अवकाश पर थीं। 22 मार्च , 2021 को स्नेहलता ने छुट्टी ली थी। करीब 05 वर्षों से दीप्ती विद्यालय की कमान संभाले थीं। इस दौरान किसी जिम्मेदार ने ध्यान नहीं दिया। चार्ज देते समय लालमन ने पत्र में लिखा था कि उन्होंने एमडीएम व एसएमसी खाता पास बुक व चेकबुक दे दी है। संपूर्ण चार्ज दिया जाए। उधर, बताया गया है कि दीप्ती की पहली नियुक्ति 28 दिसंबर 2002 और राधा की पहली नियुक्ति 18 जनवरी 2003 है। हालांकि परिषदीय स्कूलों का शासनादेश कहता है कि स्थानांतरण लेने पर वरिष्ठता नहीं मानी जाएगी। दीप्ती को इसलिए कनिष्ठ मान लिया गया। राधा का तर्क है कि महतेपुर्वा स्कूल से दीप्ती का तबादला वर्ष 2012 के बाद फिरोजपुर कर दिया गया। इससे पहले राधा यहां तैनात थीं। प्रभारी प्रधानाध्यापक राधा का कहना है कि उन्होंने पूर्व में कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन पिछले सरकार में कुछ असरदार लोगों के दबाव में चार्ज नहीं दिया गया।

### दीप्ती का भी सुनिए पक्ष

**कन्नौज।** निलंबित हो चुकीं दीप्ती यादव का कहना है कि 17 दिसंबर 2025 को चार्ज हस्तांतरण के लिए बीईओ का पत्र उनको मिला लेकिन दिसंबर 2025 में राधा कुमारी तीन दिन ही विद्यालय आईं। तीसरी सीसीएल व सात सीएल पर वह रहीं। उसके बाद शीतकालीन अवकाश हो गया। दीप्ती ने बताया कि 15 जनवरी के बाद स्कूल खुलने पर राधा 30 दिवसीय सीसीएल पर चली गईं। फरवरी में महज 01 दिन ही आईं। इस दौरान राधा ने तीन आईजीआरएस चार्ज को लेकर डाले। ऐसी स्थिति में किस प्रकार चार्ज राधा को दिया जाता। मामले में बीएसए ने 07 मार्च 2026 को सुनवाई लगाई थी जिसमें दीप्ती पहुंचीं लेकिन राधा नहीं गईं।

# विभाग खुद उलझाए रहा कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर का मामला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कभी राधा तो कभी स्नेहलता को चार्ज के लिए लिखा गया पत्र
- दो तरीके के आदेश जारी होने से स्पष्ट नहीं हो सकी तस्वीर

**अमृत विचार।** कंपोजिट स्कूल फिरोजपुर में चार्ज का मामला विभाग खुद उलझाए रहा है। इस मामले में दीप्ती का कहना है कि चार्ज हस्तांतरण को लेकर उनको दो अलग- अलग पत्र बीईओ की ओर से भेजे गए। 25 अक्टूबर 2025 को जो पत्र मिला उसमें स्नेहलता यादव को चार्ज देने की बात कही गई। उसके बाद 17 दिसंबर 2025 को पत्र जारी कर राधा कुमारी को चार्ज हस्तांतरित करने की बात कह दी गई। इससे वह खुद भ्रम में पड़ गईं।

इस बाबत विभाग की माने तो अगर वरिष्ठ शिक्षक चार्ज लेने से मना करता है तो उसके बाद वाली वरिष्ठता को स्कूल का चार्ज दिया जाएगा लेकिन इसमें पहले वाले वरिष्ठ की लिखित सहमति जरूरी होती है। इस मामले में राधा कुमारी का कहना है कि उन्होंने किसी को भी लिखित नहीं दिया था कि दूसरे को चार्ज दिया जाए। दीप्ती से पहले भी कुछ प्रधानाध्यापक ऐसे रहे हैं जो सिर्फ नाम के थे, लेकिन स्कूल का संचालन दीप्ती यादव की ओर से ही किया गया।

राधा का कहना है कि विद्यालय की पुताई कई सालों से नहीं हुई। जब मामला में तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक फंसने लगीं तो स्कूल की पुताई कराई। करीब 4.50 लाख रुपये की गड़बड़ी का आरोप भी राधा ने लगाया है। बीईओ उमर्दा विपिन कुमार का कहना है कि सबसे वरिष्ठ राधा कुमारी हैं उसके बाद स्नेहलता व तीसरे नंबर पर दीप्ती हैं। पहले खुद राधा ने चार्ज के लिए पहल नहीं की, जब उन्होंने प्रार्थना पत्र दिया तो उस हिसाब से 12 मार्च को प्रभार दिला दिया गया। इस मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक दीप्ती यादव का निलंबन हो चुका है।

### वेतन बढ़ने के आदेश के बाद शिकायतों की भरमार

न्यायालय का आदेश है कि जिन स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं हैं और प्रभारी प्रधानाध्यापक पूरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं उनको बढ़ा वेतन व सभी सुविधाएं प्रधानाध्यापक की दी जाएं। जब से यह आदेश आया है उसके बाद चार्ज लेने व न देने की शिकायतों की भरमार आ गई है। चर्चा है कि कहीं- कहीं शिक्षक जिम्मेदारी से बचने के लिए चार्ज नहीं लेते हैं लेकिन कोर्ट का निर्णय आने के बाद से मामले ने तूल पकड़ लिया है।

**04** लाख से अधिक रुपयों की धांधली का आरोप

**12** मार्च को वरिष्ठता के आधार पर राधा को प्रभार

# दहेज की मांग कर विवाहिता से मारपीट घर से निकाला

**सौरिख, कन्नौज।** थाना सकरावा क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट व प्रताड़ना करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सकरावा क्षेत्र के सराय भागमल निवासी सोनी देवी पुत्री राकेश कुमार ने बताया कि उसकी शादी 10 मार्च 2016 को हिंदू रीति-रिवाज से दुजेश पुत्र जसवीर निवासी ग्राम लखेड़ा बड्डा, थाना कुरावली, जिला मैनपुरी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति दुजेश शराब पीकर मारपीट करता था और मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता था। इस दौरान सास-ससुर भी उसका साथ देते हुए गाली-गलौज करते थे। पीड़िता ने बताया कि 16 मार्च 2026 को करीब 3 बजे दिन में पति दुजेश, ससुर जसवीर, सास तथा अन्य परिजनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और डंडों से पीटा, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों के विवाद में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सौसरापुर निवासी बबलू पुत्र अली हसन ने बताया कि बच्चों के वाद विवाद को लेकर गांव के इश्तियाक, शाह आलम आलम, कमरुल, मुस्ताक, अरशद 18 मार्च की शाम लगभग 6.45 बजे एकराय होकर उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व उसके पुत्र पर लोहे की राड, लाठी डंडों व चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उसके घर में घुस आए और पुत्र को गिरा कर मारपीट करने लगे। जबकि घर में रखा सामान भी तोड़फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक को गंभीर हालत में सीएससी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**कन्नौज।** शव के अंतिम संस्कार से लौट रहे ग्रामीण को मानीमऊमें अज्ञात वाहन ने टक्कर मारदी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। ठठिया धथाना क्षेत्रके मबया गांव निवासी राकेश कुमार( 50) पुत्र रामचंद्र के गांव में किसी की मौत हो गई थी। वह श के साथ महादेवी गंगा तट पर अंतिम संस्कार में सामिल होने आया था। सदर कोतवाली क्षेत्र के मानीमऊ में सर्विस रोड पर ट्रैक्टर से उतर कर वह रोड किनारे खडा था उसी समय अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मारदी। इससे उनकी मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने अवनीश कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पीएम सूर्य घर योजना के अनुदान को फीडिंग जरूरी

**कन्नौज।** यूपी नेडा के प्रभारी परियोजना अधिकारी अनुपम राय ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सभी वेंडर्स को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि 31 मार्च तक फीडिंग नहीं हुई तो अनुदान नहीं मिलेगा। उपभोक्ताओं के रूफटाप की स्थापना की अपलोडिंग और फीडिंग 31 मार्च तक कर लें। अन्यथा उपभोक्ताओं को अनुदान केंद्र सरकार से जारी नहीं होगा।

# करंट लगने से महिला झुलसी

**छिबरामऊ।** सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सौरा में रविवार दोपहर हादसा हो गया। घर में रखे पुराने कूलर की सफाई के दौरान करंट लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। ृसकी हालत गंभीर है।

नगला सौरा निवासी विकास की 36 वर्षीय पत्नी पूजा रविवार को लगभग 4:00 बजे अपने घर में रखे पुराने कूलर को निकालकर उसकी साफ-सफाई कर रही थीं। सफाई पूरी करने के बाद जैसे ही उन्होंने कूलर का स्विच ऑन किया, उसमें आ रहे करंट की चपेट में आ गईं। करंट का झटका इतना जोरदार था कि पूजा वहीं गिर पड़ीं और उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सौ सैय्या अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# दो बाइकों की भिडन्त में हरदोई के युवक की मौत, कोहराम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सदर कोतवाली क्षेत्र के कछियापुर गांव के स्कूल के निकट हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। इससे हरदोई जनपद का युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

हरदोई जनपद के थाना विलग्राम के गांव दीनापुर्वा महादेवा निवासी विशेश्वर पुत्र रामलाल ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 21 मार्च को उसका पुत्र राजीव बाइक से कन्नौज आया था। शाम के समय वह अपने घर लौट रहा था।जैसे ही वह कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के गांव कछियापुर स्थिति प्राइमरी पाठशाला के निकट पहुंचा उसी समय सामने से तीन सवार तेज रफ्तार आ रही बाइक ने पुत्र की बाइक में टक्कर मारदी। इससे पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। इस के बाद दुर्घटना करने वाली बाइक लेकर सवार फरार हो गये। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर पुत्रराजीव को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने जांच के बाद पुत्र की मौत होने की पुष्टि की। पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। रविवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामले में संबंधित बाइक चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने संबंधित बाइक की तलाश तेज की है।

# कार की टक्कर से किशोरी घायल

**सौरिख।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

थाना क्षेत्र के नादेमऊ कस्बा निवासी गिरीश खटीक ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 20 मार्च की दोपहर समय लगभग एक बजे मेरी 12 वर्षीय पुत्री गुनगुन बाजार से सब्जी लेकर वापस घर आ रही थी जैसे ही नादेमऊ तिराहे के पास पहुंची उसी समय तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों व पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल किशोरी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# आवास विकास में लगा स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता छिबरामऊ



शिविर लगाकर मरीजों को देखती डॉक्टर की टीम। अमृत विचार

- कर्नल गहलोत की टीम ने किया सैकड़ों का उपचार

**अमृत विचार।** नगर की आवास विकास कॉलोनी के निकट सुभाष एकेडमी में पूर्व सैनिकों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य को समर्पित एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कांग्रेस नगर अध्यक्ष आशीष चौहान एवं हवलदार ब्रजेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

शिविर में आर्मी हॉस्पिटल से आए सी.ई.ओ. कर्नल आई.वी.एस गहलोत की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सा टीम में शामिल विशेषज्ञों ने मरीजों का गहन परीक्षण किया। शिविर में आए डॉ. हर्षवर्धन नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. नीतेश मेडिसिन विशेषज्ञ, हवलदार सुनील कुमार सिंह ई.सी.जी. संचालन, राहुल कुमार बीपी एवं शुगर की जाँच कर निःशुल्क दवाएं और स्वास्थ्य सलाह दी। शिविर के दौरान सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की निःशुल्क जाँच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। डॉक्टरों ने गंभीर मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी।

विशेष कर शुगर के मरीजों को खान-पान में परहेज बरतने और नियमित सुबह टहलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था नवीन सिंह, विनय भारद्वाज और हरीश यादव ने कुशलतापूर्वक संभाली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय पौल, विनोद कुमार दुबे (पप्पू), विनय भदौरिया, भारत सिंह प्रजापति, सभासद पति शेर सिंह पाल, शिव नारायण चौहान, वीरेन्द्र सिंह राठौर, बटेश्वर सिंह, आर.के.एस चौहान, दिनेश सिंह, भगवान सिंह चौहान और मेहराज वारसी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दुकान पर टप्पेबाजी की कोशिश

संवाददाता छिबरामऊ



घटना का सीसीटीवी फुटेज दिखाता दुकानदार। अमृत विचार

- सीसीटीवी की मदद से दुकानदार ने दो युवकों को दबोचा

**अमृत विचार।** नगर के तालग्राम तिराहा स्थित एक चश्मा की दुकान पर टप्पेबाजी करने आए दो युवकों को दुकानदार ने सूझबूझ दिखाते हुए दबोच लिया।

दुकानदार रजत त्रिपाठी त्रिपाठी चश्मा घर के अनुसार बीती 11 मार्च 2026 को लाल रंग की मोटरसाइकिल से दो युवक उनकी दुकान पर आए थे। उस दौरान आरोपियों ने 60 रुपये का सामान खरीदा और 500 का नोट दिया। खुल्ले पैसे के फेर में आरोपियों ने दुकानदार को भ्रमित कर दिया और 500 का नोट व वापस किए गए 440 रुपये लेकर रफूचक्कर हो गए। शाम को हिसाब मिलाने और सीसीटीवी फुटेज देखने पर टप्पेबाजी की जानकारी हुई। रविवार को वही दोनों युवक एक बार फिर उसी मोटरसाइकिल से दुकान पर पहुंचे और दोबारा टप्पेबाजी का प्रयास करने लगे। चेहरा और पिछली घटना याद आते ही दुकानदार ने फुटेज मिलान कर शोर मचा दिया और दुकान के कर्मचारियों की मदद से दोनों को पकड़ लिया।

पकड़े जाने पर दोनों युवक अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग नाम बताते रहे। मामले की सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को उनकी मोटरसाइकिल सहित हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गई। दुकानदार ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।



वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देता बुजुर्ग। अमृत विचार

### सम्मान, अधिकार को लेकर बुजुर्गों को किया जागरूक

**कन्नौज।** आदर्श जन कल्याण एवं शिक्षा समिति की ओर से वृद्धाश्रम में 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए गतिविधियां कराई जा रही हैं। शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित वृद्धाश्रम में 24 मार्च तक चलने वाली गतिविधियों में वरिष्ठ नागरिकों को व्यस्त रखना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर या कौशल युक्त बनाना लक्ष्य रखा गया है। समाज के विभिन्न वर्गों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं, अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश कुमार सुलह अधिकारी सदर तहसील ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# आग की भट्टी में गिरने से युवक झुलसा, रेफर

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- पारिवारिक बच्ची के जन्म दिन पर था भोज कार्यक्रम

**अमृत विचार।** आग की भट्टी में गिरने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र की नादेमऊ चौकी के गांव जगदीशपुर निवासी धीरेंद्र सिंह (35) पुत्र जदुनाथ सिंह शनिवार को परिवार की बच्ची के जन्म पर खाना पानी का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें धीरेंद्र सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर धीरेंद्र सिंह तेजी से कहीं जा रहा था इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह जलती आग की भट्टी में गिर गये। आसपास खड़े लोगों ने जब तक उन्हें निकाला तब तक वह काफी रुप झुलस चुके थे आनन फानन में परिजन उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया।

**आयोजन** | देवी पंडालों में चलाया गया जागरूकता अभियान

# नारी सुरक्षा नारी सम्मान पर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/तिर्वा



देवी पंडाल में महिलाओं को जानकारी देती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत "मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण)" के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत थानों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत जन चौपाल लगाकर शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया। उनको महिला सुरक्षा के वारे में जानकारी दी गई।

जनपद कन्नौज में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम जन चौपाल आयोजित किए गए। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा ग्राम, कस्बा, मोहल्ला, प्रमुख बाजार, चौराहों, शिक्षण संस्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर चौपाल/जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल/लिंक एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान पंपलेट वितरित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। उन्हें किसी भी आपात स्थिति में निःसंकोच हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी तरह रविवार को तिर्वा कोतवाली क्षेत्रमें मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने डम्मर पुर में चल रही देवी भागवत कथा पंडाल में आरती के उपरांत नारी सुरक्षा, डायल 112, साइबर क्राइम, 1090, 1076, 1930, 1098 जैसी अन्य कल्याण कारी तथा मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप निरीक्षक रोविन सिंह, आरक्षी बृजेश कुमार, रविन्द्र, महिला आरक्षी मनोरमा आकांक्षा सिंह, रवीना दीक्षित ने भी महिलाओं को जानकारी दी है।

# ढाई हजार राशन कार्ड निरस्त, अन्य की जांच जारी

**तिर्वा।** कार्ड धारकों की पात्रता की जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उमर्दा ब्लॉक में बड़ी संख्या में राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं।

निर्धारित 18 पैरामीटर के आधार पर अब तक करीब ढाई हजार अपात्र उपभोक्ताओं के राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। ब्लॉक क्षेत्र में लगभग सात हजार राशन कार्ड उपभोक्ता पंजीकृत हैं। इनमें से ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है, जो शासन द्वारा तय मानकों पर खरे नहीं उतरते। पूर्ति निरीक्षक अंकित अग्रवाल ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपात्र लोगों के कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही शेष मामलों में भी निर्णय लिया जाएगा। जांच जारी है।

# दो महिलाओं, एक किशोरी ने पीया जहरीला पदार्थ, गंभीर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जिला अस्पताल में तीनों को मिला उपचार , पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** अलग अलग घटनाओं में तीन ने जहरीला पदार्थ पी लिया। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल लाये जहां उपचार के बाद हालत में आया सुधार।

रविवार का दिन किसी न किसी बात से नाराज महिलाओं व किशोरी ने जहरीला पदार्थ पी लिया। इस में सदर कोतवाली क्षेत्र के मोचीपुर निवासी नन्हीं देवी (30) पत्नी श्याम ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थपी लिया हालत खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाये।यहां घंटो चले उपचार के बाद हालत में सुधार आया। इसी तरह तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव बगुलिहाई निवासी रेखा (24) पत्नी राम चंद्र ने भी किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले स्थानीय निजी चिकित्सक के पास ले गये। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इस के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार दिया गया। इसी तरह तीसरी घटना हरदोई जनपद के थाना मल्लावां के गांव मीरापुर निवासी विनोद कटियार की 17 वर्षीय पुत्र प्राची ने जहरीला पदार्थपी लिया। गंभीर हालत में इसे भी जिला अस्पताल लाया गया। यहां चले उपचार के बाद हालत में सुधार आया। जिला अस्पताल की ओर से कोतवाली पुलिस को मेंमों भेज कर तीनों जहर पीने की घटनाओं की सूचना दी गई है।

# जो परीक्षक नहीं आ रहे उनकी बन रही सूची

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के चौथे दिन शहर के सेठ वासुदेव सहाय इंटर कॉलेज में रविवार को हाईस्कूल की 22,731 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। यहां अब तक 56,913 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। 547 परीक्षकों ने उपस्थित होकर मूल्यांकन किया है। केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 14,922 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ।

अब तक इस केंद्र पर 44,875 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। यहां 372 परीक्षकों ने मूल्यांकन किया। दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर 919 परीक्षकों ने 37,653 कॉपियां जांचीं। अभी तक जो परीक्षक मूल्यांकन के लिए उपस्थित नहीं हुए हं उनकी सूचना बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 23 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### हवन के नाम पर बाबा बनकर की ठगी

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र में हवन के नाम पर 10 हजार रुपये की ठगी कर ली गयी। पुलिस ने इस संबंध में चार बाबाओं को हिरासत में लिया है। वमियारी गांव निवासी प्रेम मोहन ने राजेपुर थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने ठगी का आरोप लगाया है। प्रेम मोहन ने अपनी तहरीर में बताया कि लगभग दो माह पहले वह फर्रुखाबाद दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान जमापुर के पास उन्हें दो बाबा मिले। आरोप है कि इन बाबाओं ने झांसा देकर उनसे 10 हजार रुपये ले लिए और उनके घर हवन करने का वादा किया। पैसे लेने के बाद दोनों बाबा मौके से चले गए। युवक प्रेम मोहन काफी समय तक उन बाबाओं की तलाश करता रहा। रविवार दोपहर करीब 12 बजे उसे राजेपुर कस्बा तिराहा पर वही बाबा खड़े दिखाई दिए, जिन्हें उसने पहचान लिया। इसके बाद प्रेम मोहन ने तुरंत राजेपुर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चार बाबाओं को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि ये चारों बाबा हरदोई जनपद के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी' मुहिम के तहत जनसंवाद हुआ

**छिबरामऊ।** बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम के अंतर्गत नगर की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर छिबरामऊ महोत्सव समिति के पदाधिकारी संजीव चौहान को शासन द्वारा मनोनीत किए जाने पर एमसीएमआर ग्रुप द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। मुहिम के संचालक गौरव त्रिपाठी 'अमर' ने कहा कि संजीव चौहान के मनोनयन से जनसंवाद में पारदर्शिता आएगी और नगर विकास के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

### अदालत के आदेश से लूट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** न्यायालय के आदेश पर दुकानदार ने एक नामजद व चार अज्ञात पर नगदी लूटने का आरोप लगाया है। पीड़ित दुकानदार ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बदलेपूर्वा मरहरिया निवासी मोहित कुमार पुत्र अंग्रेज सिंह ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी रोहित ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की गुरसहायगंज के जीटी रोड पर दुकान थी। वह अपनी दुकान के सामने जितेंद्र गारमेंट के मालिक अनिल गुप्ता के पास अपनी गांठ गिरवी रख कर लेनदेन करता था। मतभेद के चलते उसने अपनी दुकान बंद कर दी और गांव में किराना की दुकान खोल ली। 06 जनवरी 2026 की शाम लगभग 5.15 बजे वह अपनी दुकान पर अकेला बैठा था। तभी नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी अनिल गुप्ता अपने चार अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर आए और दुकान में घुसकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। इसके बाद उसकी गोलक में रखे 20000 व आलू बिक्री के 1 लाख 72000 रुपए छीन लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिले में भी बनेंगे जेई व लेखपाल भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र

**कन्नौज।** जनपद में भी अवर अभियंता (सिविल) और लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा होगी। इसके लिए अपने कन्नौज में भी परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर परीक्षा संबंधी तैयारी करने को कहा है। साथ ही केंद्र बनाने के लिए 19 बिंदुओं पर सूचना मांगी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक सुभाष चंद्र के अनुसार अवर अभियंता (सिविल) की मुख्य परीक्षा तीन मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। लेखपाल भर्ती की लिखित मुख्य परीक्षा 21 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कराई जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से कर्मचारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि को पारिश्रमिक भुगतान आयोग से किया जाता है। डीएम ने परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा कार्यालय से विद्यालयों को पत्र भेजकर सूचना मांगी है।

# अभिषेक पाण्डेय बने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सक्रिय युवा नेता को सौंपी नई जिम्मेदारी, भाजपा जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया है

कार्यालय संवाददाता कन्नौज




अभिषेक का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य।

**अमृत विचार।** भाजपा के सक्रिय युवा नेता अभिषेक पाण्डेय को पार्टी ने आईटी सेल जिलाध्यक्ष से पदोन्नत करते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी की कमान सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह जिम्मेदारी सौपी है। इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया है।

उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन ने कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों की जिला टीमों की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में रविवार सुबह की है। इसमे कन्नौज जनपद की कार्यसमिति को भी घोषित की गई है। इस दौरान भाजपा कन्नौज के सक्रिय युवा नेता अभिषेक पाण्डेय को पार्टी ने आईटी सेल जिलाध्यक्ष से पदोन्नति करते हुए अब भाजपा जिला मीडिया प्रभारी की कमान सौंपी है। अब अभिषेक पाण्डेय कन्नौज जनपद के जिला मीडिया प्रभारी के रूप मे संगठन में कार्य करेंगे। अभिषेक पाण्डेय समेत पूरी जिला टीम जनप्रतिनिधियों एंव संगठन की एक राय पर यह सूची जारी की गई। इसमे प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पंकज चौधरी और कन्नौज के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव गुप्ता, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत की सहमति से जिला मीडिया प्रभारी का चयन हुआ। इस दौरान भाजपा कन्नौज कार्यालय पर अभिषेक पाण्डेय को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि अभिषेक पाण्डेय का पार्टी के प्रति समर्पण अति सराहनीय है। उन्होंने 2012 मे भाजपा के बूथ अध्यक्ष से लेकर चार बार आईटी सेल जिलाध्यक्ष रहने के बाद जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी पाई है। इस दौरान अभिषेक पाण्डेय देश के कई राज्यों के चुनावों में विस्तारक और प्रचारक रहकर भी चुनावों में विजय हासिल करा चुके है।

# नई जिला कमेटी में बदल दिए कई चेहरे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलाध्यक्ष वीर कुमार सिंह के नेतृत्व में आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री व आठ मंत्री घोषित
- पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद गुप्ता के स्थान पर संतोष चतुर्वेदी बनाए गए जिला कोषाध्यक्ष

**अमृत विचार।** भाजपा ने जिलाध्यक्ष वीर कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला कमेटी घोषित कर दी है। इस बार कई चेहरे बदल दिए गए हैं। जिला महामंत्री का एक पद भी कम कर दिया गया है। कुल आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री व आठ मंत्री घोषित किए गए हैं। अब तक जिला कोषाध्यक्ष रहे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तिर्वा विनोद गुप्ता के स्थान पर संतोष चतुर्वेदी को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर बड़ी संखम्या में लोग मौजूद रहे।

नई कमेटी में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के प्रतिनिधि विवेक पाठक को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। कसावा में कई वर्ष पहले नीरज मिश्रा की गला काटकर हत्या हुई थी उनके भाई मुनीष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र शाक्य व राम बाबू कटियार को भी इसी पद की जिम्मेदारी मिली है। अब तक जिला उपाध्यक्ष रहे विपिन द्विवेदी, सुमन पाराशर, अरवेश पाल व प्रशांत गुप्ता को टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा श्यामू राजपूत, अशोक सिंह, जीतू तिवारी व गौरव द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष बने रहेंगे। जिला महामंत्री रहे रामवीर सिंह कठेरिया व हरिबख्श सिंह को शामिल नहीं किया गया है।

इसमें हरिबख्श सिंह के बारे में कहा जा रहा है कि अधिक उम्र का मानक आड़े आ गया है। अब तक चार पद जिला महमंत्री के थे, इस बार तीन ही रह गए हैं जिसमें शैलेंद्र द्विवेदी बरकरार रहेंगे। इतेंद्र राजपूत व रामसेवक कठेरिया को नई जिम्मेदारी मिली है। जिला मंत्री कुलदीप दोहरे, राकेश संह सेंगर, सुनीता राजपूत, राजीव ठाकुर, अरुण कुमारी शाक्य, दीप शिखा पाल, संध्या शर्मा व संजीव गुप्ता बने हैं। जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी हो गए हैं। जिला सह मीडिया प्रभारी अतुल वर्मा व आशुतोष मिश्रा बने हैं। जिला आईटी संयोजक श्याम दुबे, सह संयोजक अरुण प्रताप सिंह, जिला सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु सक्सेना व जिला सोशल मीडिया सह संयोजक आलोक कांत चतुर्वेदी बने हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# दबंगों ने पेट्रोल पंप कर्मी को पीटा

**छिबरामऊ।** उधार डीजल देने से मना करने पर दो युवकों ने एक कर्मचारी को बेरहमी से पीटा।

ग्राम खानपुर कुर्मी निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र राधेश्याम दुबे, प्रेमपुर स्थित 'गोविंद फीलिंग सेंटर' (पेट्रोल पंप) पर कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। सत्येंद्र के अनुसार जब वह ड्यूटी पर था तभी ग्राम रामखेड़ा निवासी दो दबंग किस्म के युवक पंप पर आए और जबरन उधार डीजल की मांग करने लगे। पीड़ित कर्मचारी ने जब उधार देने से असमर्थता जताई और मालिक से बात करने को कहा तो उक्त युवक आगबबूला हो गए। आरोप है कि दोनों युवकों ने सत्येंद्र को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और लात-घूसों सहित लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में कर्मचारी को शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने जब शोर सुना और बीच-बचाव करने दौड़े तो हमलावर वहां से भाग निकले। भागते समय दबंगों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित सत्येंद्र कुमार ने स्थानीय थाने में मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है।

# श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा के दर्शन कर मांगी खुशहाली

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर के सौरिख रोड स्थिति सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर हजारों की संख्या में श्रृद्धालुओं ने पहुंचकर चौथे दिन मां कूष्मांडा का भव्य श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी और प्रसाद ग्रहण कर भागवत के पाठ को सुन लाभ उठाया।

रविवार को श्रद्धालुओं ने सुबह चार बजे से नगर के सौरिख रोड स्थिति सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की और मनौतियां मांगी। शास्त्रों में मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरुप को मां कूष्मांडा के रुप में जाना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि अपनी मन्द, हल्की हंसी द्वारा अण्ड अर्थात् ब्रम्हाण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रम्हाण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि आदि की स्वरुपा आदि शक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमण्डल के भीतर के लोक में है। शास्त्रों मे यह भी कहा गया है कि इनकी आठ भुजायें हैं। अतः यह अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। नवरात्र पूजन के चौथे दिन देवी के कूष्मांडा स्वरुप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहत चक्र में अवस्थित होता है।

# क्षेत्रीय लोगों को मिलेगी बेहतर शिक्षा की सुविधा:प्रधानाचार्य

संवाददाता गुरसहायगंज



दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते प्रधानाचार्य अमित यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाज को आगे बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और चिकित्सा पर अभी भी बहुत ध्यान देने की जरूरत है। संपन्न और उद्योगपतियों के लिए तो आज भी यह सुविधा सुलभ है। लेकिन गरीब और जरूरतमंदों से अभी भी मूलभूत सुविधाएं दूर है। इसे सरल बनाने के लिए समाज के लोगों को नये शिक्षण संस्थान खोल कर सस्ती व अच्छी शिक्षा देनी होगी। यह बात बीजेपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमित यादव ने कही।

रविवार को कस्बा तालग्राम में एक शिक्षण संस्थान का शुभारंभ करने पहुंचे बीजेपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमित यादव ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अतुल कुमार व डॉ. अनुपम देशवाल (डायरेक्टर, आइडियल इंस्टीट्यूट, कानपुर) ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश महासचिव रामानंद पटेल, ब्लॉक प्रमुख तालग्राम राजीव सिंह, जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश यादव एवं कुसुम चौहान (जिलाध्यक्ष, भा.कि.यू. टिकैत) उपस्थित रहीं। इस दौरान डायरेक्टर प्रेमचंद्र, दीप्ति हिमांशु भदौरिया, योगेंद्र सिंह, अंकित यादव, राम निवास यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट में पति समेत ससुरालियों पर मुकदमा

संवाददाता सौरिख

- विवाहिता को जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाला
- मामले की जांच उपनिरीक्षक देवी सहाय को सौंपी है

**अमृत विचार।** थाना सौरिख क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता दीक्षा पत्नी पीयूष चौहान, निवासी ग्राम किर्तीयपुर ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 6 फरवरी 2025 को पीयूष चौहान पुत्र भुवनेश चौहान, निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना हसैनगंज, जनपद उन्नाव के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार करीब 8 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, ससुर, सास, ननद समेत अन्य परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पीड़िता के अनुसार उससे कार और 5 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। पीड़िता ने बताया कि 25 नवंबर 2025 को आरोपियों ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी और घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके में रह रही है पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक देवी सहाय को सौंपी है और कहा है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आस्था:कई चमत्कारों को समेटे है शहर का मठिया देवी मन्दिर

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 27 वर्षों से प्रज्ज्वलित है अखण्ड ज्योति, नवरात्र में उमड़ते हैं भक्त



माता माता मंगला की मूर्ति।

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद की धरती ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध है। द्वापरकालीन नगरी में कई चमत्कार भी हुए। महादेवी वर्मा मार्ग (रेलवे रोड) पर सड़क के बीचो-बीच बना मठिया देवी मन्दिर भी किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। मठिया देवी मन्दिर में 27 वर्षों से मां की अखण्ड ज्योति जल रही है। श्रृद्धालु अखण्ड ज्योति के दर्शन कर मनौती मांगते हैं। चैत्र नवरात्र में प्रतिदिन यहां भक्तों की भीड़ जुट रही है।

महादेवी वर्मा मार्ग (रेलवे रोड) स्थित मठिया देवी मन्दिर का इतिहास बहुत पुराना है। नवरात्र पर यहां मेला सा लगा रहता है। नवरात्र पर पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए हवन का आयोजन किया जा रहा है। सायंकाल होने वाली महाआरती में भारी भीड़ जुटती है। मठिया देवी मन्दिर में 27 वर्षों से अखण्ड ज्योति जल रही है। मन्दिर के पुजारी बताते हैं कि मन्दिर के अन्दर स्थापित मां मंगला माता मूर्ति के पास ही बनी एक अलमारी में वर्ष 1999 में अखण्ड ज्योति जलायी गयी थी। तब से यह अखण्ड ज्योति दिन-रात लगातार जल रही है। अखण्ड ज्योति जलाने में सभी भक्त सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखण्ड ज्योति के दर्शन कर जो लोग मनौती मांगते हैं, उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। नवरात्र पर मन्दिर में जल रही अखण्ड ज्योति के दर्शन को भीड़ उमड़ती है।

गौरतलब है कि सड़क के बीचो-बीच होने के कारण इस मन्दिर को अंग्रेजों ने हटाने का जब प्रयास किया तो उन पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा। जिसके बाद अंग्रेज इसे छोड़कर चले गए। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि यहां हर रोज आकर माता की पूजा की जाए तो उसकी मुराद जरूर पूरी होती है। लोगों में काफी आस्था है।

# युवक को लाठी और डंडों से पीटा

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के प्रेमनगर गांव में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार सुबह पड़ोसियों ने एक युवक को लाठी-डंडों और धारदार हथियार से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

22 वर्षीय सुभाष ने शनिवार रात्रि शराब के नशे में अपने पड़ोसियों को गाली दी थी। इसी बात से नाराज पड़ोसियों ने रविवार सुबह उस पर हमला कर दिया। सुभाष जैसे ही अपने घर से बाहर निकला, पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उस पर लाठी-डंडों से वार करना शुरू कर दिया। आरोप है कि हमले में धारदार हथियार का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल सुभाष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सीय परीक्षण किया गया।

# हाथी खाना में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती

संवाददाता फर्रुखाबाद




महर्षि कश्यप की जयंती मनाते समाज के लोग। 0अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को सृष्टि रचयिता भगवान श्री महर्षि कश्यप जयंती का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ कश्यप निषाद संगठन के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष जितेंद्र बाथम के हाथी खाना स्थित आवास पर किया गया।

इस अवसर पर संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी अमरनाथ कश्यप ने महर्षि कश्यप के जन्मदिन पर विस्तृत रूप से वर्णन कर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पधारे संगठन के प्रदेश महासचिव जंगाली बाथम ने समाज को एक जुट एवं शिक्षा पर ध्यान देने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा समाज और राष्ट्र तभी मजबूत होंगे जब हम शिक्षित होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार बाथम ने कहा आज विश्व बहुत बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है जिससे मानवता को खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि विश्व संकट की इस घड़ी में भारत का प्रतिनिधित्व कर विश्व शांति की पहल करें। कार्यक्रम में मौजूद सभासद संत कुमार बाथम ने महर्षि कश्यप जी से सृष्टि एवं मानवता को बचाने के लिए समस्त पदाधिकारी सहित पुष्प वर्षा कर प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री रामकुमार कश्यप ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप बाथम, उपाध्यक्ष कुलदीप बाथम, महामंत्री रोहित बाथम उपस्थित रहे।

निर्देश

सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की बैठक सम्पन्न

# लोहिया अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद



कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में मौजूद विधायकगण, जिलाधिकारी व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने की, जबकि समिति के सदस्य के रूप में देवरिया विधायक सभाकुंवर और बलिया विधायक जयप्रकाश चंचल भी मौजूद रहे। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न सरकारी उपक्रमों और निगमों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, वित्तीय प्रबंधन, सेवा वितरण की गुणवत्ता और आमजन को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। विशेष रूप से यह देखा गया कि योजनाएं धरातल पर कितनी प्रभावी तरीके से लागू हो रही हैं और आम जनता को उनका लाभ किस स्तर तक मिल पा रहा है।

समिति ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई न बरती जाए और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक के उपरांत समिति के सदस्यों ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर वहां बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और समयसीमा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समिति ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रोजेक्ट्स में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में विभिन्न योजनाओं को लेकर गहन मंथन हुआ और सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। समिति का यह दौरा और समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रशासनिक स्तर पर इसे एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे जनपद में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# चौकी इंचार्ज समेत 11 उपनिरीक्षकों के तबादले

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 उपनिरीक्षकों के तबादले कर दिए। इस कार्रवाई में कई थानों और चौकियों के प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, कोतवाली कायमगंज के उपनिरीक्षक अंकुर भाटी को कस्बा कायमगंज चौकी का प्रभारी बनाया गया है, जबकि वहां तैनात चौकी प्रभारी को सिविल लाइन पुलिस चौकी पर स्थानांतरित किया गया है। थाना मऊदरवाजा के उपनिरीक्षक मानसिंह को कोतवाली कायमगंज तथा महेंद्र सिंह चंदेल को थाना कमालगंज भेजा गया है।

इसी क्रम में थाना कमालगंज के उपनिरीक्षक विमल कुमार को थाना कादरीगेट और कोतवाली फतेहगढ़ के उपनिरीक्षक महेश कुमार को थाना राजेपुर में तैनात किया गया है। वहीं थाना राजेपुर के उपनिरीक्षक सत्यदेव ओझा और थाना शमशाबाद के उपनिरीक्षक वीर सिंह यादव को कोतवाली फतेहगढ़ भेजा गया है।

इसके अलावा थाना अमृतपुर के उपनिरीक्षक रवि सोलंकी की भी कोतवाली फतेहगढ़ में तैनाती की गई है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक प्रताप सिंह को थाना अमृतपुर तथा उपनिरीक्षक योगेश कुमार को थाना शमशाबाद स्थानांतरित किया गया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### चौकीदार से मारपीट

**भरथना।** आलमपुर विवौली में खेत की मेड़ तोड़ने का विरोध करने पर चौकीदार को दबंगों ने मारापीटा। गांव आलमपुर विवौली निवासी बुजुर्ग जागेश्वर दयाल पुत्र जुल्ली, जो थाना भरथना में चौकीदार है ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को उसके खेत की मेड़ को पड़ोसी तथा उसका पुत्र तोड़ रहा था। जब उसने मौके पर पहुंचकर मेड़ तोड़ने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**भरथना।** थाना क्षेत्र के इटावा कन्नौज हाईवे पर बाइक पर पीछे बैठी महिला उछलकर नीचे जा गिरी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। जहां से महिला की गंभीर हालत होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना सैफई के गांव हरदोई निवासी सागर कुमार पुत्र राम विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी 50 वर्षीय मां रानी देवी के साथ बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव नौधना में अपनी बहन के घर से वापस अपने गांव जा रहा था तभी इटावा कन्नौज हाइवे पर नगला गुदे के सामीप अचानक बाइक असंतुलित हो गयी और मेरी मां बाइक से नीचे गिर गयी और गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात होने के चलते सैफई पीजीआई रेफर कर दिया गया।

### जायन्ट्स सहेली ग्रुप ने विश्व वानिकी दिवस पर गोष्ठी की

**इटावा।** हम अपने वनों को कैसे बचाएं जिससे हमारी जलवायु हमारे जीवन के अनुरूप रहे। इस विषय पर जागरूक करने के लिए जायंट्स ग्रुप आफ इटावा सहेली की सदस्यों द्वारा अलका अग्रवाल के आवास पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिस पर वनों के महत्व पर विचार किया गया। कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व वानिकी दिवस घोषित किया गया। इस दिवस को घोषित करने का उद्देश्य वनों के महत्व और जीव विविधता के संरक्षण के बारे में शिक्षित करना यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि वन हमें ऑक्सीजन भोजन पानी और आवास प्रदान करते हैं और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक आवश्यक ढाल बनते हैं। और उसे कैसे बचाया जाए उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें और जागरूक किया। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित अध्यक्ष विमल शर्मा, रीना राठौर, प्रतिभा सिंह एवं मीनाक्षी सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

# चाय विक्रेता की मौत के 3 दिन बाद जागा विभाग

संवाददाता, भरथना

- स्मार्ट मीटर की जांच के लिए चलाया अभियान

**अमृत विचार।** क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शनों का सत्यापन करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई।

विद्युत उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार साहू ने बताया कि अभियान के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की जांच की। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया पाए गए, उन्हें शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि बिल जमा न करने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें, ताकि कनेक्शन कटने जैसी स्थिति से बचा जा सके। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गौरतलब है कि बीते 18 मार्च को कस्बा के मोहल्ला महावीरनगर निवासी चाय विक्रेता शिवपाल सिंह के स्मार्ट मीटर से मात्र तीन माह में करीब 1.67 लाख रुपये का बिल आने पर उनकी सदमे से मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बिजली कार्यालय पर शव रखकर मुआवजे और कार्रवाई की मांग की थी। बाद में विभाग ने बिल संशोधित कर 9100 रुपये कर दिया था। तीन दिन के बाद ही विभाग ने कस्बे के विभिन्न इलाकों में सघन जांच अभियान चलाकर उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच शुरू कर दी है।

# झारखंड के राज्यपाल ने कालिका माता के दर्शन कर की पूजा

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

**अमृत विचार।** राज्यपाल झारखण्ड संतोष कुमार गंगवार रविवार को नगर लखना की ऐतिहासिक कालिका मंदिर पर चैत्र नवरात्र के चलते दर्शन करने पहुंचे। राज्यपाल ने सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर पर दर्शन कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उसके बाद लखना राज रविशंकर शुक्ला के छोटे हाता में स्थित महालक्ष्मी महल में हेरिटेज गार्डन के शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचकर वहां पर उन्होंने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित करके हेरिटेज गार्डन का शुभारंभ किया।

इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। साथ ही वहां पर राज्यपाल द्वारा भोजन ग्रहण किया। उक्त अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, जनप्रतिनिधिगण जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव आदि रहे।



कालिका मंदिर में पूजा करते झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार। अमृत विचार

- पूजा-अर्चना के बाद हेरिटेज गार्डन का किया शुभारम्भ



भजनों की प्रस्तुति देतीं श्यामल सेवा समिति की महिलाएं। अमृत विचार

### भजनों की सरिता में डूबे भक्त, देररात तक चला कार्यक्रम

**इटावा।** नवरात्रि के अवसर पर समूचा वातावरण देवी की शक्ति और भक्ति में डूबा हुआ है। इसी कड़ी में श्यामल सेवा समिति द्वारा भक्ति और श्रद्धा का एक अनुपम संगम देखने को मिला। चौगुर्जी स्थित श्यामल सेवा समिति की अध्यक्ष श्यामला पांडे के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ही भक्तिमय भजनों की ऐसी अविरल धारा बही कि वहां मौजूद हर भक्त भाव- विभोर हो उठा। भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे परिवेश को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जहां संगीत और आस्था का अद्भुत मेल देखने को मिला। आध्यात्मिक आयोजन में श्रद्धा का सैलाब उस वक्त और बढ़ गया जब कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्य में प्रियम्वदा तिवारी, माला दुबे, स्नेहलता पांडे, मिथलेश और साधना त्रिपाठी जैसी समर्पित महिला सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही सरिता दुबे, राधा चौधरी, प्रीति शर्मा और प्रेमलता सहित अनेक श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पुण्य लाभ कमाया। भक्ति भाव से सराबोर यह आयोजन समाज में एकता और धार्मिक चेतना का संदेश देते हुए संपन्न हुआ।

## हादसे में हेल्पर भी हुआ गंभीर घायल, विचारपुरा गांव के सामने आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

# डीसीएम का टायर बदल रहे चालक को ट्रक ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विचारपुरा गांव के सामने आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर रविवार तड़के डीसीएम का पंचर टायर बदल रहे चालक को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। डीसीएम चालक काफी देर तक डीसीएम में फंसा रहा, पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं ट्रक चालक हादसे के बाद भागने में सफल रहा। डीसीएम चालक दिल्ली से कानपुर जा रहा था।

रविवार सुबह करीब चार बजे सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत विचारपुरा गांव के पास आलोक कुमार (30) निवासी सेहुआ थाना पचदेवरा, हरदोई, सड़क किनारे खड़े होकर टायर बदल रहा था। इसी दौरान पीछे से अनियंत्रित ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घायल चालक काफी देर तक हाईवे पर पड़ा रहा और समय पर मदद न मिलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि हेल्पर संजय बाथम (30) निवासी सराय गोविंद, थाना देहलूपुर, प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के साथी मनोज कुमार निवासी यदुवंश नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा ने बताया कि आलोक दिल्ली से कोलकाता की ओर डीसीएम लेकर जा रहा था, जिसका वह स्वयं मालिक था। रात करीब 3 बजे आलोक का फोन आया था कि विचारपुरा गांव के पास डीपीएस के सामने गाड़ी पंचर हो गई है और उसने मदद के लिए बुलाया था। मनोज के अनुसार, रात अधिक होने के कारण उन्होंने उसे सुबह तक वाहन में ही रुकने की सलाह दी, लेकिन जब तक वह मौके पर पहुंचते, आलोक टायर बदलते समय हादसे का शिकार हो चुका था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल संजय भर्ती कराया।



आलोक कुमार।

### ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को रौंदा, गई जान

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत सराय जलाल हाईवे पुल के पास सड़क पार कर रहे एक अधेड़ व्यक्ति की तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कैलाश 40 वर्ष पुत्र केशव दयाल निवासी लुहन्ना चौराहा थाना सिविल लाइन बकेवर से इटावा की ओर आ रहा था और वह किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए वैशाली घाट स्थित अपने साढ़ू राकेश बाथम के घर जा रहा था जैसे ही वह सराय जलाल हाईवे पुल के पास पहुंचा और सड़क पार करने की कोशिश की तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे में तीन बाइक सवार घायल

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के भरथना-बकेवर मार्ग स्थित लुधियानी माइनर के पास रविवार को एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार औरैया जनपद के बाबरपुर कस्बे के इस्लाम नगर निवासी राज खान अपने पिता और मां के साथ पथरी की दवा लेने भरथना जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक लुधियानी माइनर के पास पहुंची, आगे चल रहे कार चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रहे बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बाइक कार में पीछे से जा घुसी। हादसे में राज खान, उनके पिता तार बाबू और मां समरून खान को मामूली चोटें आईं।

### हादसों में तीन लोग घायल

**भरथना।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना भरथना-बकेवर मार्ग पर कुंवरा गांव के पास हुई। जहां वैन और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव भरईपुर निवासी 27 वर्षीय प्रमोद कुमार पुत्र दशरथ लाल बाइक से भरथना कस्बे में शटरिंग का काम करने आ रहा था। जैसे ही वह कुंवरा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक वैन अचानक गांव की ओर मुड़ गई, जिससे दोनों वाहनों में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार प्रमोद कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद की। घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। दूसरी घटना ऊसराहार मार्ग की है। यहां चंद्रपुरा गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भेजा गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद कन्नौज के सौरिख निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद वारिश पुत्र यूनिस खान, जो पेशे से साउंड ऑपरेटर है, अपनी बाइक से चकरनगर क्षेत्र के हनुमंतपुर गांव में आयोजित भागवत कार्यक्रम में साउंड बजाने जा रहा था। इसी दौरान चंद्रपुरा गांव के पास आगे चल रहे अमथरी निवासी उमेश सिंह पुत्र लाखन सिंह की बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उमेश सिंह की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जितेंद्र गौड, हरनाथ सिंह सत्येंद्र बनाए गए महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा के एक साल बाद जिला कमेटी का गठन हुआ।

एक साल पहले अन्नू गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाया गया था। नई कमेटी में तीन महामंत्री बनाए गए हैं। जितेंद्र गौड, हरनाथ सिंह कुशवाह व सतेन्द्र राजपूत को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही विरला शाक्य, अनूप जाटव, संजीव भदौरिया, अशोक चौबे, यशवर्धन चौधरी, बासु चौधरी, कृपा नारायण तिवारी, अमित तिवारी मानु को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता वाली जिला कमेटी में आयुष राज कोरी, मधु तोमर, प्रीति दुबे, सुरेश राजपूत, जितेंद्र पाल, संजू बाबू शाक्य, अभिषेक मिश्रा और राजकमल यादव को जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजकुमार वर्मा जिला कोषाध्यक्ष और समीर सक्सेना जिला सह कोषाध्यक्ष होंगे। रोहित शाक्य को जिला मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि अभिषेक प्रताप जिला मीडिया सह प्रमुख होंगे और अंकित सैनी को जिला मीडिया सह प्रमुख होंगे। विमलेश शाक्य को जिला सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है और संदीप भदौरिया सोनू को जिला सोशल मीडिया सह प्रमुख बनाया गया है। शरद तिवारी को जिला आईटी प्रमुख और दीपेंद्र चौहान को जिला आईटी सह प्रमुख बनाया गया।

### राजकमल यादव फिर से बने भाजपा जिला मंत्री

**जसवंतनगर।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी में जसवंतनगर से मात्र एक भाजपा के कद्दावर नेता राजकमल यादव पर दोबारा भरोसा जताते हुए प्रदेश व जिला नेतृत्व ने पार्टी के प्रति उनकी कार्यशैली और वफादारी को देखते हुए जिला मंत्री पद पर मनोनीत कर यहां से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद 28 सदस्यीय नई कार्यकारिणी की घोषणा की। भाजपा नेता राजकमल यादव पुन: जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री बनाए जाने की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। समर्थक और पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजकमल यादव के नेतृत्व में पार्टी के संगठनात्मक कार्यों के समाधान में मजबूती के साथ उम्मीद जताई है।



राज कमल यादव।

# सामूहिक विवाह में पहुंचे शिवपाल सिंह, वर-वधुओं को दिया आशीष

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** मिडिल स्कूल के मंचीय रामलीला परिसर में एक संस्था द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे क्षेत्रीय विधायक सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने विवाह बंधन में बंधे 16 वर वधुओं को आशीर्वाद दिया।

मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन न केवल पुण्य कार्य हैं, बल्कि समाज में एकता और समरसता का संदेश भी देते हैं। इसमें जाति-पाति का कोई भेदभाव नहीं होता, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने समिति को 21 हजार रुपये की नकद भेंट भी प्रदान की।



नव दंपतियों को आशीर्वाद देते शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

# भागवत कथा में भक्ति से भवसागर पार करने का संदेश

संवाददाता, बकेवर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बसैयाहार गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास पंडित सियाशरण शास्त्री जी ने सृष्टि वर्णन एवं आत्माराम की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने भक्ति की ज्ञान गंगा में डुबकी लगाई। महाराज सिया शरण जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सच्ची भक्ति के बल पर भक्त भवसागर से आसानी से पार हो जाते हैं तथा जीवन में सुख, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान भजनों से वातावरण गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद का रसास्वादन किया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की तथा यज्ञ भगवान का आशीर्वाद ग्रहण किया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत संचार हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष महंत वासुदेव महाराज खेड़ापति हनुमानजी महाराज बांदा से मुख्य यजमान ने आशीर्वाद लिया और कथा व्यास का फूलमाला पहनाकर स्वागत-सत्कार किया। कथा के यजमान राम गोविंद तिवारी व पत्नी कुसुमलता तिवारी, परिक्षीत स्वाती तिवारी पत्नी अजीत तिवारी,सुरेंद्र तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, गिरजेश मिश्रा, भानु प्रकाश तिवारी, डॉ. सौरभ तिवारी, अंकित तिवारी, प्रद्युम्न अभय तिवारी , प्रवीण तिवारी,व विनीत तिवारी परिवार सहित क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा श्रवण करते भक्तगण। अमृत विचार

**कवि सम्मेलन** | कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लूटी वाहवाही

# इसलिए कर रहे सांप मनमानियां, पिटारी है पर सपेरा नहीं...

संवाददाता, भरथना

**अमृत विचार।** जय वाटिका में सद्भावना साहित्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवयित्री डॉ. मंजू मृदुल ने सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में देशभर से आए कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

राजस्थान ब्रजनगर से आए कवि हरीश चन्द्र 'हरि' ने फूली-फूली डोले, सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर किया। आगरा के कवि संजय कुमार एडवोकेट ने बेटियां उगता सूरज हैं, जैसी मार्मिक रचना प्रस्तुत की। कानपुर के डॉ. एसके श्याम ने होना था उद्घाटन सड़क का, के माध्यम से व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य किया। दिबियापुर के सुरेश चंद्र दुबे ने तुम सुंदर सोन चिरैया, सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। झांसी के व्यंग्यकार हरनाथ सिंह चौहान ने नारी शक्ति पर जोरदार प्रस्तुति दी। बकेवर की कवयित्री डॉ. मंजू मृदुल ने चाहती हूं सम्मान, सुनाकर दर्शकों को प्रभावित किया। वहीं महेश मंगल ने इसलिए कर रहे सांप मनमानियां, पिटारी है पर सपेरा नहीं सुनाई। कार्यक्रम का संचालन मैनपुरी से आये उपेन्द्र कुमार भोला ने किया। हरियाणा फरीदाबाद से आए धर्मेश अविचल ने उत्साहपूर्ण कविता प्रस्तुत की, जबकि कानपुर के कुमार सूरज ने प्यार करना तो ये सोचकर, सुनाकर माहौल को भावुक बना दिया। इसके अलावा महेश मंगल, डॉ. धर्मेश (बाराबंकी) और बद्री प्रसाद द्विवेदी (हमीरपुर) ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू, विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन मनोज कुमार पोरवाल, कृष्ण मुरारी गुप्ता की उपस्थिति में कवि मंगल सिंह की पुस्तकों पथरीले पथ एवं मंगल सप्तसती का विमोचन किया गया। इस दौरान साहित्य परिषद के संस्थापक अरविन्द पोरवाल (सर्राफ), संरक्षक रामशंकर वर्मा (सर्राफ), रामपाल सिंह राठौर (एड.), रघुराज सिंह कुशवाह, अध्यक्ष रामनरेश पोरवाल, सचिव अनिल कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विनय कुमार पोरवाल सहित सदस्यगण वीरेन्द्र सिंह चौहान, विपिन बिहारी दुबे (सर्राफ), उमाशंकर तिवारी, श्रीकृष्ण पोरवाल, शिवकुमार सक्सेना, महेन्द्र सिंह चौहान, रामप्रकाश पाल (पूर्व लेखपाल), कृष्णपाल सिंह राठौर (आईटीआई), दीप सिंह शाक्य, संतोष वर्मा (सर्राफ), पंकज नारायण पोरवाल, रामलखन शाक्य, आशीष वर्मा (लखना) आदि उपस्थित रहे।



कवि सम्मेलन के दौरान पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि व कवि। अमृत विचार

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के बच्चों को दिया स्काउट प्रशिक्षण

**इटावा।** राजकीय आश्रम पद्धति कांधनी में बच्चों को बालचर स्काउटिंग के अंतर्गत स्काउट गाइड गतिविधियां प्रारंभ की गई। प्रधानाचार्य डॉ. निर्मल चन्द्र बाजपेई के निर्देशन में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कांधनी इटावा में छात्रों को स्काउट का प्रथम एवं द्वितीय सोपान जांच शिविर जो कि 20 से 22 मार्च तक हुआ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत – पाठा, विकास खण्ड चरखारी (महोबा)**

पत्रांक, मेमो पंचम / पन्द्रहवां वित्त / निविदा/2025–26 दिनांक–23/03/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम/पंद्रहवां वित्त आयोग 2025–26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाठा स्वीकृति कार्य योजना वर्ष 2025–26 निम्नलिखित कार्य हेतु सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है. दिनाक–24/03/2026 से 30/03/2026 को समय 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन मे निविदा पेटी मे डाली जाएगी. उसी दिन 4:00 बजे समति के समक्ष खोले जायेगे ।

| क्र0 | कार्य एवं कार्य स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति कियें जाने की कुल समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाठा में कोरियों के कूप से जसवन्त के बाड़े तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | सीमेंट, फाइन सैंड, कोर्स सैंड, 40 एम0एम0जी0 एस0वी0, 20 एम0एम0. जी0एस0वी0, रेड मोरम, एम0 150 ब्रिक इत्यादि । | 4.96 | 8400.00 | 30 दिन |

नियम/शर्तेः– 1– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार का आयकर एवं व्यापार कर विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिये जिसकी प्रति निविदा के साथ संलग्न की जायेगी। 2– आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि एनएससी / केपीवी/डाकघर पासबुक/टीडीआर ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। 3– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को कार्यस्थल पर सामग्री की पहुंचता दरें निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी। 4– आपूर्तिकर्ता /ठेकेदार को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। 5– निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
पाठा (चरखारी)

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को बहला कर ले गया युवक

**अयाना।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि शनिवार शाम चार बजे उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। तभी पाकर का पुरवा निवासी सोनू उसके घर आया और बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चल रहा है। थानाध्यक्ष जय प्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही किशोरी को बरामद किया जाएगा।

### महिला ने चेन और टॉप्स छीनने का लगाया आरोप

**बिधूना, औरैया।** कस्बे के किशनी रोड स्थित नई कालोनी में रहने वाली एक महिला ने डायल 112 पर पुलिस को जंजीर व कान के टॉप्स छीने जाने की सूचना दी।। किशनी रोड पावर हाउस के सामने निवास करने वाली ममता पत्नी सुनील कुमार ने 112 डायल कर अपने साथ लूट की सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेकर लुटेरों को खोजने का प्रयास किया। जानकारी मिलने पर सीओ पुनीत मिश्रा भी मौके पर पुहंच गये। और महिला से घटना की जानकारी ली महिला ने आरोप लगाया कि वह कुदरकोट क्षेत्र के ग्राम गपकापुर से फसल देखने गई थी घर वापस आते समये बिधूना ऐरवाकटरा मार्ग पर पावर हाउस के सामने गली में दो बाइक सवार लुटेरों ने उसके गले में पडी सोने की जंजीर व एक कान का टॉप्स छीन लिया और उसके पुत्र आलोक के साथ मारपीट की और बाइक से फरार हो गये।

### दुकान में चोरी

**फर्रुखाबाद।** सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए चोरों ने पुलिस चौकी के ठीक सामने स्थित एक दुकान को निशाना बना डाला। रोडवेज चौकी के सामने स्थित अजब गजब नमकीन भंडार में अज्ञात चोरों ने तीसरी मंजिल से घुसकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक मोहम्मद एबास, निवासी ग्राटगंज ने बताया कि ईद के चलते शनिवार को दुकान बंद थी। वह शुक्रवार रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह दुकान खोलने पर अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए।

# मन्नत पूरी होने पर मंदिर में चढ़ाये झंडे

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि की चतुर्थी पर कस्बा बिधूना स्थित दुर्गा माता मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। दिनभर चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचे और मन्नत पूरी होने के बाद झंडे चढ़ाए। इस दौरान डीजे पर बज रहे माता के भजनों पर श्रद्धालु थिरकते रहे।

मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मंदिर को क्षेत्र के मंदिरों में बहुत ही सिद्ध माना जाता है। कस्बा में दुर्गा माता का यह मंदिर सबसे प्राचीन मंदिर है।

मान्यता है कि माता के चरणों में लगाई गई हर अर्जी पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर ग्रामीण अपनी श्रद्धा अनुसार झंडा चढ़ाते हैं, प्रसाद वितरण करते हैं और भंडारे जैसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं। हर वर्ष पूरे क्षेत्र और दूर दराज के भक्त यहां माता के के दर्शन को आते हैं और अपनी मन्नते मांगते हैं।


मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

- भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद वितरित किया गया

इसी कड़ी में रविवार को दर्जनों भक्तों ने अपने परिवार, रिश्तेदार और सहयोगियों के साथ मिलकर अपनी मन्नत पूरी होने पर मंदिर में झंडा चढ़ाया। इस दौरान डीजे की धुन पर माता के भजनों पर श्रद्धालु थिरकते रहे।

झंडा चढ़ाने के बाद भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सभासद सतेंद्र यादव टिंकू, मोनू भदौरिया, गौरव भदौरिया, विकल सेंगर और छुन्ना तोमर सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खाली प्लाट में लगी आग, हड़कंप

संवाददाता, बेला (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर में रविवार दोपहर एक खाली पड़े प्लाट में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

जानकारी के अनुसार गांव पृथ्वीपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र गोकुल ने करीब दो बजे थाना पुलिस को सूचना दी कि गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित उसके खाली प्लाट में अज्ञात कारणों से घासफूस में आग लग गई है। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग दहशत में आ गए।

सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग बुझा दी, जिससे बड़ा हादसा बच गया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि खाली प्लाट में घासफूस में आग लगी थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया। घटना में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है।



मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

# कार ने दो युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

## दोनों युवकों को टक्कर मारने के बाद कार मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव तुलसीपुर में देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अनियंत्रित काली कार ने पहले दो लोगों को टक्कर मारी और फिर एक मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई।


हाकिम।

घटना तुलसीपुर गांव की मुख्य सड़क पर हुई। 52 वर्षीय हाकिम पुत्र सेवाराम और 20 वर्षीय विजय पुत्र लाल सिंह सड़क किनारे खड़े थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित काले रंग की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार की गति और तेज हो गई और वह सड़क किनारे स्थित प्रताप नामक व्यक्ति के घर की करीब 10 फीट ऊंची दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस पहुंचने में देरी होने के कारण, ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को एक निजी कार से सैफई के लिए रवाना कर दिया। घटनास्थल पर थाना की 112 पीआरवी पहले पहुंची, जिसके बाद एंबुलेंस और स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायलों को सैफई आयुर्वेदिक संस्थान सैफई में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। देर रात करीब 3 बजे गंभीर रूप से घायल हाकिम पुत्र सेवाराम (52) ने दम तोड़ दिया। विजय पुत्र लाल सिंह (20) का उपचार जारी है।

मृतक हाकिम सिंह तुलसीपुर के निवासी थे और दिल्ली में एमटीएनएल टेलीफोन विभाग में कार्यरत थे। वह 14 मार्च को अपने छोटे भाई शिवपाल की बेटी की शादी में शामिल होने दिल्ली से गांव आए थे। हाकिम सिंह अपने पीछे पत्नी प्रेमलता, तीन बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी प्रेमलता का भी रो-रो कर बुरा हाल है।


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार


अस्पताल में भर्ती बालक। अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से 10 वर्षीय बालक घायल

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के गांव मुहम्मदाबाद निवासी देव शुक्ला (10) पुत्र रामजी शुक्ला रविवार सुबह करीब 10 बजे अपने दादा देवीप्रसाद के लिए खेत पर खाना देने जा रहा था। जैसे ही वह सड़क पार कर रहा था, अछल्दा की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। बाइक सवार अंकित पुत्र बृजेश कुमार निवासी ग्राम मिश्रीपुर की बाइक अनियंत्रित होकर बालक से जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल बालक को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ललित मोहन ने प्राथमिक उपचार किया। जांच में बालक के बाएं पैर में फ्रैक्चर पाया गया, जिसके चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रों ने प्रैक्टिकल के जरिए समझा विज्ञान

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक के–12 स्कूल, औरैया में छात्रों को विज्ञान विषय को रोचक एवं सरल बनाने के उद्देश्य से प्रैक्टिकल लर्निंग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने स्टोमेटा (पत्तियों पर स्थित सूक्ष्म छिद्र) की टेम्परेरी स्लाइड स्वयं तैयार कर माइक्रोस्कोप के माध्यम से उसका अवलोकन किया।

इस प्रयोगात्मक गतिविधि के माध्यम से छात्रों ने विज्ञान के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप में समझा तथा स्वयं प्रयोग कर सीखने का अनुभव प्राप्त किया। माइक्रोस्कोप के नीचे स्टोमाटा की संरचना को देखकर छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और विषय के प्रति गहरी समझ विकसित करती हैं तथा उन्हें वास्तविक अनुभव से जोड़ती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजनी कुमार सिंह ने कहा, "प्रैक्टिकल आधारित शिक्षा से विद्यार्थियों की समझ अधिक स्पष्ट और स्थायी होती है। उप-प्रधानाचार्य आदित्य चौधरी ने कहा, "ऐसी गतिविधियां छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज की भावना को बढ़ावा देती हैं।"

- स्टोमेटा स्लाइड बनाकर किया अवलोकन

विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के नवाचार किए जाते हैं, जिससे शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं रुचिकर बनाया जा सके। विद्यालय का मानना है कि "जहां पढ़ाई अनुभव बनती है, वहीं सच्ची शिक्षा का विकास होता है।


प्रैक्टिकल लर्निंग के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

# राजा परीक्षित के जन्म व सुखदेव के आगमन की कथा सुनाई

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के बाबरपुर रोड़ फफूंद में दुर्गा देवी मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य अर्पण द्विवेदी जी महाराज परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा विस्तार से सुनाई।

उन्होंने बताया युद्ध में गुरु द्रोणाचार्य के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। ब्रह्मास्त्र से लगने से अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित जब बड़े हुए नाती पोतों से भरा पूरा परिवार था। सुख वैभव से समृद्ध राज्य था। वह जब 60 वर्ष के थे। एक दिन वह क्रमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन तप में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डाल कर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी मेरे पिता के गले में मृत सर्प डाला है। उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सांप के डसने से हो जाएगी। ऐसा ज्ञात होने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया और उनसे राय मांगी। उस समय विद्वानों ने उन्हें सुखदेव का नाम सुझाया और इस प्रकार सुखदेव का आगमन हुआ। रीना यादव व उनके पति ब्रजेश उर्फ बब्लू यादव ने बताया कथा दोपहर एक बजे से प्रभु की इच्छा तक सुनाई जाती है।


कथा सुनाते आचार्य।

# कुदरकोट में 7 का किया चालान

**कुदरकोट, औरैया।** थाना क्षेत्र के कठगोर गांव में शराब पीकर झगड़ा करने और शांति भंग करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कठगोर गांव में दो पक्षों के बीच शराब पीकर गाली-गलौज और मारपीट हो रही है। पहले पक्ष में गौरव कुमार (24), रतनेश कुमार (30), जयवीर (45), अजीत (32), मुकेश (40) और सौरभ कुमार (22) शामिल थे, जबकि दूसरे पक्ष में करन यादव (22) था। ये सभी कठगोर गांव के निवासी हैं। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राममगन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे और अधिक उत्तेजित हो गए और एक-दूसरे को मारने-पीटने पर आमादा हो गए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के सभी सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव टिकनापुर में बुधवार सुबह करीब नौ बजे दो पक्षों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पहले पक्ष की ओर से राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री की शादी वर्ष 2021 में टिकनापुर निवासी रितेश तिवारी से हुई थी। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया जा रहा था। 18 मार्च को जब वह परिवार के साथ ससुराल पहुंचा तभी आरोपियों ने लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अनामिका ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि राजेश पांडे व अन्य लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिसमें उसे व परिजनों को चोटें आईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पानी की बर्बादी रोकने के लिए ली गई जल संरक्षण की शपथ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा मोहल्ला बनारसी दास स्थित काली माता मंदिर प्रांगण में रविवार को विश्व जल संरक्षण दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने की, गोष्ठी को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि जल के महत्व व उसके संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाकर संदेश के साथ लोगों को जागरूक करना ही विश्व जल संरक्षण दिवस का अभिप्राय है, समूचे विश्व में पर्यावरण संतुलन का प्रभाव दिखाई पड़ रहा है, जिससे लोग आश्चर्यचकित हैं, उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर केवल 3% पीने योग्य मीठा पानी उपलब्ध हैं, ।जबकि 97% महासागरों में खारा पानी हैं, जिसका बहुतायत हिस्सा ग्लेशियर व झीलों में जमा हुआ हैं। पानी बनाया नहीं जा सकता बल्कि बचाया जा सकता है। मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता जल के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल-कॉलेजों में भी बच्चों को आवश्यक जानकारी हेतु जल संरक्षण का पाठ्यक्रम भी अनिवार्य होना चाहिए। पूर्व सभासद पंकज मिश्रा ने कहा कि जल हैं, तो कल हैं। दैनिक दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके जल संरक्षण किया जा सकता हैं, आयोजन के समापन पर मौजूद लोगों ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने व स्वयं जल संरक्षण की शपथ ली। गोष्ठी में प्रमुख रूप से शिक्षक विवेक चिकित्सक एल.एन. गुप्ता, हरगोविंद तिवारी आदि रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- विश्व जल संरक्षण दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



## न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर महिला से मारपीट व छेड़छाड़

**राठ।** एक महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी है। महिला ने यह भी बताया आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ घर के बाहर टहल रही थी। तभी पड़ोसी एक किशोर ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो किशोर ने अपने एक रिश्तेदार और अपनी मां को बुला लिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान किशोर ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ छेड़छाड़ की। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया घटना की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक ने कार में टक्कर मारी, शिक्षिका बचीं

**सुमेरपुर।** कस्बे के बस स्टाप में तेज रफ्तार ट्रक ने कार सवार शिक्षिका को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में शिक्षिका बाल-बाल बच गई लेकिन कार बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। कस्बे की निवासी रंजना रघुवंशी पारा रैपुरा के कम्पोजिट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक है। यह किसी कार्य से कार लेकर बस स्टॉप की ओर गई थी। रविवार की शाम करीब 5 बजे बस स्टॉप के समीप कार में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में शिक्षिका बाल बाल बच गई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय दुकानदारों ने घटना करके भाग रहे ट्रक चालक को ट्रक के साथ दबोच लिया है घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी में खड़ा कराया है।

### जन आरोग्य मेला में पहुंचे 46 मरीज

**पौथिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में 46 मरीज इलाज कराने आए। अस्पताल में चिकित्सक की पोस्टिंग न होने पर मरीजों ने नाराजगी जताई। गांव के राधेश्याम ने बताया यहां लम्बे समय से डॉक्टर नहीं है। गांव निवासी विधायक से डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए कहेंगे। वहीं आरोग्य मेले में खांसी जुकाम बुखार व कुछ उल्टी दस्त के मरीज पहुंचे। वहीं गर्भवती महिलाएं भी आईं। इस मौके पर आयुर्वेदिक डॉ.मीना सचान, फार्मासिस्ट प्रदीप सचान, सीएचओ आस्था सचान, स्टाप नर्स अन्नपूर्णा सचान, एएनम कल्पना सिंह मौजूद रहे। फार्मासिस्ट प्रदीप सचान ने बताया अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के नहीं होने पर बड़ी परेशानी होती है। गर्मी के मौसम में उल्टी दस्त के मरीजों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

### पति सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसता निवासी हेमलता पुत्री लक्ष्मी प्रसाद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह लगभग तीन साल पहले कुरारा निवासी घनश्याम पुत्र राजेंद्र यादव के साथ हुई थी जिसमें उसके पिता ने लाखों रुपये नकदी और जेवरात सहित घर गृहस्थी का सामान देकर विदा किया था लेकिन ससुराली जन उनके द्वारा दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और फोर व्हीलर गाड़ी के साथ पांच लाख रुपये की मांग कर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने घनश्याम, राजेंद्र, कमला, राधेश्याम और विनीता के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी, ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी अतीक अहमद पुत्र लाल दीवान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 14 अप्रैल 2018 को छानी गांव के अली हसन की पुत्री रुखसाना के साथ हुई थी। पत्नी शुरू से ही परेशान करती चली आ रही है। शनिवार को वह फोन पर अपनी बहन से बात कर रहा था। पत्नी फोन से बातचीत करते हुए देखकर पति के साथ अभद्रता करने लगी। फोन से अपने पिता दो भाई को बुला लिया। उसके पिता व भाइयों ने उसके घर आकर उसके साथ अभद्रता कर मारपीट की। घर में खड़ी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। एसआई जगत नारायण ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आज की नारी अब अबला नहीं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवायोजना के विशेष शिविर में पांचवें दिन महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मनीष कुमार एवं इकाई द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शिल्पी राय ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में सदर कोतवाली से मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रूबी यादव ने कहा कि आज की नारी अबला नहीं, बल्कि समाज की सशक्त धुरी है। जरूरत है कि वह अपने अधिकारों को पहचानें और अन्याय के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाएं। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं, कानूनी अधिकारों तथा आत्मनिर्भर बनने के उपायों की जानकारी दी। कांस्टेबल प्रतिमा सिंह ने कहा कि सशक्त महिला ही सशक्त समाज का आधार है। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व, सतर्कता, साइबर सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के बारे में जागरूक किया। गोष्ठी में डॉ.आलोक कुमार, प्राचार्य डॉ.घनश्याम दास व डॉ.अमित गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से 'बेखौफ आजाद रहना है हमें' गीत गाया। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दिया और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाया। शिविर में महिला सशक्तिकरण विषय पर कविता एवं भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें निर्णायक के रूप में डॉ.अमित गोयल एवं डॉ.आलोक कुमार उपस्थित रहे।



शिविर में आत्मरक्षा के गुर सिखाती कांस्टेबल प्रतिमा सिंह। अमृत विचार

# बारिश से भीगी दलहनी और तिलहनी फसलें

**किसान परेशान**

- फसलें बर्बाद होने से बचाने के लिए सुखाने में जुटे किसान
- जनपद में 1,10,416 हेक्टेयर क्षेत्रफल में दलहनी फसलें बोईं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ रुक रुक कर बारिश से भीगी फसलों को सुरक्षित करने में किसान जुट गए हैं। ताकि धूप लगते ही हार्वेस्टिंग हो सके। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कुल 2.97 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 1,10,416 हेक्टेयर जमीन पर दलहनी फसलें बोई गई हैं।

जिले में किसानों ने सर्वाधिक क्षेत्रफल में मटर फसल तैयार की है। इसके बाद गेहूं और चना, मसूर व लाही और सरसों की फसलें हैं। इधर मौसम विभाग द्वारा बारिश की एडवाइजरी जारी होने से किसान अपनी फसल को बचाने के लिए सचेत हो जाते हैं। पिछले हफ्ते जारी एडवाइजरी का तमाम किसानों ने फायदा उठा लिया। तमाम प्रयास कर किराए पर हार्वेस्टर से फसल की थ्रेसरिंग करा ली। इसके बावजूद तमाम किसानों को हार्वेस्टर नहीं मिले और उनकी फसलों में हार्वेस्टिंग नहीं हो सकी। खेतों में कटी पड़ी फसलें बारिश में सराबोर हो गईं।

शनिवार को धूप निकलते ही किसानों ने खेतों की ओर रुख किया। वहीं रविवार को खेत में फसल पलटा रहे डामर गांव के किसान कल्लू यादव ने बताया कि बारिश में सूखी मटर फसल के साथ मिट्टी गीली हो चुकी है। फसल पलटाने से फलियां सूख जाएंगी। अगर ऐसे ही फसल छोड़ दी तो मटर फसल की फलियां अंकुरित हो जाएंगी और दाना काला पड़ जाएगा। कहा तिलहनी फसलों को भी पलटा कर सुखानी पड़ेगी। किसान भारत सिंह ने कहा कि बारिश से अब फसलों को कोई फायदा नहीं है। धूप से पकी खड़ी सरसों, मटर, मसूर, चना, अरहर आदि फसलों की फलियां फट कर बिखरेंगी। जिले का कुल कृषि क्षेत्रफल 2 लाख 98 हजार 849 हेक्टेयर है। जिसमें एक लाख 10 हजार 416 हेक्टेयर में दलहनी और 29,112 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें हैं।



खेत पर कटी पड़ी मटर की फसल को पलटता किसान। अमृत विचार

# तेज रफ्तार ट्रक ने ली गन्ने का जूस बेचने वाले वृद्ध की जान

## भीड़ के बीच हुआ दूसरा हादसा, ट्रक की टक्कर से कार सवार महिला गंभीर घायल

- मौदहा कस्बे के बड़ा चौराहा पर हादसे के बाद अफरा-तफरी
- अफरा-तफरी के बीच दूसरे ट्रक ने ऑल्टो कार में मारी टक्कर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में व्यस्त हाईवे के बड़े चौराहा पर शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें एक वृद्ध जूस विक्रेता की ट्रक के नीचे कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद मची अफरा-तफरी और अनियंत्रित भीड़ के चलते कुछ ही देर बाद एक और दुर्घटना हुई। जिसमें ट्रक और अल्टो कार की भिड़ंत में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

नई बस्ती फत्तेपुर के रहने वाले पप्पू साहू (60) पुत्र परमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे के बड़े चौराहा पर गन्ने के जूस की ठेलिया लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे वह अपनी ठेलिया का पहिया दुरुस्त कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक का पहिया वृद्ध के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।

हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी अराजक स्थिति के बीच एक अन्य ट्रक और आल्टो कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दूसरे हादसे में कार सवार एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला।

पुलिस ने घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मृतक पप्पू साहू अपने पीछे दो अविवाहित बेटे और एक विवाहित बेटी का रोता-बिलखता परिवार छोड़ गए हैं। वह अपनी पत्नी से अलग रहकर अपना और अपने बच्चों का भरण पोषण करते थे। घर के मुखिया की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मौदहा में हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

## हादसों में महिला सहित दो घायल

**मौदहा।** सड़क हादसों में अधेड़ समेत एक महिला को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अधेड़ की हालत चिंताजनक देख चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

जनपद महोबा के थाना क्षेत्र खरेला के ग्राम बरांय निवासी हरनाम सिंह (65) पुत्र महेश्वरी सिंह शनिवार की रात अपने रिश्तेदार युवक के साथ बाइक द्वारा मौदहा से खरेला जा रहा था तभी मौदहा इमलिया मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गए जिस पर हरनाम की हालत गंभीर होने के चलते उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। इधर नगर के फत्तेपुर मोहल्ला निवासी सादिया खातून (65) पुत्र पत्नी इमरान अली भी शनिवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में घायल हो अपना इलाज सरकारी अस्पताल में कर रही है।

# ट्रक में घुसी बाइक, दो युवकों की गई जान

- राठ-पनवाड़ी मार्ग पर सैदपुर गांव के पास हुआ हादसा
- कट पर ट्रक के मुड़ते समय टकराई तेज रफ्तार बाइक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राठ-पनवाड़ी मार्ग पर सैदपुर गांव के पास एक बाइक सवार कट से मुड रहे ट्रक में जा घुसा। मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक के पीछे बैठा युवक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी से उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उसकी भी सांसें थम गईं।

जानकारी के अनुसार मझगवां थाना क्षेत्र के गिरवर गांव के रहने वाले चंद्रशेखर प्रजापति का 25 वर्षीय पुत्र रीमू और रामा प्रजापति का पुत्र इंद्रपाल गांव से राठ मजदूरी करने के लिए रोजाना आते-जाते थे। रविवार की शाम करीब 5 बजे दोनों युवक बाइक से अपने गांव गिरवर लौट रहे थे। सैदपुर गांव के सामने बने कट पर एक ट्रक मुड़कर औड़ेरा की ओर जाने लगा। इसी बीच राठ से बाइक पर जा रहे दोनों युवकों की बाइक सीधे ट्रक में जाकर घुस गई, जिससे रीमू की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साथी इंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। घायल इंद्रपाल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।



ट्रक में घुसे युवक को निकालते लोग।

# इलाज के अभाव में ग्राम रोजगार सेवक की मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड अंतर्गत रीवन ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सेवक संतोष कुमार की अचानक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में मातम पसर गया। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।



संतोष कुमार।

रीवन गांव में संविदा पर ग्राम रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत संतोष कुमार की पत्नी सुशीला देवी ने बताया कि अल्प मानदेय में अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। जिससे उन्हें समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल सका और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी सहित दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया। ग्रामीणों और ग्राम रोजगार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, महामंत्री मुकेश, कोषाध्यक्ष उदित नारायण ने कहा कि मनरेगा के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों को बेहद कम मानदेय मिलता है, जिससे परिवार चलाना भी मुश्किल होता है। साथ ही समय से ईपीएफ जमा न होने के कारण कर्मचारियों को बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता है। संतोष कुमार की मौत ने एक बार फिर इस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं संगठन के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ ही 10 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## दबंगों ने घर में धावा बोल मचाया तांडव

**मौदहा।** दबंगों ने ईद के दिन घर में हमला कर महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट की। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आधा दर्जन सहित तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे की दो महिलाओं ने तहरीर देकर बताया कि ईद के दिन दोपहर में अचानक मोहल्ले के अफसर, असलम, शाहरुख, जमशेद, शमीमा, अकरम और अफसर के तीनों सालों ने लाठी डंडा और कट्टा लेकर घर में हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट व अश्लीलता की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि झगड़ा हुआ है। एक पक्ष की ओर से तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# किसान ने गल्ला मंडी में मटर बेचते समय घटतौली पकड़ी, आढ़त से भागा व्यापारी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में मटर की तौल कराते समय किसान ने शक होने पर घटतौली पकड़ ली। घटतौली पकड़े जाते ही व्यापारी मौका पाकर आढ़त से फरार हो गया। किसान की शिकायत पर मौके पर पहुंचे मंडी सचिव ने जब इलेक्ट्रॉनिक कांटे को चेक किया तो 6 किलो का अंतर पाया। उन्होंने कांटे को जब्त करके कार्यालय में रखवाकर किसान की शिकायत पर आढ़ती के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई शुरू की है।

इंगोहटा गांव निवासी किसान भोला शंकर तिवारी मटर लेकर रविवार को मंडी बेचने आया। वह आढ़ती शिव प्रकाश उर्फ राजू प्रजापति की फर्म आरएन ट्रेडर्स में चार हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेचने लगा। तौल करते समय किसान को शंका हुई कि 60 किलो की जगह बोरी में अधिक माल तौला जा रहा है। लिहाजा उसने दूसरे कांटे में तौल की गई बोरी को रखा तो वह 60 किलो की जगह 64 किलो निकली। इससे किसान ने हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा मचने पर तमाम आढ़ती भी मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। किसान ने घटतौली की शिकायत मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम से की। मंडी सचिव के आने की भनक पाकर आढ़ती मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे मंडी सचिव ने कांटे में खड़े होकर अपनी तौल की तो वजन 102 क्विंटल निकाला। इसके बाद कांटा बंद करके दोबारा चालू किया गया जिसमें मंडी सचिव का वजन 96 किलो हो गया। इस पर सचिव ने कांटे को जब्त करके मंडी कार्यालय में जमा कराया है और किसान से लिखित शिकायत लेकर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि सोमवार से आढ़ती मंडी के अंदर कारोबार नहीं करेगा।



मंडी की आढ़त में घटतौली पकड़े जाने के बाद लगी भीड़। अमृत विचार

### एक माह पहले अध्यक्ष ने की थी शिकायत

- गल्ला तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्होंने एक माह पूर्व मंडी सचिव से शिकायत कर घटतौली रोकने की मांग की थी। ज्यादातर आढ़ती कांटों में हेरफेर कर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। कार्रवाई न होने से हौसले बुलंद हैं।

**राहत की सांस** | विधायक और ब्लाक प्रमुख के प्रयास से सड़क के निर्माण की बारी आई

# 12 साल बाद बनेगी विदोखर पुरई की सड़क

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** एक दशक बाद सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति एवं ब्लाक प्रमुख के लगातार पत्राचार के बाद मंडी परिषद ने पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी इंगोहटा छानी मार्ग से विदोखर पुरई की एक किलोमीटर सड़क का निर्माण शुरू कराया है। निर्माण शुरू होते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

विदोखर पुरई के निवासी चंद्रभान कुशवाहा, उदयभान यादव, पूर्व प्रधान चंद्रप्रकाश यादव, पूर्व प्रधान राधेश्याम सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने दो दशक पूर्व इस सड़क को मंडी परिषद से बनाया था इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2014 में इसका पुनर्निर्माण कराया था। इसके बाद रखरखाव के अभाव में यह सड़क पूरी तरह से जमींदोज हो गई थी। पिछले दो वर्षो से सड़क चलने लायक नहीं बची थी। बरसात होने पर लोग दूसरे रास्तों से होकर इंगोहटा मार्ग में पहुंचते थे। गत शुक्रवार को मंडी परिषद निर्माण ने इस सड़क का निर्माण शुरू कराया है। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि उन्होंने ध्वस्त मार्ग को बनवाने की मांग सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति एवं ब्लाक प्रमुख जयनरायन यादव से लिखित में की थी। दोनों के पत्राचार करने के बाद सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे ग्रामीणों में प्रसन्नता है।



ध्वस्त पड़ा इंगोहटा छानी से विदोखर पुरई मार्ग। अमृत विचार

### प्रधान पर रिपोर्ट दर्ज

- **बिवांर।** कुनहेटा गौशाला में भूसा, चारा, पानी के न दिए जाने से कई मवेशी मर गए थे। जांच के दौरान ग्राम प्रधान रामराज ने अधिकारियों के साथ अभद्रता की थी। ग्राम विकास अधिकारी राजू सिंह ने उसके खिलाफ धारा 170 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुनहेटा चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने प्रधान को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

## लक्ष्मीरतन साहू बने जिला महामंत्री

**हमीरपुर।** भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी में आठ जिला उपाध्यक्ष व तीन जिला महामंत्री व आठ जिला मंत्री व कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति में जिला कार्यसमिति की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें उमाकांत राजपूत, कृष्ण कुमार गुप्ता बंटी, कृष्ण कुमार व्यास, प्रमोद वर्मा, साधना सिंह, उत्तम सिंह खंगार, शिवेंद्र सिंह मानू व आराधना राजपूत को जिला उपाध्यक्ष, नरविंद सिंह, लक्ष्मीरतन साहू व मुकेश प्रजापति को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। जबकि जिला मंत्री पद पर महेंद्र शुक्ला, अरिमर्दन सिंह, संध्या वर्मा, दिग्विजय पाठक, अरुण लोधी, सियाराम विश्वकर्मा, अभिषेक तिवारी, ओमेश सिंह गौर तथा कोषाध्यक्ष पद पर ज्ञानेंद्र कुशवाहा को नियुक्त किया गया है।



मुशायरे में कलमा पेश करती शायरा। अमृत विचार

## बज्म-ए-करीम के मुशायरे की धूम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के हुसैनगंज निजामीपुरा स्थित मास्टर फखरुद्दीन यावर मौधवी के आवास पर बज़्म-ए-करीम के तत्वावधान में मासिक तरही मुशायरा हुआ। सदारत मास्टर फिरोज़ कमाल ने की और मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू रहे। मुशायरे का संचालन इनायत मोईन चिश्ती ने किया।

मसीह निज़ामी की नात-ए-पाक से शुरू हुई महफ़िल में शायरों ने जहां बुनियाद हो इतनी नमी अच्छी नहीं होती और ज़िंदगी को मुख्तसर करना पड़ा के मिसरे पर अपनी रचनाएं पेश कीं। बदरुद्दीन तायब, फखरुद्दीन यावर, सफीर माचवी और निजाम मौधवी ने अपने शेरों के जरिए सामाजिक कुरीतियों, माता-पिता के सम्मान और मानवीय मूल्यों पर गहरा प्रहार किया। मुशायरे में इनायत मोईन चिश्ती, मुन्ना बॉर्डर, रमज़ान खां साहिल, मूलचंद्र वारसी, वीरेंद्र कुमार शजर, महक बानो सहित अन्य शायरों ने भी अपना कलाम पढ़कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। अंत में आयोजक यावर मौधवी ने सभी शायरों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

न्यूज ब्रीफ

## रोजगार सेवक के साथ मारपीट की शिकायत

**बेलाताल।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम पंचायत खिरिया कला में तैनात दिव्यांग रोजगार सेवक हरेंद्र सक्सेना के साथ मारपीट और अभद्रता किए के साथ मोबाइल छीन कर क्षतिग्रस्त करने की शिकायत पीड़ित ने थाना अजनर में की है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल में जुट गई है। थाने में दी गई तहरीर में पीड़ित बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठकर ईकेवाईसी का कार्य कर रहा था, तभी आरोपी ने आकर गाली गलौज करते हुए सरकारी काम में बाधा डाली और मारपीट करने लगे। बताया कि घटना के बाद तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) जैतपुर संतराम को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने थाना अध्यक्ष अजनर को पत्र भेजकर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीडित ने बताया कि इसके बावजूद अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित में आक्रोश है। अजनर थानाध्यक्ष का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो चुका है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## खजुराहो से अयोध्या दिल्ली तक मांगी ट्रेन

**कुलपहाड़ (महोबा)।** राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा और भाजपा के पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर खजुराहो से महोबा होते हुए अयोध्या, नई दिल्ली से ललितपुर होते हुए खजुराहो, नई दिल्ली से महोबा होते हुए खजुराहो तक वंदेभारत ट्रेन चलाने की मांग की है। पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की है। इस मांग का समर्थन करते हुए राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने भी रेल मंत्री को पत्र भेज कर ट्रेनों का संचालन कराने का अनुरोध किया है। पत्र में बताया कि धार्मिक स्थल अयोध्या व पर्यटन स्थल खजुराहो तक जाने वाले यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय के साथ दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इन स्थानों के लिए सीधी ट्रेन सेवाएं प्रारम्भ हो जाने से समय की बचत के साथ यात्रियों को भी आरामदायक सफर साबित होगा। उन्होंने रेल मंत्री से इन सभी ट्रेनों के चलाने पर विचार कर अतिशीघ्र वंदे भारत ट्रेनों को चलाए जाने का अनुरोध किया है।

# कल्याण सागर के जीर्णोद्धार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, महोबा


संस्कार भारती की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

- कल्याण सागर के हनुमान मंदिर परिसर में हुई संस्कार भारती की बैठक में हुआ विचार मंथन

**अमृत विचार।** संस्कार भारती की एक बैठक कल्याण सागर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में काली मांता मंदिर के महंत मनोहर दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कल्याण सागर के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कराए जाने पर जोर दिया। साहित्यकार संतोष कुमार पटेरिया ने कहा कि रानी कल्याणी के नाम से चंदेल शासकों ने कल्याण सागर सरोवर का निर्माण कराया था, जो आज दुदर्शा का शिकार हो गया है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते कल्याण सागर जलकुंभी से पटा पडा है, आसपास के लोग इस सरोवर में कूड़ा करकट फेक रहे हैं।

संस्कार भारतीय के प्रांतीय लोक विधा संयोजक पंडित जग प्रसाद तिवारी ने कहा कि महोबा के अधिकांश सरोवर जलकुंभ और गंदगी से पटे पड़े हैं। इनकी सफाई कराने की न तो जिला प्रशासन और न ही सिंचाई विभाग सुध ले रहा है। उन्होंने कहा कि लोंग इन तालाबों में गंदगी व कूड़ा करकट डाल रहे हैं, जिससे तालाबों का स्वरुप बिगड़ता जा रहा है और यहां के चंदेल कालीन सरोबरों की सुंरदता खत्म होती जा रही है। सरोवरों की देखरेख न होने से सरोवरों की भूमि पर धीरे धीरे अतिक्रमण होता जा रहा है।

संस्कार भारतीय के जिलाध्यक्ष श्याम बिहारी निगम ने कहा कि संस्कार भारतीय नगर के प्राचीन वैभव के प्रति गंभीर है। शासन की उपेक्षा के कारण प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर भी नष्ट हो रही है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है। यदि जल्द ही ऐतिहासिक सरोवरों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो धीरे धीरे तालाब खत्म हो जाएंगे। बैठक में सिद्धगोपाल सेन, कृष्ण बिहारी, मंगीलाल साहू सहित तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

# मां के चौथे स्वरूप कूष्मांडा की आराधना

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- चैत्र नवरात्र में सूनी गलियां हुईं श्रद्धालुओं से गुलजार
- सुबह से शाम तक देवी मंदिरों में गूंजते रहे जयकारे


मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन जिले भर के देवी मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख संवृद्धि की प्रार्थना की। नवरात्र शुरू होने के बाद शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों की सूनी रहने वाली गलियां भक्तों की आवाजाही से गुलजार नजर आने लगी है। सुबह होते ही श्रद्धालु देवी के दर्शन करने के लिए मंदिरों में पहुंच जाते हैं। पुरुषों की अपेक्षा देवी मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ जुट रही है। नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं का देवी मंदिरों में सुबह शाम आने जाने का सिलसिला बतस्तूर जारी है।

शहर के प्राचीन विंध्यवासिनी मंदिर, बंड़ी चंद्रिका देवी मंदिर सहित देवी मंदिरों में तड़के सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए देवी भक्तों की भारी भीड़ जमा हो जाती है। महिलाएं स्वच्छ व साफ वस्त्रों के धारण कर नंगे पैर देवी मंदिरों में पहुंच रही हैं, जिसके चलते चारो तरफ की गली कूचे सुबह से ही गुलजार हो जाते हैं। महिलाओं पुरुषों की आवाजाही के चलते मार्गों पर काफी चहल पहल दिखाई देने लगी है। उधर शहर के अलावा जैतपुर, बेलाताल, कुलपहाड़, चरखारी, कबरई, श्रीनगर सहित तमाम ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धालु नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में पहुंचकर देवी मां के दर्शन कर पूजा अर्चना और प्रार्थना करने के बाद ही अन्य कार्यों के लिए जा रहे हैं। वहीं किसान, मजदूर भी मंदिरों में दर्शन के बाद ही खेतों में लगी फसल की कटाई व कार्य कर रहे हैं।

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन मां दुर्गा आदिशक्ति के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा आराधना भक्तों द्वारा अस्था और श्रद्धा भाव से की गई। प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी बताते हैं कि कुष्मांडा का अर्थ है कुम्हड़ा (पेठा की बलि) देना है। जब सृष्टि में चारों तरफ अंधकार फैला था, उस समय मां कूष्मांडा ने जगत की उत्पत्ति की इच्छा से मंद मुस्कान के साथ सृष्टि में अंधकार को समाप्त कर सृष्टि में प्रकाश फैल दिया। मां कूष्मांडा का निवास स्थान सूर्यमंडल के बीच में माना जाता है, इसलिए मां का तेज ही इस संसार को तेज बल और प्रकाश प्रदान करता है। मां मूल प्रकृति और आदिशक्ति हैं। मानना है कि मां के इस तेजोमय रूप की जो भक्त श्रद्धा भाव से भक्ति करते हैं, उनके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता और माता अपने भक्त की हर मनोकमना पूर्ण कर भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं।

# खखरामठ के फ्लोटिंग पुल ध्वस्त, आवागमन पर रोक

## चार साल पहले लाखों रुपये की लागत से कराया गया था फ्लोटिंग पुल का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, महोबा


खखरामठ तक जाने के लिए बनाया गया फाइवर पुल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के लाखों रुपये की लागत से मदन सागर सरोवर में ऐतिहासिक स्थल खखरामठ के लिए बनवाया गया फाइवर पुल बेमतलब साबित हो रहा है। फाइवर पुल प्रशासन ने पुल के गड़बड़ हो जाने के कारण उस पर आवागमन पर रोक लगा दी है, लेकिन अब फाइवर पुल कई जगह से ध्वस्त हो गया, जिससे अब देशी विदेशी पर्यटक भी ऐतिहासिक स्थल खखरामठ को घूम कर पास से नजारा देखने के बजाय दूर से ही दर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

छोटी चन्द्रिका देवी मन्दिर के पास से मदन सागर सरोवर में खखरामठ तक चार साल पहले फ्लोट पुल का निर्माण कराया गया था। पुल तैयार होने के बाद से खखरामठ की कम दूरी होने से लोगों का ऐतिहासिक स्थल पर आना जाना बढ गया था। फ्लोट पुल के निर्माण की जानकारी होने पर खजुराहो आने वाले विदेशी पर्यटकों ने भी महोबा की तरफ रुख कर लिया था। खजुराहो मन्दिर की तर्ज पर बना खखरामठ देखने के लिये देशी विदेशी पर्यटकों का जमावडा लगने लगा था। दो साल पहले फ्लोट पुल गडबड़.नजर आने के कारण प्रशासन ने आम लोगों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया और सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मी को भी तैनात कर दिया था।

मदन सागर सरोवर में स्थित खखरामठ तक जाने के लिए बनाया गया फाइवर पुल आज तक दोबारा इसकी मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे यह पुल अब तालाब के किनारे और मठ के समीप के साथ साथ कई जगहों से ध्वस्त हो गया और अभी तक लोगों के आने जाने में रोक लगी है। पुल के मार्ग में झाड झंकार लगा दिया गया, जिससे कोई भी इस पुल में न जा सके। अब लोग फ्लोट पुल बंद हो जाने से खखरामठ तक नहीं पहुंच पा रहे है। इससे नागरिकों में असन्तोष व्याप्त है।

बताया जाता है कि फ्लोट पुल में गड़बड़ी आ जाने के कारण उसे बंद कर दिया गया साथ ही लोगों को मदन सागर सरोवर की सैर के लिए डाली गई वोट, स्टीमरों को भी हटाकर कीरत सागर सरोवर में पहुंचा दिया गया है।


बैठक में बोलते करण सिंह राजपूत। अमृत विचार

# गांव के प्रत्याशी को समर्थन पर जोर

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- कर्णेश्वर धाम में संपन्न हुई पीडीएफ की बैठक

**अमृत विचार।** जैतपुर क्षेत्र के ग्राम मुढ़ारी के कर्णेश्वर धाम में युवाओं की पीडीएफ पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत चुनाव की चर्चा करते हुए इस बार गांव के ही प्रत्याशी को एक स्वर से समर्थन किए जाने की घोषणा करते हुए बाहर के प्रत्याशी का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

पीडीएफ पंचायत आयोजित बैठक में करण सिंह राजपूत ने कहा कि अभी पंचातय चुनाव की शासन ने कोई घोषणा भले ही न की हो, लेकिन अपनी किस्मत अजमाने के लिए संभावित उम्मीदवारों ने अपनी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। कहा कि इस बार पंचायत चुनाव में गांव के प्रत्याशी को जीतकर भेजा जाएगा। वह चाहे विधानसभा चुनाव हो या फिर जिला पंचायत चुनाव। उन्होंने कहा कि अभी तक गांव के लोगों की आकांक्षाओं को रोका जाता रहा है, लेकिन अब ग्रामीण मतदाता अपनी शक्ति का एहसास कराएंगे और क्षेत्र की विचारधारा को आगे बढाने का काम किया जाएगा साथ ही बाहर के प्रत्याशी का बहिष्कार किए जाने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा गरीबों का रिश्तेदार भी साथ नहीं देता है। हमारे पास ऊर्जावान लोग हैं, सभी एक विचारधारा के साथ चुनाव मैदान में गांव के ही व्यक्ति का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर राहुल तिवारी, अरविंद लंबरदार, धर्मेंद्र रैकवार, शिवचरण, बद्री प्रसाद, वीरेन्द्र राजपूत, बृजेश पाठक, रोहित तिवारी, गोविंद विश्वकर्मा, शैलेंद्र राजपूत, राम नारायण तिवारी, अजीत आदि रहे।

# विधवा बहू की हत्या में पिता-पुत्र गिरफ्तार

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस ने निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रॉड बरामद की
- अदालत में पेश करने के बाद दोनों आरोपी जेल भेजे गए


पुलिस की हिरासत में खड़े हत्यारोपी पिता-पुत्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र के कुरौराडांग गांव में अवैध संबन्ध न बनाने पर विधवा बहू की लोहे की राड से हत्या करने के बाद फरार हुए ससुर और जेठ को पुलिस ने छापेमारी कर मदारन देवी मंदिर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त की गई लोहे की राड को भी बरामद की है।

चरखारी क्षेत्र के कुरौराडांग गांव निवासी दयाराम पाल छोटे बेटे की मौत होने के बाद विधवा बहू सुखदेवी (36) से अवैध संबन्ध बनाने का दबाव डालने लगा था, लेकिन बहू के विरोध करने पर उसने शुक्रवार की रात अपने बेटे कीरत पाल के साथ मिलकर लोहे की राड से हमला कर विधवा बहू की हत्या कर दी थी। घटना को 16 वर्षीय बेटी ने देखा था। मृतका के पिता लखन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर कोतवाली चरखारी प्रभारी निरीक्षण प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। गठित की गई टीम ने कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। बाद में मदारन देवी मंदिर मोड़ के पास सूचना मिलने पर टीम ने घेरबंदी कर हत्या के वांछित दयाराम पुत्र कालीदीन और उसके पुत्र कीरत को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या की घटना प्रयुक्त किए गए आला कत्ल लोहे की राड को भी बरामद कर लिया गया है। दोनो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस टीम ने 36 घंटे में पकड़े दोनों आरोपी

विधवा बहू की निर्मम हत्या के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और 36 घंटे के अंदर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए हत्या में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चरखारी प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक संजय सिंह, हेड कांस्टेबिल श्याम यादव, राजेश कुमार और नरेंद्र कुमार रहे।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- तहरीर मिलने के बाद घटना की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** खरेला के कौहनिया धरवार गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने पति, ससुर पर हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

करीब दो साल पहले रजनी की शादी कौहनिया धवार निवासी मधुर के साथ हुई थी। मधुर शराब पीने का आदी था। जुआ भी खेलता था। पत्नी के विरोध करने पर मारपीट करता था। रजनी के चाचा सुरेश ने बताया कि घटना के दिन पहले गेहूं की कटाई को लेकर सास और बहू के बीच विवाद हुआ था, तभी नशे में धुत पति ने रजनी के साथ मारपीट की और शव को फंदे पर लटका दिया। उसके शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए। रजनी की दस माह की बेटी अमिशका है। चाचा ने बताया कि कई बार रजनी के कहने पर उसकी आर्थिक मदद भी की गई, लेकिन पति की पैसों की मांग लगातार बनी रही। थानाध्यक्ष खरेला का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की अपने स्तर से जांच-पड़ताल करने में जुट गई है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध की रोकथाम के लिए आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को पनवाड़ी थाना पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी वीरेन्द्र प्रताप सिंह की गठित की गई टीम केक उपनिरीक्षण सुधीर कुमार मय हमराह हेड कांस्टेबल शीलेन्द्र कुमार के नेतृत्व वारंटी अभियुक्त गनेश उर्फ गनेशी रावत पुत्र बालमुकुन्द रावत निवासी ग्राम नकरा को न्यायालय अपर सिविल जज (जूडि) के निर्गत गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

# राशन में घटिया ज्वार लेने से किया इंकार

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- विकास खंड के 40 गांवों में भेजी गई दागी और घटिया ज्वार

**अमृत विचार।** जैतपुर विकास खंड क्षेत्र के 40 गांवों के लिए राशन की दुकानों पर कार्डधारकों के लिए भेजी गई घटिया और दागी ज्वार राशनकार्ड धारकों ने लेने से इंकार कर दिया है, जिससे कोटेदारों और कार्डधारकों में विवाद उत्पन्न हो गया है। बेहद घटिया किस्म की ज्वार देखकर राशन कार्डधारक वापस लौट रहे हैं।

विकासखंडे जैतपुर के अकौना, अकौनी, लेवा, अजनर, पुरा पनवाड़ी, ननवारा, बिजौरी, खिरिया, घंघैरा, लमौरा सहित 40 गांव में इस बार मार्च माह के वितरण में घटिया और दागी ज्वार जो पानी में खराब हुई थी उसे राशन की दुकानों में भेज दिए जाने से कार्ड उपभोक्ता खासा परेशान है। प्रति यूनिट एक किग्रा. ज्वार देने की व्यवस्था की गई, लेकिन यह ज्वार बेहद खटिया होने से राशनकार्ड धारक ज्वार लेने से मना कर रहे हैं, इससे कोटेदारों और कार्डधारकों के बीच आएदिन विवाद हो रहा है।

दो यूनिट वाले कार्डधारक को दो किग्रा. और एक यूनिट कार्ड धारक को एक किग्रा. ज्वार देने पर वह कोटेदार से झगड़ा कर रहे हैं। गांव के पंचमलाल रैकवार, शंकर रैकवार, शिवप्रसाद, अखिलेश, शैलेंद्र यादव, खेमचंदग्र यादव, धीरेंद्र सिंह, अन्नू ठाकुर का कहना है कि ज्वार शासन द्वारा जो भेजी गई है उसे लेने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि यह ज्वार स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

गूंजी ढोलक की थाप | कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में भजनों से माहौल हुआ भक्तिमय

# वह गुरु धन्य है, जो सही राह दिखाता

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सत्संग के दौरान भजन प्रस्तुत करते गायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिस तरह पारमणि के स्पर्श से लो स्वर्ण बन जाता है, उसी तरह सद्गुरू की शरण में जाने से जीव का अज्ञान नष्ट हो जाता है। सद्गुरू की शरण में जाने से जीव का अज्ञान रूपी अंधकार मिट जाता है और ज्ञान का प्रकाश फैलता है। सद्गुरु सर्वोच्च हैं, जो आत्म-साक्षात्कार (आत्मज्ञान) की ओर ले जाते हैं। वे दिव्य दृष्टि प्रदान करते हैं और जीवन के कष्टों व कर्मों के बंधन से मुक्ति दिलाकर सत्य का मार्ग दिखाते हैं।

कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी यह बात रविवार को संत कबीर आश्रत में आयोजित सत्संग में कही । उन्होंने कहा कि हमारा जीवन कठिनाइयों से भरे संसार में रहते हैं, इसलिए हमें यहां मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति में मनुष्य को सद्गुरू का ध्यान करना चाहिए, जिससे सभी कष्टों को सहन करने की शक्ति प्रदान होती है। उन्होंने कबीर की साखी पारस लोहा परसते, पलटि गयो सब अंग, संशय स नहीं मिटि गया, सद्गुरू के परसंग। सत्संग में पंडित हरीशंकर नायक ने बलिहारी गुरू आपकी घरी घरी सौ बार की व्याख्या करते हुए कहा कि वह गुरू धन्य है जो अपने उपदेश से शिष्यों को देवता के समान बना देता है। पंडित आशाराम तिवारी ने गुरू और गोविंद दोनो सामने खड़े हो तो पहले गुरू के चरन छूना चाहिए, क्योंकि गुरु ने ही गोविंद (ईश्वर) तक पहुंचने का मार्ग दिखाया है और ज्ञान के द्वारा ईश्वर से मिलवाया है।

वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने स्वरचित रचना कबीर के दरबार आइए, दोनो की सेवा कर जीवन सफल बनाइयें प्रस्तुत की। पंडित जगदीश रिछारिया ने भजन मेरो हरि चरनन में लागो मन सुनाया। राजराम चौरसिया, किशोर यादव, जयराम प्रजापति, विनोद सोनी ने देवी भजन प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय बना दिया। सत्संग में समिति प्रमुख ने स्वरचित मां चंद्रिका का भजन जै हो मां चंद्रिका भवानी, तुम्हारी महिला काऊ ने न जानी प्रस्तुत किया। इस मौके पर पप्पू सैन, लखनलाल सहित तमाम कबीरी भक्त मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ सत्संग का समापन हुआ।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम PRIYANKA AJIT KUMAR VISVAKARMA था अब मैने बदलकर अपना नाम PRIYANKA रख लिया है भविष्य में मुझे PRIYANKA के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O- AJIT KUMAR R/O- 1850/4- PIKAURA SHIV GULAM POST GANDHI NAGAR KOTWALI BASTI 272001

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAHNEWAZ AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम SHAH NEWAZ AHAMAD रख लिया है भविष्य में मुझे SHAH NAWAZ AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- GULAM ZILANI R/O- FLAT NO-108, 1ST FLOOR, AJEET RESIDENCY SECTOR - 2, VIKAS NAGAR LUCKNOW-226022

**सूचना**

पहले मेरा नाम SADHANA KUMARI GUPTA था अब मैने बदलकर अपना नाम SADHANA GUPTA रख लिया है भविष्य में मुझे SADHANA GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O- MRITUNJAY KUMAR GUPTA R/O- WARD NO - POLICE CHAUKI POST BELTHARA ROAD BALLIA 221715

**सूचना**

पहले मेरा नाम VISVAKARMA AJITKUMAR RAM SURESH था अब मैने बदलकर अपना नाम AJIT KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे AJIT KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- RAM SURESH VISVAKARMA R/O- 1850/4- PIKAURA SHIV GULAM POST GANDHI NAGAR KOTWALI BASTI 272001

**सूचना**

पहले मेरा नाम ATUL KUMAR MADHYESIYA था अब मैने बदलकर अपना नाम ATUL KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे ATUL KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- RAM NIWAS PRASAD R/O- AZIMABAD GALI BELTHARA ROAD BALLIA

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी का नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश AZEEM ASHRAF SAYED पुत्र सयद मोहम्मद खालिद अशरफ अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम सयद अज़ीम अशरफ (SAYED AZEEM ASHRAF) है। अबसे मैं सभी जगह कानूनी रूप से सयद अज़ीम अशरफ (SAYED AZEEM ASHRAF) नाम का उपयोग करूंगा और इसी नाम से जाना जाऊँगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र नितेश कुमार पुत्र स्व.ओम प्रकाश निवासी ग्राम ठकुराइन खेड़ा, मजरे रामपुर सुदौली, थाना–बछरावां जनपद रायबरेली के व्यवहार एवं आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। जिसका ना ही मुझसे और न ही मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता है और ना ही भविष्य में होगा। जो किसी भी प्रकार का कृत्य करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा उसका हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई लेना देना एवं वास्ता नहीं रहेगा। **विद्या देवी पत्नी स्व.ओम प्रकाश निवासिनी ग्राम ठकुराइन खेड़ा, मजरे रामपुर सुदौली, थाना-बछरावां, जनपद रायबरेली। वर्तमान पता दुर्गापुरी कॉलोनी निलमथा कैण्ट, थाना सदर, जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कु. सरिता यादव तथा सरिता दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। किसी भी प्रकार के शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग अथवा अन्य दस्तावेजों में यदि कहीं कु. सरिता यादव तथा कहीं केवल सरिता नाम अंकित है, तो दोनों को एक ही व्यक्ति का नाम माना जाए। पिता का नाम: राम खेलावन पता : W/o संजय यादव, नील गोदाम, सोना हॉस्पिटल के पास, देवकाली, पोस्ट–फैजाबाद, जनपद–अयोध्या, उत्तर प्रदेश – 224001 भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा या भ्रम की स्थिति से बचने के लिए यह सूचना प्रकाशन जारी किया जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

### बिछड़ी बालिका को परिजनों को सौंपा

चित्रकूट। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने परिजनों से बिछड़ी बालिका को ढूंढकर परिजनों को सौंपा। 22 मार्च को सोनाक्षी (9) पुत्री कृष्णपाल निवासी ग्राम कुआं थाना बाणसागर जिला मैहर (मप्र) को रामघाट पर चाचा दीक्षा व मामा राकेश के साथ स्नान करने आई थी। अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस को सूचना दी। इस पर निरीक्षक धीरेंद्र मिश्रा, एसपी रमेश कुमार तिवारी व आरक्षी रविंद्र राठौर ने बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों ने चित्रकूट पुलिस का आभार जताया।

### अखंड ज्योति रथ यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

चित्रकूट। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथयात्रा का चित्रकूट में स्वागत हुआ। लोगों ने ज्योति का दर्शन किया। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक आचार्य राम नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पूज्य गुरुदेव द्वारा 1926 में 24 लाख के साथ अखंड ज्योति गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार में जलाई गई थी, जो आज भी प्रज्ज्वलित है। अखंड ज्योति लेकर गायत्री परिवार के साधक पूरे देश में अखंड दीप के शताब्दी वर्ष को मनाये जाने का संदेश दे रहे हैं। 2026 में अखंड दीप शताब्दी वर्ष और वंदनीया माताजी का शताब्दी वर्ष आध्यात्मिक भक्ति भावना के साथ मनाया जाएगा। यह कलश यात्रा धार्मिक नगरी चित्रकूट के विभिन्न गांवों शहरों में पहुंच रही है।

### जिला स्टेडियम में मंडल स्तरीय ट्रायल 23 मार्च से

चित्रकूट। क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए 12 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं की जिमनास्टिक एवं तैराकी तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के जिला व मंडल स्तरीय ट्रायल 23 मार्च से 29 मार्च तक होंगे। बालक वर्ग जिमनास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हाकी, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस 27 मार्च तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बाक्सिंग, जूडो, हैंडबाल 25 से 29 मार्च तक होंगे। अभ्यर्थी खेल साथी पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### अमित उपाध्यक्ष और रिशाल को मंत्री बनाया

कालपी। भाजपा की जिला कार्यकारिणी में क्षेत्र के दो पूर्व मंडल अध्यक्षों को जिलास्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। जिसमें अमित पाण्डेय को उपाध्यक्ष तो रिशाल सिंह को मन्त्री बनाया गया है। वैसे तो कालपी क्षेत्र आर्थिक के साथ सामाजिक और राजनैतिक रूप से भी पिछडा रहा है यहा के लोगों को किसी भी क्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कम ही मिलती है लेकिन अब भाजपा ने यहां के दो युवाओं को पार्टी के लिए जरूरी मानते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। मालूम हो कि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने शनिवार देरशाम जिला कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें टाप टेन में पार्टी के दो बार नगर अध्यक्ष रहे अमित पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष बनाया है तो महेवा मण्डल अध्यक्ष रहे रिशाल सिंह कुटरा को भी जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने अपने मन्त्रिमण्डल में जगह दी है। रविवार को उन्होंने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाई देकर फूल मालाओं से स्वागत किया है।

### प्रेस क्लब में बैठक कार्ययोजना पर चर्चा

कालपी। प्रेस क्लब कालपी की एक बैठक किसान मार्केट टरननगंज में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने को लेकर व आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रविवार को किसान मार्केट में आयोजित प्रेस क्लब कालपी की बैठक में मौजूद अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा संगठन के 5 माह के कार्यकाल शपथ ग्रहण समारोह, नेत्र शिविर, चित्रकूट यात्रा व होली मिलन जैसे समारोह आयोजित किये गये। आगे भी अन्य कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई तथा संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया तथा वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेन्द्र मिश्रा को संगठन का संरक्षक बनाया गया। इस दौरान बृजेन्द्र सिंह चौहान, हरिश्चन्द्र दीक्षित, सतीश द्विवेदी, देवेन्द्र चतुर्वेदी, शिव नारायण प्रजापति, पवनदीप निषाद, अनिल बाजपेई, मनोज पाण्डेय, अनुराग पंडित, शिवांग शुक्ला, योगेश द्विवेदी, विवेक निगम, महेन्द्र निगम आदि मौजूद रहे।

# आस्था का केंद्र विंध्यवासिनी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)





भूमि पूजन करते हुए विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी। वर्तमान में पुराना मंदिर जिसका जीर्णोद्धार होना है। ऐसे रास्तों के सहारे पहुंचते हैं लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मऊ के बरगढ़ घाटी के पास कल्चीहा जंगल में विंध्यकूट पर्वत पर स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र हैं। यहां यूं तो रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं लेकिन नवरात्रि पर यहां आस्थावानों की खासी भीड़ उमड़ती है। जबकि श्रद्धालुओं को दुर्गम मार्ग से मंदिर पहुंचना पड़ता है।

मंदिर के बारे में आचार्य डॉ. राममिलन मिश्र बताते है कि एक किंवदंती हैं कि कई सौ साल पहले कोटरा खांभा गांव के एक व्यक्ति मिर्जापुर में माता विंध्यवासिनी देवी की सेवा करते थे। काफी समय बीतने के बाद जब वह वापस घर आने लगे तो दुःखी होकर उन्होंने माता से निवेदन किया कि अब आपकी सेवा कैसे कर पाऊंगा। इस पर माता ने उन्हें स्वप्न में निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में ही उनकी एक और मूर्ति है जिसे वह ले जाकर अपने घर में पूजा अर्चना करें। मूर्ति को लेकर जब वह गांव के निकट पहुंचे तो काफी रात हो गई। गांव के पास ही विंध्यकूट पर्वत के पास मूर्ति को रखकर गांव चले गए। माता ने उन्हें स्वप्न में फिर आदेश दिया कि अब वह इसी स्थान में विराजमान रहेंगी। तब से लेकर आज तक दर्जनों गांव के लोग माता के मंदिर में इच्छाओं को लेकर पहुंचते हैं।

**आषाढ़ मास में कीर्तन की है परम्परा :** कोटरा खांभा गांव के विनोद तिवारी बताते हैं कि मंदिर में हर वर्ष आषाढ़ मास में कीर्तन होता है। पहले माता की मूर्ति एक खपरैल के नीचे रहती थी, जिसे बहुत पहले गांव के ही उदासीन अखाड़ा के महंत सेवादास ने मंदिर का रूप दिया। ग्रामीण का मानना है कि जब गांव में बारिश नहीं होती है तो मंदिर में कीर्तन करवा दिया जाता है तो बारिश होने लगती है।

### विधायक ने भूमि पूजन कर शुरू करवाया काम

गांव के प्रधान महेंद्र तिवारी बताते हैं कि सभी के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसका भूमि पूजन बीते दिन मऊ मानिकपुर के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने किया है। विधायक ने गांव से मंदिर तक के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर तक के पहुंच मार्ग को भी जल्द से जल्द बनवाने की बात कही है।

### गांव की कुलदेवी के रूप में पूजी जातीं हैं माता

विंध्यवासिनी देवी कोटरा ख़ांभा गांव की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती हैं। गांव का संबंध रामायणकालीन बाणासुर से भी जोड़ा जाता है। आसपास के गांव टिकरा, तिलौली, चंदई, कल्चीहा, ददरी, पूरब पताई, पश्चिम पताई, गढ़वा सहित कई गांव के लोग मंदिर में पूजन अर्चन के लिए आते रहते हैं।

### प्राचीन सिद्ध पीठ है



- डॉ. राममिलन मिश्र (आचार्य) ने बताया कि यह स्थान अत्यंत प्राचीन और सिद्ध पीठ के रूप में माना जाता है। यहां मां विंध्यवासिनी की कृपा सदैव बनी रहती है। चंडी यज्ञ के माध्यम से पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की जा रही है।

### लोगों की आस्था जुड़ी



- ग्राम प्रधान महेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर हमारे गांव और क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। सभी ग्रामीणों के सहयोग से इसका भव्य जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। साथ ही मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण भी जल्द कराया जाएगा।

## पत्नी के चले जाने से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**रामनगर (चित्रकूट)।** पत्नी के चले जाने से परेशान युवक का शव फंदे से लटका मिला। राजापुर थानांतर्गत छीबों निवासी अमित ने बताया कि चार मार्च उसकी मां गीता देवी चारा लेने के बहाने घर से निकली और बहन की शादी के लिए रखे एक लाख 65 हजार रुपये और गहने लेकर कुछ लोगों के साथ चली गई। इस संबंध में अगले दिन राजापुर थाने में तहरीर भी दी गई। आरोप लगाया कि मां तब राजापुर थाने आई थी और उसने घर जाने से इंकार किया। साथ आए लोगों ने धमकी भी दी। रविवार को उसके पिता पप्पू (40) का शव कालेज के पीछे पेड़ से लटका मिला।

उसने आरोप लगाया कि मां और अन्य आरोपियों ने पिता की हत्या कर पेड़ से शव लटका दिया है। उसने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की गुहार की। उधर, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लालपुर में बनाई अस्थायी पुलिस चौकी

## लालपुर आश्रम में आयेदिन हो रहे विवाद को शांत कराने में मिलेगी मदद, लोगों ने भी ली राहत की सांस

मऊ/रामनगर (चित्रकूट)



विवाद के बाद मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लालापुर में आये दिन विवाद की स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लालापुर आश्रम परिसर में अस्थायी चौकी बना दी है। एसपी के इस कदम से वहां रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि लालापुर में वाल्मीकि आश्रम के आसपार आये दिन नए विवाद सामने आते रहे हैं। बीते दिनों वहां के महंत भरतदास ने कुछ लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। इसके पूर्व भी महंत और कई लोगों के बीच विवाद हुआ। कई मामले पुलिस तक पहुंचे तो कई नहीं। पुलिस के मुताबिक, हालांकि अबतक पुलिस कप्तान अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मंदिर परिसर में शनिवार देर रात एक अस्थाई चौकी बना दी गई। सीओ राजापुर राजकमल ने बताया कि मंदिर में आए दिन हो रहे विवाद की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने असावर माता मंदिर के पास एक अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित कर दी है, जहां मंदिर परिसर के पास ऊपर चार सिपाहियों की तैनाती की गई है, जो हमेशा मौजूद रहेंगे। मंदिर परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा जताई कि इस कदम से इलाके में शांति व्यवस्था कायम रहेगी और यहां की हर गतिविधि पर पुलिस नजर रख सकती है।

### एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल

- इसी मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है ('अमृत विचार' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता) जिसमें महंत और एक युवक के साथ कथित तौर पर मारपीट की बात दिखाई जा रही है। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान युवक की उंगली में चोट भी आई है। हालांकि, बाबा की ओर से अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### महंत का विवादों से है गहरा नाता

- लालापुर वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास का विवादों से गहरा नाता है। मंदिर परिसर में कथित तौर पर दावेदारी के चलते महंत पर पहले भी मारपीट के आरोप लगते रहें हैं। अब तक गंभीर धाराओं में पांच एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।

### दोषी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : सीओ



सीओ राजकमल।

- मंदिर परिसर में हुए विवाद के संबंध में सीओ राजकमल ने बताया कि दोनों पक्षों से जानकारी ली जा रही है। महिला की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। महंत भरत दास की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने वकील के माध्यम से तहरीर देने की बात कही है। वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### महिला ने लगाया महंत पर छेड़छाड़ का आरोप

उधर, असावर माता मंदिर में एक और विवाद सामने आया है। एक महिला ने महंत भरतदास और एक अन्य व्यक्ति रज्जन तिवारी पर छेड़छाड़ और अभद्रता का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि 20 मार्च को वह असावर माता मंदिर में दर्शन करने गई थी। मंदिर का ताला बंद होने पर उसने इसे खोलने के लिए कहा। उसने आरोप लगाया कि इसपर बाबा और रज्जन तिवारी गालीगलौज करने लगे। जब वह अगले दिन सुबह फिर दर्शन करने गई तो इन लोगों ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर गालीगलौज और छेड़छाड़ की। रैपुरा थाने में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



नवनियुक्त सह मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

## महेंद्र कोटार्य ने बनाई 'सेना'

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी।

आलोक पांडेय, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, सुशील वर्मा, पुष्पराज सिंह और मनोज तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। रामबाबू गुप्ता, अखिलेश रैकवार, जवाहर सोनी, शिवनरेश पाल, ओमप्रकाश मिश्रा को मंत्री, भागवत त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी और अर्पित जायसवाल को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कोषाध्यक्ष राजेश रैकवार, सह कोषाध्यक्ष बृजेंद्र शुक्ला, प्रेमलाल वाल्मीकि, कार्यालय प्रभारी राजेंद्र अग्रहरि, सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य रघुवंशी, आई टी सेल प्रभारी संजय पांडेय को बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों का अपने आवास में स्वागत किया।

### आरोपी गिरफ्तार, सूखा गांजा बरामद

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह ने सिंगीवहार थाना जसपुर (छत्तीसगढ़) निवासी एक महिला से चार किलो 100 ग्राम व एक अन्य महिला निवासी 12 थाना लहलूंगा जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से चार किलो 30 ग्राम गांजा बरामद किया। दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में आरक्षी अभिषेक प्रताप, अनुज यादव, नागेश कुमार और काजल यादव रहे।

# सरकार की गाइडलाइन के अनुसार काम करें सभी विभाग : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



बैठक में निर्देश देते सीडीओ डीपी पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण एक से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस संबंध में बीते दिन समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने संबंधित विभागों को सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सभी गतिविधियां समय से कराने व माइक्रोप्लान समय से उपलब्ध कराने को कहा।

सीडीओ ने नगर विकास विभाग व पंचायतीराज विभाग को उच्च लार्वा वाले क्षेत्रों मे नियमित सफाई, कीटनाशक का छिड़काव व फागिंग आदि के लिए निर्देशित किया। सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों व कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्रित करेंगी। आभा आईडी भी बनाई जाएगी। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी डा. जीआर रतमेले, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रगति चंदेल, जयशंकर गुप्ता, डा. श्याम जाटव आदि रहे।

## व्यापारी सम्मान समारोह संपन्न

**उरई (जालौन)।** दिवौलिया रिसोर्ट में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल एवं एग्रो इनपुट डीलर्स एसो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्यापारी सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारियों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि नटवर गोयल, ज्ञानेश मिश्रा तथा एग्रो प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

# जूडो स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, जालौन



प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद उत्साहित खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय उरई स्थित स्टेडियम में जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता हुई। इसमें 63 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने कौशल, तकनीक और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

जूडो खिलाड़ियों ने मैट पर दांव-पेच, संतुलन और फुर्ती का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हर मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत और तकनीक का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में डीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र मनीष, संकेत सिंह, नरेन्द्र, मयंक, सौरभ सिंह, संजय सिंह, चंदन, अभिषेक, अनुज, अमन, शशांक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम राजेश पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और उच्च स्तर की स्पर्धा में भाग लेकर जिले का नाम रोशन करने को प्रेरित किया।

अभियान | बुंदेली सेना ने की घाट की सफाई

# साफ-सफाई के बाद चमक उठा राजाघाट

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



राजाघाट पर सफाई करती बुंदेली सेना के लोग। अमृत विचार

- नगरपालिका से की घाट और विसर्जन कुंड से मिट्टी हटवाने की मांग

**अमृत विचार।** करोड़ों की लागत से बने जिस राजा घाट में गंदगी और प्रदूषण से नदी कराह रही थी, उसे बुंदेली सेना ने तीन दिन अभियान चलाकर साफ स्वच्छ कर दिया। अब नगर पालिका से मिट्टी हटवाने का प्रयास होगा ताकि घाट में लोग डुबकी लगा सकें और घाट का बनना सार्थक हो।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नए बने घाट की दुर्दशा देखकर उन्होंने इसे साफ स्वच्छ करने का लक्ष्य रखा था। अब घाट पूरी तरह साफ हो गया है। लेकिन घाट बनाने के बाद मिट्टी नहीं हटाई गई जिससे सीढ़ियों के बाद दलदल है। इस मिट्टी को नगर पालिका के ईओ से हटवाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही घाट में लोग पूजन सामग्री न फेंके इसके लिए जल्द से जल्द एक विसर्जन कुंड भी बनवाए जाने की मांग की है। अजीत सिंह ने बताया कि धुस मैदान में पानी की टंकी के आसपास के घरों का गंदा पानी नाली के जरिए राजाघाट की ओर जाता है। इस गंदे पानी की समस्या समाधान के लिए बुंदेली सेना की मांग पर तत्कालीन जिलाधिकारी विशाख अय्यर ने नाली में फिल्टर का निर्माण करा दिया था। घाट बनाने के समय नगर पालिका ने उस फिल्टर का आधा हिस्सा तोड़ दिया और गंदे पानी को सीधे इंटेक वेल के पास गिरा दिया है। पेयजल के पास नाली के पानी का गिरना खतरनाक है। यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं निकला तो बुंदेली सेना राजाघाट में धरना प्रदर्शन करेगी।

राजाघाट के बाद बुंदेली सेना पुलघाट और फिर रामघाट में सफाई अभियान चलाएगी। लोगों से नदी को साफ स्वच्छ रखने के लिए पूजन सामग्री नदी किनारे रखने या भू विसर्जन की अपील की है। सफाई अभियान में धर्मेंद्र ओझा, चुन्नीलाल निषाद, सुरेन्द्र सिंह शेरा, रामनरेश यादव, अंकित पहरिया, कमल छबलानी आदि का सहयोग रहा।

# मेले में 200 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुरा में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुरा में रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

मेले में का शुभारंभ पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ने नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर विगत नौ वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी, वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी ने शासन की योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान शासन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे आरवीएसके, जननी शिशु सुरक्षा योजना, जेएसवाई, आभा आईडी, गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, परिवार कल्याण कार्यक्रम, दंत चिकित्सा, एलौपैथी चिकित्सा, कुष्ठ रोग, टीबी कार्यक्रम, एनसीडी, पीएमएसएमए दिवस आदि के स्टॉल लगाए, जिसमें लगभग 200 मरीजों का इलाज कर चिकित्सीय सलाह दी गई। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का शुभारंभ 4 अप्रैल 2026 से किया जाना है, जिसमें चिकित्सा से संबंधित समस्त कार्य ऑन लाइन किये जाएंगे। जिससे जनमानस को काफी फायदा होगा। अंत में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह अधीक्षक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दवा लेने गई किशोरी हुई लापता

**कालपी (जालौन)।** घर से दवा लेने के लिए गई किशोरी गायब हो गई। परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी 17 वर्षीय किशोरी कानपुर देहात स्थित एक कालेज में पढ़ती है। कुछ दिनों पूर्व उसकी बड़ी बहन ने उसको फोन पर किसी लड़के से बात करते समय मोबाइल छीन लिया था और सिम तोडकर फेंक दी थी लेकिन शनिवार को वह उरई स्थित मेडिकल कॉलेज में दवा लेने गई थी लेकिन देरशाम तक वह नहीं लौटी। पिता ने रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके पड़ोसी का रिश्तेदार युवक भी गायब है जो काफी दिनों से उसके घर के आसपास घूमता था और पुत्री के गायब होने के साथ वह भी गायब है। उसे आशंका है कि उसकी पुत्री को वह बहला फुसलाकर ले गया है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा जांच की जा रही है।

# अमृत विचार

**सोमवार, 23 मार्च 2026**




अगर आप नीचे की ओर देख रहे हैं, तो आपको कभी इंद्रधनुष नहीं मिलेगा।
–**चार्ली चैपलिन**, हॉलीवुड अभिनेता



## इस छूट के मायने

अमेरिका द्वारा ईरान से सीमित अवधि के लिए तेल खरीद की छूट विरोधाभासी है। जिस देश पर प्रतिबंध लगाकर उसके तेल राजस्व को रोकने की कोशिश की गई, उसी को अचानक "राहत" क्यों? यह निर्णय किसी उदारता से अधिक जटिल भू-राजनीतिक गणित का परिणाम है। लक्ष्य है ऊर्जा बाजार को तात्कालिक झटके से बचाना, आपूर्ति की कमी से कीमतों को काबू में रखना और समुद्र में फंसा तेल चीन की ओर न चला जाए इसकी व्यवस्था। इसीलिए विरोधाभास से आंखें मूंदकर यह फैसला लेना पड़ा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पश्चिम एशिया में तनाव, शिपिंग जोखिम और रूस-यूक्रेन युद्ध ने तेल गैस आपूर्ति को इतना संवेदनशील बना दिया कि इस मामले ऐसी रियायत देनी पड़ी। सीमित समय सीमा मात्र इसलिए ताकि यह "नियंत्रित वाल्व" की तरह काम करे। थोड़ी अतिरिक्त आपूर्ति आए, तेल बाजार में कीमतें नरम पड़ें, पर स्थायी ढील न बने, पर इससे कीमतें लंबे समय तक नियंत्रित नहीं रहने वाली।

समुद्र में फंसे लगभग 170 मिलियन बैरल तेल को बाजार तक लाने से अल्पकालिक राहत ही मिलेगी स्थायी समाधान नहीं। अगर भू-राजनीतिक तनाव जारी रहता है, तो यह राहत कुछ हफ्तों से लेकर कुछ महीनों से ज्यादा टिकाऊ नहीं होगी। ऊपर से ईरान का यह कहना कि उसके पास "सरप्लस तेल नहीं है", संकेत देता है कि उपलब्ध अतिरिक्त आपूर्ति सीमित है या तो तेल पहले ही अनुबंधित है या ऐसे व्यवस्थागत ढांचे में है, जिसे तुरंत मोड़ा नहीं जा सकता। इससे वास्तविक आपूर्ति बनाम अपेक्षा के बीच अंतर पैदा होगा, जो कीमतों में अस्थिरता बनाए रख सकता है। रूस पर प्रतिबंध और ईरान को छूट की दोहरी नीति का आरोप अमेरिका पर भले लगे, लेकिन व्यवहार में यह परिस्थिति-आधारित रणनीति है। रूस के मामले में उद्देश्य उसके युद्ध वित्त को बाधित करना था, वहीं ईरान के मामले में लक्ष्य तत्काल आपूर्ति झटके को कम करना और ईरानी तेल तक चीन की निर्बाध पहुंच को संतुलित करना है। यानी यहां सिद्धांत नहीं, हित-आधारित लचीलापन काम कर रहा है। भुगतान और लेन-देन की शर्तें महत्वपूर्ण होंगी।

व्यवहार में कई शर्तें वॉशिंगटन की रूपरेखा के अनुसार होंगी। अमेरिकी निगरानी में लेन-देन होने से डॉलर, यूरो या विशेष एस्क्रो व्यवस्थाएं अपनाई जा सकती हैं। "शैडो फ्लीट" पर लदे तेल के कारण बीमा, ट्रैकिंग और भुगतान जोखिम बढ़ते हैं, इसलिए खरीदार देशों को प्रशासनिक अनुपालन और जोखिम प्रबंधन में सावधानी रखनी होगी। भारत के लिए यह अवसर के साथ परीक्षा भी है। भारतीय रिफाइनरियां सीमित मात्रा में ईरानी ग्रेड्स, जो तकनीकी रूप से उपयुक्त और कभी-कभी प्रतिस्पर्धी कीमत पर मिलते हैं, उसका लाभ उठा सकती हैं, पर उन्हें अमेरिकी दिशा-निर्देशों, भुगतान चैनलों और बीमा शर्तों का पालन करना ही होगा। रूस के तेल की तुलना में ईरानी तेल हर बार सस्ता हो, यह तय नहीं, पर लॉजिस्टिक्स, गुणवत्ता और अनुबंध शर्तों के आधार पर यह आकर्षक विकल्प बन सकता है। भारत को चाहिए कि वह इस मौके का उपयोग आपूर्ति विविधीकरण, रणनीतिक भंडार और नवीकरणीय ऊर्जा में तेज निवेश के साथ करे। क्योंकि ऊर्जा सुरक्षा का स्थायी उत्तर बाजार की दया पर नहीं, नीतिगत दूरदृष्टि और आत्मनिर्भरता पर टिका होता है।

### प्रसंगवश

## शहीद दिवसः क्या राष्ट्रप्रेम अब प्रतीक भर रह गया है

भारत हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाता है। यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा में अंकित वह क्षण है, जब भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर इतिहास को अमर कर दिया। आज, जब देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पार कर चुका है, एक असहज प्रश्न हमारे सामने खड़ा है कि क्या हम उस बलिदान की अग्नि को अपने भीतर जीवित रख पाए हैं या वह केवल औपचारिक स्मरण तक सिमट गई है? आधुनिक भारत की हाईटेक और डिजिटल होती पीढ़ी के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि आजादी कोई उपहार नहीं थी। यह उन अनगिनत क्रांतिकारियों की कीमत पर मिली, जिन्होंने अपने जीवन, अपने सपने और अपने परिवार तक को राष्ट्र के चरणों में समर्पित कर दिया।

भगत सिंह महज 23 वर्ष के थे, जब उन्होंने फांसी को गले लगाया। यह वही उम्र है, जब आज का युवा अपने करियर, सुविधाओं और निजी आकांक्षाओं के बारे में सोचता है। ऐसे में यह तुलना स्वयं में एक प्रश्न बन जाती है कि क्या हमारे समय का युवा उस युग के युवा के समान अर्थ रखता है? साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय पर हुए निर्मम लाठीचार्ज और उनकी मृत्यु ने भारतीय युवाओं के मन में क्रांति की ज्वाला भड़का दी। इसी ज्वाला का परिणाम था सांडर्स वध, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को यह संदेश दिया कि भारत का युवा अब अन्याय सहने को तैयार नहीं है। इसके बाद केंद्रीय असेंबली में बम फेंकने की घटना, जिसे भगत सिंह ने "बहरों को सुनाने का प्रयास" बताया था। सिर्फ एक विस्फोट नहीं था, बल्कि विचारों का उद्घोष था। बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर उन्होंने गिरफ्तारी दी ताकि उनका संदेश पूरे देश में गूंज सके। जब अंग्रेजी हुकूमत ने इन युवाओं को फांसी की सजा सुनाई, तब पूरा देश उनके समर्थन में खड़ा हो गया। चंद्रशेखर आजाद ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, परंतु अल्फ्रेड पार्क में लड़ते हुए उन्होंने भी अपने प्राण न्योछावर कर दिए। अंततः 23 मार्च 1931 की शाम, नियत तिथि से पहले ही, अंग्रेजों ने भयवश तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी। यह केवल तीन व्यक्तियों की मृत्यु नहीं थी, बल्कि एक राष्ट्र की चेतना और भी अधिक जागृत हो उठी। आज स्थिति बदल चुकी है। राष्ट्रप्रेम अब कई बार प्रतीकों और अवसरों तक सीमित दिखाई देता है। सोशल मीडिया के स्टेटस, औपचारिक समारोह और दो चार देशभक्ति गीतों तक। सबसे अधिक चिंताजनक यह है कि समाज में एक विभाजनकारी मानसिकता पनप रही है, जहां समृद्ध वर्ग अपने बच्चों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक भविष्य चाहता है, जबकि सीमाओं की रक्षा का दायित्व मानो केवल सामान्य या मध्यम वर्ग पर छोड़ दिया गया है। यह सोच न केवल असंतुलित है, बल्कि राष्ट्र की एकता के लिए भी खतरा है।




अरविंद रावल
लेखक

राष्ट्रप्रेम कोई अवसर विशेष की भावना नहीं, बल्कि एक सतत चेतना है। यह जाति, धर्म, वर्ग और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्र को सर्वोपरि मानने का दृष्टिकोण है। यदि आज की पीढ़ी इस मूल भावना से दूर होती गई, तो वह दिन दूर नहीं, जब राष्ट्र का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। इसलिए, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे अमर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। शहीद दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह देखने का कि क्या हम उस स्वतंत्रता के योग्य नागरिक बन पाए हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद दिवस हमें इतिहास को याद करने के साथ-साथ वर्तमान को परखने और भविष्य को दिशा देने का अवसर देता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नाटो से बाहर हो सकता है अमेरिका





नवीन गुप्ता
बरेली


ईरान पर हमले से पहले ट्रंप ने कहा था कि दो से चार दिन में ही ईरान हार जाएगा। उसकी नौसेना, वायुसेना समाप्त हो गई है, लेकिन ईरान अपने बेड़े से एक के बाद एक बड़े हथियार निकालकर यह बता रहा है कि अभी उसमें दम है।


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी बढ़ती ही जा रही है। पहले वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी और अब ईरान पर हमला करके उन्होंने खाड़ी देशों को युद्ध की आग में झोंक दिया। वे यहीं नहीं रुके हैं। उनका अगला निशाना क्यूबा और ग्रीन लैंड होगा। यह बात पूरी दुनिया को पता है। यही वजह है कि नाटो के सदस्य देश अब न सिर्फ ट्रंप की मनमानी को रोकना चाहते हैं, बल्कि खुद की सैन्य शक्ति को बढ़ाकर रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। ईरान की बढ़ती आक्रमकता के बाद ट्रंप ने नाटो सदस्य देशों से अपने युद्धपोत होर्मुज में भेजने के लिए कहा था, पर सबने मनाकर दिया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री अमेरिका के दबाव में आए और उन्होंने अपने बेस से ईरान पर हमले की इजाजत ट्रंप को देदी।

परिणाम यह हुआ कि ईरान ने डिएगो गासिर्या पर हमला कर यह बता दिया कि जो भी देश अमेरिका के साथ खड़ा होगा उसके वहां उसकी मिसाइलें गिरेंगी और तबाही मचाएंगी। डिएगो गार्सिया पर चार हजार किलोमीटर लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल से ईरान के प्रहार ने न सिर्फ नाटो देशों में सकते में ला दिया है, बल्कि पूरी दुनिया को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि अमेरिका और इजरायल ने अब बड़ी गलती कर दी है, क्योंकि ईरान का मकसद अब युद्ध को न सिर्फ लंबा खींचना है, बल्कि एक के बाद एक अमेरिकी सहयोगी देश पर हमला करके इस युद्ध को व्यापक बनाना है। यही वजह है कि अब नाटो बिखरता हुआ दिख रहा है और ट्रंप नाटो से बाहर आने के संकेत दे रहे हैं।

हमले से पहले ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान परमाणु बम बनाने के करीब है। यदि वह परमाणु बम का परीक्षण कर लेगा तो फिर इसके दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने होंगे। उन्होंने इसका डर अमेरिकी जनता के साथ ही यूरोपीय और खाड़ी देशों को भी दिखाया। जबकि पिछले साल जब अमेरिका और इजराइल ने हमला किया था, तो यह दावा किया था कि उसकी एयर स्ट्राइक में ईरान के परमाणु ठिकाने पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। जबकि अमेरिकी सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी को दी गई अपनी लिखित गवाही में अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने यह स्वीकार किया है कि 2025 में अमेरिका और इजरायल के ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के बाद ईरान की परमाणु संवर्धन क्षमता पूरी तरह नष्ट हो गई थी। परिणाम स्वरूप ईरान ने अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को दोबारा शुरू करने की कोई ठोस कोशिश नहीं की। इस रिपोर्ट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप आलोचनाओं में घिर गए हैं, पर वे युद्ध की इस कार्रवाई को सही ठहराने में जुटे हैं।

अमेरिकी नागरिक और वहां के थिंक टैंक का आरोप है कि इजरायल के प्रधानमंत्री के कहने पर ट्रंप ने अमेरिका को बिना वजह युद्ध में शामिल किया। इस बात की कसक फ्रांस समेत कई नाटो देशों को भी है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो का गठन जब हुआ था तब तय किया गया था कि नाटो के किसी एक सदस्य पर हमला होता है, तो सदस्य देश उसकी मदद को आगे आएंगे। तुर्किए नाटो का सदस्य है।

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने तुर्किए पर मिसाइल व ड्रोन से प्रहार किया, लेकिन एक भी नाटो सदस्य देश उसके बचाव में आगे नहीं आया। यहां तक कि होर्मुज स्ट्रेट में ईरान द्वारा तेल और गैस लदे जहाजों पर हमले के बाद भी फ्रांस, जर्मनी, जापान और ग्रीस जैसे देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने से मनाकर दिया। इन देशों को पता है कि यदि वे वहां अपने युद्धपोत भेजते हैं, तो ईरान जो हाल सऊदी अरब, कतर, बहरीन और यूएई का कर रहा है, वही उनका भी करेगा। ईरान उनके यहां भी एयरपोर्ट, सैनिक ठिकानों और रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले कर तबाही मचाएगा। इस तबाही की भरपाई मुश्किल होगी। डिएगो गासिर्या पर प्रहार से पहले ईरान के विदेश मंत्री ने ब्रिटेन को धमकी दी थी कि यदि वह अमेरिका की मदद करेगा, तो फिर इसका अंजाम बुरा होगा, लेकिन ब्रिटेन ने इस धमकी को नजरअंदाज किया। परिणाम स्वरूप डिएगो गार्सिया पर हमला करके ईरान ने बता दिया कि उसकी मिसाइलों की जद में फ्रांस, ब्रिटेन समेत तमाम नाटो देश हैं, जहां वह कभी भी हमला कर सकता है। हालांकि फ्रांस, ग्रीस, जर्मनी जैसे देश पहले ही डोनाल्ड ट्रंप से साफ कह चुके हैं कि वे इस युद्ध में अमेरिका की कोई मदद नहीं करेंगे।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस इनकार की कई वजहें हैं। ट्रंप अब मनमानी पर उतर आए हैं। वे फ्रांस, जापान समेत तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्षों को बात-बात पर नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। नाटो से निकलने की धमकियां देते हैं और बिना वजह युद्ध करना चाहते हैं। ऐसे में कोई भी देश उनका साथ देने को तैयार नहीं है। रही बात इजराइल की तो वह इस्लामिक राष्ट्रों से घिरा हुआ है और उसे अपना अस्तित्व बचाना है इसलिए वह अमेरिका के साथ कोई भी युद्ध हो उसमें शामिल होगा।

नाटो देशों द्वारा मदद से इनकार से ट्रंप बौखलाए हुए हैं और नाटो का अस्तित्व समाप्त होने की धमकी दे रहे हैं, पर ब्रिटेन के अलावा कोई भी अन्य देश उनकी गीदड़ भभकी में नहीं आया। ईरान पर हमले से पहले ट्रंप ने कहा था कि दो से चार दिन में ही ईरान हार जाएगा। उसकी नौसेना, वायुसेना समाप्त हो गई है, लेकिन ईरान अपने बेड़े से एक के बाद एक बड़े हथियार निकालकर यह बता रहा है कि अभी उसमें दम है और वह अंतिम दम तक लड़ेगा। युद्ध लंबा खिंचेगा तो इसके बारूद की आग कई और देशों को अपनी चपेट में लेंगी, जो किसी भी स्थिति में ठीक नहीं होगा। सदस्य देशों से नाराज डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के नाटो से बाहर आने की फाइल पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ऐसी आशंका है।

### आमने सामने



आरजी कॉलेज की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन टीएमसी और ममता बनर्जी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बीजेपी बंगाल में नहीं जीतेगी। हर जगह बीजेपी वोट की चोरी कर के जीत हासिल करती है। इतिहास में पहली बार चुनावों के दौरान बंगाल से 50 से ज्यादा अधिकारियों के तबादले किए गए हैं।
–**शत्रुघ्न सिन्हा**, सांसद, टीएमसी

एसआईआर में जो वोट काटे गए, वे घुसपैठियों, दिवंगत लोगों के थे। वहां, एक आदमी कई वोट डालता था, एक आदमी के कई जगहों पर वोट थे। अगर ऐसे आदमी का वोट काटा गया, तो उन्हें क्या एतराज है? क्या आप बंगाल को बाकी भारत से अलग करना चाहते हैं? बंगाल के लोग सब देख रहे हैं और वहां बीजेपी की सरकार जरूर बनेगी। – **विजय कुमार शर्मा**, डिप्टी सीएम, छत्तीसगढ़



# दिखावटी चुनाव में एक तानाशाह की बल्ले-बल्ले



डॉ.रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार


नॉर्थ कोरिया के अलावा रूस में भी ऐसी ही चुनावी प्रक्रिया है। वहां भी सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को अपने पक्ष में वोट करने का आदेश दिया जाता है।


2 करोड़ 66 लाख आबादी वाले अघोषित गुलाम मुल्क उत्तर कोरिया में 15 वें 'सुप्रीम पीपल्स असेंबली' के संपन्न दिखावटी चुनाव में भी किम जोंग उन ने एकतरफा जीत हासिल करके फिर से अपने तानाशाह होने का परिचय न सिर्फ अपने देशवासियों को, बल्कि समूचे संसार को दे दिया है। सभी 687 सीटों पर उनके समर्पित लोग जीते हैं। मौजूदा चुनाव में भी उनके सामने न कोई विपक्ष था और न ही कोई विरोधी? चुनाव में उन्होंने उम्मीदवार के रूप में अपने चपरासी, नौकर, जीजा, बहनें और जी-हुजूरी करने पार्टी कार्यकर्ता-कर्मचारियों को टिकट देकर उतारा था। चुनाव में किम जोंग की दो छोटी बहनें किम यो-जोंग, चो सन-हुईन और जीजा किम नॉउ व योंग-वोन भी जीते हैं। गठित कैबिनेट में इन चारों को बड़ी जिम्मेदारी देंगे किम जोंग।

उत्तर कोरिया में चुनाव का मतलब केवल कोरियाई आवाम के अनुशासन को चेक करना और सरकारी डेटा को अपडेट करना मात्र होता है। वहां जनता अपनी पसंद का न उम्मीदवार चुन पाती है और न वोट कर सकती है। वोट न करना देशद्रोह माना जाता है। नार्थ कोरियाई लोग किम जोंग का आदेश किसी भी सूरत में नहीं टालते। अगर वो कहें कि आज सूरज पूरब से नहीं पश्चिम से उगेगा, तो देशवासियों को हां में ही जवाब देना होता है। जब वो हंसते हैं, तो सबको हंसना पड़ता है। घर से दो दिन किसी को नहीं निकलना है, तो कोई नहीं निकलता। लॉकडाउन जैसी स्थिति वहां हो जाती है।

ऐसी अजीबोगरीब शर्तों को नार्थ कोरियाई आवाम को न चाहते हुए भी मानना पड़ता है। उत्तर कोरियाई का संसदीय चुनाव का इतिहास 1948 से रहा है। तब, वहां श्रमिक पार्टी, चोंडो ईस्ट चांगु पार्टी, कोरियाई लोकतांत्रिक पार्टी, श्रमिक जन पार्टी, पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी व डेमोक्रेटिक इंडिपेंडेंट पार्टी की धूम होती थी, लेकिन अब सिर्फ और सिर्फ तानाशाह का ही चारों ओर बोलबाला है। वहां, पिछला संसदीय चुनाव 10 मार्च 2019 को हुआ था। परंपरा प्रत्येक 5 साल बाद चुनाव कराने की है, लेकिन हुए 7 साल बाद हैं।

इस चुनाव में आदेश था कि सभी सरकार के पक्ष में वोट करें, देशवासियों ने उनके आदेशानुसार वोट डाले। वोटर टर्नआउट 99.99 प्रतिशत रहा, जिनमें उनके पक्ष में रिकॉर्ड 99.93 प्रतिशत वोटिंग हुई। पंजीकृत मतदाताओं में केवल 0.0037 प्रतिशत वोटरों ने चुनावी प्रक्रिया में किसी कारण हिस्सा नहीं लिया, जिनमें ज्यादातर ऐसे लोग बताए जाते हैं, जो चुनाव के वक्त या देश से बाहर थे या हारी बीमारी से पीड़ित थे। सरकारी मीडिया एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक 516 लोगों ने वोट नहीं डाले, जिनकी खोज-पड़ताल जारी है। खोजने पर उन्हें मौत की सजा सुनाई जाएगी। घरों की तलाशी जारी है, हाथ पर लगे निशान की जांच की जा रही है। कुल मिलाकर पूर्ववर्ती चुनावों की तरह इस बार भी तानाशाह शासक का बोलबाला पूरे संसदीय चुनाव के दौरान रहा।

गौरतलब चुनाव में अगर कोई सरकारी कर्मचारी उनके पक्ष में वोट नहीं करता, उसे सेवा से बेदखल कर दिया जाता है। अगर पब्लिक ने वोट नहीं किया, तो उस पर देशद्रोह का मुकदमा करके सरेआम कोड़ों से पीटा जाता है। नार्थ कोरिया में नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका या कोई ऐसे मुल्क जैसी व्यवस्था नहीं है कि विरोध में वहां के लोग 'जेन-जी' जैसा आंदोलन कर सके। ऐसा सपने में भी कोई नहीं सोच करता। सोचेगा तो उसे जिंदा गाड़ दिया जाता है। पिछले साल अगस्त-2025 का वाक्या है जब किम जोंन उन अपनी कैबिनेट की मीटिंग कर रहे थे, तभी बीच में एक कर्मचारी ने चाय पीने को लेकर उनसे पूछ लिया। सजा के तौर पर जोंन ने उनकी जुबान और दोनों हाथ कटवा दिए थे। मौजूदा 2026 का आम चुनाव भी उत्तर कोरिया के अनूठे राजनीतिक ढांचे को दर्शाता है कि जहां हर निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार होने का अधिकार है, जो किम के नेतृत्व वाली सत्ता द्वारा पहले से ही चुन लिया जाता है। मतदान में उत्तर कोरिया के वोटर्स को सिर्फ हां या न कहने का अधिकार मिलता है। चुनाव में विपक्ष का उम्मीदवार खड़ा नहीं होता। नॉर्थ कोरिया वैश्विक पटल से तकरीबन कटा हुआ है। उसे न अर्थव्यवस्था से मतलब है और न ही किसी किस्म की तरक्की से? अपने मन की हुकुमत किम जोंन चलाते हैं। किम जोंन न किसी मुल्क का दौरा करते हैं और न उनके यहां कोई राष्ट्राध्यक्ष जाता है। एकाध मर्तबा कोई पहुंचा भी, तो उसे सरेआम मारा-पीटा गया। कइयों को जान से भी हाथ धोना पड़ा? ग्लोबल स्तर पर बनीं तमाम कल्याणकारी समितियों का भी नॉर्थ कोरिया सदस्य नहीं है। उनके प्रतिनिधि भी कहीं प्रतिभाग नहीं करते।

नॉर्थ कोरिया के अलावा रूस में भी ऐसी ही चुनावी प्रक्रिया है। वहां भी सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को अपने पक्ष में वोट करने का आदेश दिया जाता है। इस दिशा में कुछ और भी राष्ट्राध्यक्ष चल पड़े हैं। तानाशाह शासक बेशक लोकतंत्र होने की दुहाई देते हों, लेकिन वो गुलाम बनाकर रखते हैं अपने आवाम को। नॉर्थ कोरियाई लोग कब तानाशाह से मुक्ति पाएंगे, ये सवाल भविष्य के गर्भ में सुरक्षित है। तारीख कौन सी मुकर्रर होगी, ये तो आने वाले समय ही बताएगा। नॉर्थ कोरियाई लोग ज्यादातर शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। विश्व में जनसंख्या के मामले में 56 वें स्थान पर है। 2.66 लाख वाले इस मुल्क के लोगों को आजादी की सुबह कब होगी नसीब उसकी दुआ पूरा संसार करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## सकारात्मक संकेत

भारत की ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से ईरान और पश्चिम एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। ईरान इजरायल के कारण बढ़ते तनाव और क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थितियों ने भारत की प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति श्रृंखला को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है। खाड़ी क्षेत्र के बढ़ते तनाव और हालिया क्षेत्रीय अस्थिरता से पहले, भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात के माध्यम से पूरी करता रहा है। भारत के प्रमुख गैस आपूर्ति भागीदारों में कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता (कुल आयात का लगभग 40-45 प्रतिशत रहा। यह पूरी आपूर्ति फिलहाल ठप है और बहाल होने में लंबा समय लगने की आशंका है, क्योंकि ईरानी हमले से इसके प्लांट संयंत्रों को भारी क्षति पहुंची है।



आर एन शाही
गोरखपुर

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अमेरिका से भी गैस आयात में भारी वृद्धि की है। ऑस्ट्रेलिया दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से एक स्थिर स्रोत बनकर उभरा है, जो लंबे समय तक राहत देगा। अन्य देशों में अंगोला, नाइजीरिया और ओमान जैसे देश हैं, जिनकी आपूर्ति जारी रहने वाली है। हालांकि भारत पाइपलाइन (आईपीआई पाइपलाइन) के माध्यम से ईरान से सीधे गैस नहीं ले पा रहा था, लेकिन ईरान 'फारस की खाड़ी' और 'होर्मुज जलडमरूमध्य का द्वार है, जहां से भारत की 60 प्रतिशत से अधिक गैस आपूर्ति गुजरती है। यह पूरी की पूरी आपूर्ति फिलवक्त अवरोध और अनियमितता का शिकार है। हालिया संघर्षों के कारण सीधे तौर पर गैस के कुओं से उत्पादन कम होने की अपेक्षा, परिवहन और लॉजिस्टिक्स में बड़ी बाधाओं के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है। अनुमान है कि लाल सागर और फारस की खाड़ी में तनाव के कारण भारत की कुल गैस आपूर्ति का लगभग 10-15 प्रतिशत हिस्सा अनिश्चितता के घेरे में आया है। मुख्य रूप से उन देशों से आने वाली सप्लाई प्रभावित हुई है, जो लाल सागर मार्ग का उपयोग करते हैं, जैसे कुछ यूरोपीय स्रोत और अल्जीरिया। युद्ध के खतरे के कारण जहाजों के समुद्री बीमा में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जिससे लैंडिंग लागत बढ़ गई है। भारत ने अपनी रणनीति को "विविधीकरण" पर केंद्रित किया है ताकि किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम हो। भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए पश्चिम एशिया से हटकर अफ्रीका और अमेरिका की ओर रुख कर रहा है, जो भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। यह किसी भी सरकार के लिए चाहे भारत हो या चीन, जादू की छड़ी घुमाने जैसी कोई चमत्कारिक कार्यवाही नहीं है।

**– फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## मार्च में सर्दी-गर्मी जलवायु परिवर्तन की चेतावनी

प्रकृति का अपना एक निश्चित अनुशासन और संतुलन होता है। सदियों से पृथ्वी पर ऋतुओं का क्रम तय रहा है। वसंत की मधुरता, ग्रीष्म की तपिश, वर्षा की हरियाली, शरद की शांति, हेमंत की ठंडक और शीत ऋतु की सिहरन। भारत जैसे देश में यह ऋतुचक्र केवल मौसम का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और कृषि व्यवस्था का आधार रहा है। किंतु हाल के वर्षों में यह संतुलन तेजी से बिगड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। मार्च के तीसरे सप्ताह में मौसम के अचानक बदले स्वरूप ने इस असंतुलन को स्पष्ट कर दिया। हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। विशेष रूप से सरसों और गेहूं जैसी रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, क्योंकि यह समय उनके पकने का होता है। ऐसे में मौसम की थोड़ी-सी भी अनियमितता उत्पादन को सीधे प्रभावित करती है।



राजेश जैन
लेखक

किसान अपनी खेती का समय ऋतुओं के अनुसार तय करता है और त्योहार व परंपराएं भी मौसम से गहराई से जुड़ी होती हैं, लेकिन जब मौसम ही अनिश्चित हो जाए, तो पूरी जीवन व्यवस्था प्रभावित होती है। यह असामान्य मौसम केवल संयोग नहीं, बल्कि एक गंभीर वैश्विक समस्या जलवायु परिवर्तन का संकेत है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक है। रबी फसलों- जैसे गेहूं, चना और सरसों के लिए मार्च का समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस दौरान तापमान अचानक बढ़ जाए, तो दानों का विकास प्रभावित होता है और उत्पादन घट जाता है। वहीं, अचानक बारिश, ठंड या ओलावृष्टि तैयार फसल को नष्ट कर सकती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और खाद्यान्न सुरक्षा भी प्रभावित होती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। अचानक बदलते मौसम के कारण शरीर को अनुकूलन का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता, जिससे सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण, एलर्जी और श्वसन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित होते हैं। कई बार अचानक बढ़ती गर्मी हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं को भी जन्म देती है। प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाएं भी इसी असंतुलन का संकेत हैं। बाढ़, सूखा, चक्रवात, जंगलों में आग और भूस्खलन जैसी घटनाएं अब अधिक बार देखने को मिल रही हैं। हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदियों के प्रवाह और जलस्तर में बदलाव आ रहा है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो भविष्य में जल संकट और भी गहरा सकता है। इस असंतुलन के पीछे मानव गतिविधियों की बड़ी भूमिका है। बढ़ती जनसंख्या और विकास की दौड़ में हमने प्रकृति के संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया है। वनों की कटाई, बढ़ता प्रदूषण और अनियंत्रित शहरीकरण ने पर्यावरणीय संतुलन को कमजोर कर दिया है। पेड़-पौधों की कमी के कारण वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, जिससे तापमान नियंत्रित रखने वाली प्राकृतिक प्रणाली प्रभावित हो रही है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। यह स्पष्ट है कि प्रकृति के साथ असंतुलन का परिणाम मानव को ही भुगतना पड़ता है। यदि समय रहते हमने अपनी जीवनशैली और विकास की दिशा में सुधार नहीं किया, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संतुलित और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# हाथ की उंगलियों में पहनी जाने वाली खूबसूरत अंगूठियां



अंगूठी एक ऐसा आभूषण है, जो सदियों से सुंदरता और आकर्षण का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष भी अपने हाथों की उंगलियों में अंगूठी पहनना पसंद करते हैं। यह केवल सजावट का साधन नहीं है, बल्कि कई बार यह प्यार, रिश्ते और भावनाओं का प्रतीक भी होती है। खासकर सगाई और शादी में अंगूठी का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। आजकल बाजार में अंगूठियों की बहुत सारी सुंदर डिजाइन मिलती हैं। सोने, चांदी, हीरे और अलग-अलग रंगों के पत्थरों से बनी अंगूठियां हाथों की खूबसूरती को और भी बढ़ा देती हैं। कुछ लोग साधारण और हल्की अंगूठी पहनना पसंद करते हैं, जबकि कुछ लोग भारी और डिजाइनर अंगूठियां पहनना पसंद करते हैं। हर व्यक्ति अपनी पसंद और स्टाइल के अनुसार अंगूठी चुनता है।



नूर हिना खान
लेखिका

## अंगूठियों की डिजाइन

अंगूठियों की डिजाइन समय के साथ बदलती रहती है। पहले साधारण गोल डिजाइन अधिक पसंद किए जाते थे, लेकिन आजकल फ्लावर डिजाइन, हार्ट शेप, क्राउन डिजाइन और मिनिमल स्टाइल की अंगूठियां बहुत ट्रेंड में हैं। खासकर युवतियां पतली और स्टाइलिश अंगूठियां पहनना पसंद करती हैं, जो उनके हाथों को और भी आकर्षक बनाती हैं। आज के समय में अंगूठियां केवल आभूषण नहीं रह गई हैं, बल्कि यह फैशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं। किसी भी पार्टी, शादी या खास अवसर पर एक सुंदर अंगूठी पूरे लुक को और भी खास बना देती है। इसलिए कहा जा सकता है कि अंगूठी छोटी जरूर होती है, लेकिन इसकी सुंदरता और महत्व बहुत बड़ा होता है।



## साधारण अंगूठी

यह हल्की और सादी डिजाइन की होती है। इसे रोजमर्रा में पहनना आसान होता है। ऑफिस, घर या सामान्य काम करते समय ऐसी अंगूठियां सबसे अच्छी रहती हैं।

## डिजाइनर अंगूठी

डिजाइनर अंगूठियों में अलग-अलग स्टाइल, नक्काशी और नए फैशन की डिजाइन होती हैं। इन्हें पार्टी, शादी, त्योहार या किसी खास मौके पर पहनना ज्यादा अच्छा लगता है।







## फैशन अंगूठी

फैशन अंगूठियां ट्रेंड के अनुसार बनाई जाती हैं। आजकल पतली, मिनिमल और स्टैकिंग (एक साथ कई अंगूठियां पहनना) स्टाइल बहुत लोकप्रिय है। युवतियां इन्हें कैजुअल और पार्टी दोनों में पहनती हैं।

## स्टोन या रत्न वाली अंगूठी

इन अंगूठियों में अलग-अलग रत्न लगे होते हैं, जैसे पन्ना, माणिक, मोती या नीलम। कई लोग इन्हें ज्योतिष के अनुसार पहनते हैं, क्योंकि माना जाता है कि सही रत्न जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाता है।

## सगाई या शादी की अंगूठी

यह सबसे खास अंगूठी मानी जाती है। सगाई और शादी में जो अंगूठी पहनाई जाती है वह रिश्ते और प्यार का प्रतीक होती है। अक्सर इसमें हीरा या सुंदर पत्थर लगा होता है।



## कैसे चुनें अच्छी अंगूठी

अच्छी अंगूठी चुनते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले अंगूठी का साइज सही होना चाहिए ताकि पहनने में आराम रहे। दूसरा, उसकी डिजाइन आपके हाथों और स्टाइल पर सूट करनी चाहिए। तीसरा, उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए ताकि वह जल्दी खराब न हो। कुल मिलाकर अंगूठी एक छोटा सा आभूषण है, लेकिन यह व्यक्ति की खूबसूरती और व्यक्तित्व को और भी निखार देती है। सही अंगूठी सही समय पर पहनी जाए, तो हाथों की सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है।

# 67 साल बाद एक गीत की वापसी

*Choo, choo train, a-chugging down the track*
*Gotta travel on, never coming back*
*Whoo-oo-hoo, got a one way ticket to the blues*
*Bye, bye love, my baby's leaving me*
*Now lonely teardrops are all that I can see*
*Whoo-oo-hoo, got a one way ticket to the blues*



यह गीत हाल के समय में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 67 साल बाद अचानक फिर से वायरल हो गया है, जो यह दर्शाता है कि संगीत की कोई समय सीमा नहीं होती। 1959 में नील सेडका द्वारा लोकप्रिय बनाया गया यह गीत अपने भावनात्मक बोल और मधुर धुन के कारण पहले भी श्रोताओं के दिलों में खास जगह बना चुका था, लेकिन आज की डिजिटल दुनिया ने इसे एक नई पहचान दी है। आजकल सोशल मीडिया पर सैकड़ों की संख्या में इसके एआई वर्जन और लोगों द्वारा बनाई गई रील्स वायरल हैं।

इस गीत के वायरल होने का सबसे बड़ा कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम और टिक टॉक हैं, जहां लोग पुराने गानों को नए ट्रेंड्स के साथ जोड़कर प्रस्तुत करते हैं। खासतौर पर रील्स और शॉर्ट वीडियो में इस गाने के इस्तेमाल ने इसे युवा पीढ़ी तक पहुंचाया, जो शायद पहले इस गीत से परिचित नहीं थी।



राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

गीत की धुन में एक तरह की उदासी और सादगी है, जो आज के तेज-तर्रार और शोर-भरे संगीत के बीच एक अलग ही सुकून देती है। यही कारण है कि लोग इसे बार-बार सुनना पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा, इस गाने के बोल, जो एकतरफा प्रेम और बिछड़ने की पीड़ा को व्यक्त करते हैं, आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने समय में थे। यह भावनात्मक जुड़ाव ही इसकी लोकप्रियता का मूल कारण है। वायरल होने का एक और पहलू यह है कि लोग अब रेट्रो चीजों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पुराने गाने, फैशन और स्टाइल एक बार फिर ट्रेंड में आ रहे हैं और One Way Ticket to the Blues इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह नॉस्टैल्जिया और नवीनता का एक अनोखा संगम प्रस्तुत करता है। अंततः इस गीत का दोबारा लोकप्रिय होना यह साबित करता है कि अच्छी कला कभी पुरानी नहीं होती। समय बदलता है, माध्यम बदलते हैं, लेकिन भावनाएं और सच्चा संगीत हमेशा जीवित रहते हैं। यह वायरल ट्रेंड न केवल एक पुराने गीत को नया जीवन देता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि नई पीढ़ी भी क्लासिक संगीत को उतनी ही सराहना देती है।

# पूर्वी क्षेत्र की मिठास लिए पंजाबी आवाज वाले गायक जसपाल

जिंदगी का सफर



होली के हिंदी फिल्मी गीतों के संग्रह में शायद ही किसी के पसंदीदा गानों में 'जोगी जी धीरे-धीरे...' न हो! इसे या 'नदिया के पार' के अन्य गीतों को सुनते हुए अक्सर ख्याल आता था कि भारत के पूर्वी क्षेत्र की मिठास लिए यह सरल, जादुई आवाज किसकी है, जो यूपी-बिहार के गांवों की भाषा और भावों को इतनी सहज और सुंदर अभिव्यक्ति देती है।

फिर जब यह पता चला कि यह मधुर आवाज एक पंजाबी गायक जसपाल सिंह जी की है तो और ताज्जुब होना ही था। एक पंजाबी पृष्ठभूमि की आवाज और भारत के पूर्वी क्षेत्र की भाषाई मिठास इतनी खूबसूरती से संजोये हुए। फिर लगा शायद हिंदी क्षेत्र से कोई संबंध रहा हो। मगर ऐसा भी कोई उल्लेख कहीं मिला नहीं।

उनका जन्म 23 मार्च 1943 को अमृतसर, पंजाब में हुआ था। उन्हें स्कूल और कॉलेज के दिनों में ही गायन का शौक हो गया था। वे पढ़ाई के दौरान कई संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेते थे। जसपाल जी मोहम्मद रफी साहब के बहुत बड़े प्रशंसक थे और बचपन से ही उनके गाने-सुनते और मौका मिलते ही गाते थे। गायन के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए वे मुंबई चले गए, जहां उनकी बहन रहती थीं।



अभिषेक मिश्र
लेखक

उनकी प्रतिभा को सर्वप्रथम 1968 में प्रसिद्ध महिला गायिका और संगीतकार ऊषा खन्ना जी ने पहचाना और पहला ब्रेक दिया। इनके संगीत निर्देशन में इन्होंने 'बंदिश' और 'अनजान है कोई' फिल्मों में गाने गए। मगर न इन फिल्मों को ज्यादा सफलता मिली न इन्हें कोई विशेष पहचान। मगर इनका सही वक्त अभी आना शेष था। राजश्री की फिल्म 'गीत गाता चल' में संगीतकार रविन्द्र जैन जी के निर्देशन में उनकी आवाज पूरे देश में छा गई। इसके बाद उन्होंने 'नदिया के पार', 'अंखियों के झरोखों से', 'सावन को आने दो' जैसी कई हिट बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाया। चूंकि उस समय के सभी ख्यात गायक अलग-अलग लोकप्रिय नायकों के साथ जुड़े हुए थे। इस कारण नायक सचिन को ब्रेक देने वाली आवाज के रूप में पार्श्व गायन करने के लिए नए गायक जसपाल सिंह को चुना गया था। मगर यह सफलता उनके राह की बाधा भी बन गई। नायक के रूप में सचिन का कैरियर बहुत सफल और लंबा नहीं रहा, जबकि जसपाल जी सचिन की आवाज के रूप में सीमित पहचान में बंधते चले गए। आने वाला दौर हिंदी सिनेमा में पार्श्व गायन के स्तर में गिरावट का भी रहा, जो जसपाल जी जैसे प्रतिभावान गायकों के लिए अनुकूल नहीं रहा और वो इस नए दौर में गुमनामी में खोते गए।

उनके कंठ से निकले कुछ यादगार गीतों में-धरती मेरी माता, पिता आसमान, गीत गाता चल ओ साथी गुनगुनाता चल, मंगल भवन अमंगल हारी (फिल्म- गीत गाता चल), कौन दिशा में लेके चला रे, साची कहे तोरे आवन से हमरे (फिल्म- नदिया के पार), जब-जब तू मेरे सामने आए (फिल्म- श्याम तेरे कितने नाम), सावन को आने दो (फिल्म- सावन को आने दो) आदि शामिल हैं। सफलता-असफलता से परे उनके दिल से गाए गीत आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों में बसे हैं और आगे भी उनकी उपस्थिति का अहसास बन फिजाओं में गूंजते रहेंगे।

फिल्म समीक्षा

# नए भारत की कूटनीति को बयां करती फिल्म

धुरंधरः द रिवेंज, एक ऐसी फिल्म, जिसे आप दम साधे पूरी देखना चाहेंगे। कोई डिस्टरबेंस आप को पसंद नहीं आएगा, आप की नजरें रुपहले पर्दे पर ही टिकी होगी, जिज्ञासा चरम पर होगी इसके बाद क्या? आप बस यही सोचेंगे, इसके सिवाय कुछ नहीं... यदि आप ने धुरंधर का पहला भाग देखा है, तो आप अनुभूत करेंगे कि ये उस से कहीं बेहतर है, फिल्म की एडीटिंग गजब की है, स्क्रिप्ट भी बेहतरीन और एक्टिंग तो ऐसी की, भाई सभी कलाकारों को सैल्यूट करने को जी करता है। ये भारतीय सिनेमा की सफल और बेहतरीन फिल्मों की सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएगी।




डॉ.संजय अनंत
समीक्षक




सन 2014 के बाद का भारत, अब केवल बदला नहीं लेता, घर में घुसकर मारता भी है। मोदी जी, टीवी पर नोटबंदी की घोषणा करते हैं और बर्बाद पाकिस्तान होता है, ये फिल्मी शोशा नहीं, हकीकत थी। कराची में आईएसआई के इशारे पर बड़े पैमाने पर फेक करेंसी यानी नकली नोट बड़े पैमाने पर छपते और ये नेपाल या कश्मीर के रास्ते से भारत लाया जाता। ठीक है फिल्म की कहानी में कुछ नाटकीयता है, किंतु इसके बाद भी ये फिल्म, कराची के इस सदी के प्रथम दशक की कहानी बयां करती है। रॉ के लोग पहले भी पाकिस्तान में सक्रिय थे, वे सूचना भेजते, किंतु उस पर कड़ी कार्यवाही नहीं होती थी, पर अब अजीत डोभाल देश की सुरक्षा संभाल रहे है, जो स्वयं कभी पाकिस्तान में भारत के जासूस रहे है, अब जो इनपुट हमारे एजेंट्स वहां से भेजते हैं, उस पर तुरंत कार्यवाही होती है। यूपी के माफिया अतीक अहमद, पाकिस्तान की संस्थाएं, दाऊद सबका गठबंधन सच्चाई है और यही इस फिल्म का आधार है। बीते वर्ष में अनेक मोस्ट वांटेड आतंकी या उनके अन्नदाता जो पाकिस्तान में थे, अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा कत्ल कर दिए गए।

यही है नया भारत। जमील साहब यानी राकेश बेदी साहब की एक्टिंग तो कमाल की है, आर माधवन, सान्याल साहब के रूप में, संजय दत्त एसपी चौधरी के रूप में, फिल्म का हीरो रणवीर सिंह, सब ने अपने रोल के साथ न्याय किया है, अर्जुन रामपाल (मेजर इकबाल) क्रूरता घृणा चेहरे से झलकी, गजब की एक्टिंग, दो कमियां भी बताते चलूं, अत्याधिक वीभत्स हिंसक सीन और कुछ अश्लील संवाद, इसलिए सेंसर बोर्ड ने ए सर्टिफिकेट दिया है, निर्देशक इसके बिना भी यदि फिल्म बनाते तो वो उतनी ही प्रभावशाली होती, इसकी जरूरत नहीं थी। यह फिल्म निश्चित ही सुपरहिट होगी और भारतीय सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में अपना स्थान बनाएगी। निर्देशक और पटकथा लेखन, दोनों आदित्य धर ने किया, वे निश्चित ही बधाई के पात्र हैं और पुरस्कार के भी।

# जंजीर जिसने बदल दी अमिताभ बच्चन की तकदीर



11 मई 1973 को रिलीज हुई 'जंजीर' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने अमिताभ बच्चन के करियर को पूरी तरह से बदलकर, उन्हें बॉलीवुड में एंग्री यंग मैन के रूप में स्थापित किया। इस फिल्म ने फिल्म इंडस्ट्री को एक नया सुपरस्टार दिया। गौरतलब है कि सलीम-जावेद द्वारा लिखित और प्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को पहले कई बड़े अभिनेताओं ने ठुकरा दिया था। जावेद अख्तर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जंजीर धर्मेंद्र को लेकर लिखी गई थी, लेकिन धर्मेंद्र ने किन्हीं कारणों से फिल्म करने से मनाकर दिया था।

अमिताभ बच्चन ने 1969 में फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उनकी 11 फिल्में रिलीज हुई, जिनमें भुवन सोम, परवाना, रेशमा और शेरा, प्यार का घर आदि शामिल हैं, पर कोई भी बड़ी हिट साबित नहीं हुई। 1971 में आई फिल्म आनंद जरूर सफल रही पर सारा क्रेडिट राजेश खन्ना ले गए।

जंजीर में इंस्पेक्टर विजय खन्ना के किरदार ने अमिताभ बच्चन को एक गुस्सैल, कड़क पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया, जिसे तब के युवा दर्शकों ने खूब पसंद किया और फिल्म की सफलता के बाद अमिताभ ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस फिल्म के बाद अमिताभ बच्चन की तकदीर बदल गई और उन्होंने कई हिट फिल्में दीं। फिल्म में अमिताभ बच्चन और प्राण पर फिल्माया गया गाना 'यारी है ईमान मेरी' आज भी बहुत पसंद किया जाता है।



दीपक नौगांई
लेखक, हल्द्वानी

अमिताभ बच्चन को जंजीर इतनी आसानी से नहीं मिली। वे इस फिल्म के लिए पहली पसंद तो कतई नहीं थे। इससे पहले उनकी कई फिल्में फ्लॉप हो चुकी थीं। धर्मेंद्र के बाद राजकुमार और देवानंद ने भी निजी कारणों से फिल्म करने से मनाकर दिया था। एक दिन प्रकाश मेहरा 'मुंबई टू गोवा' फिल्म देख रहे थे। अमिताभ की एक्टिंग देख उन्होंने तय किया कि उनकी फिल्म के हीरो वही होंगे। कहते हैं कि प्राण ने भी प्रकाश मेहरा को अमिताभ बच्चन का नाम सुझाया था।




जंजीर की कहानी सलीम खान और जावेद अख्तर की मशहूर जोड़ी ने लिखी थी। फिल्म की कहानी, डायलॉग और सीन लोगों को इतने पसंद आए की फिल्म सुपरहिट साबित हुई और अमिताभ भी रातों-रात स्टार बन गए। इसके बाद इस जोड़ी ने अमिताभ के साथ कई हिट फिल्में दीं, जिनमें शोले, दीवार, काला पत्थर, शान, त्रिशूल, डॉन आदि शामिल हैं। जंजीर में अमिताभ बच्चन इंस्पेक्टर विजय खन्ना के रोल में थे, जबकि जया बच्चन उनकी प्रेमिका माला तथा प्राण ने शेर खान का रोल निभाया था। इनके अतिरिक्त इस फिल्म में अजीत, ओमप्रकाश, इफ्तिखार, केस्टो मुखर्जी, बिंदु आदि कलाकार भी शामिल थे। फिल्म में संगीत कल्याण जी आनंद जी का था।

यह फिल्म लगभग 90 लाख की बजट में बनी थी और इस फिल्म ने 17 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। जंजीर के लिए उस साल अमिताभ बच्चन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था, लेकिन पुरस्कार बॉबी के लिए ऋषि कपूर को मिला था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### श्रीलंका में फिर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के प्रभावों का सामना करने के लिए दो हफ़्तों में दूसरी बार ईंधन की कीमतें बढ़ा दी हैं। सामान्य पेट्रोल की कीमत 317 श्रीलंकाई रुपये से बढ़कर 398 रुपये प्रति लीटर हो गयी है, जबकि डीज़ल की कीमत 79 रुपये बढ़कर 382 रुपये के चौंकाने वाले स्तर पर पहुंच गयी है। सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के एक अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस ताज़ा बढ़ोतरी से ईंधन की खपत में 15 से 20 प्रतिशत की कमी आएगी।

### पांडिचेरी विवि में पद्मश्री पलानिवेल का सम्मान

**पुडुचेरी।** पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने पारंपरिक मार्शल आर्ट सिलंबम के मशहूर विशेषज्ञ पद्मश्री पलानिवेल को तमिलनाडु की देसी मार्शल विरासत को बचाने और बढ़ावा देने में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया। उन्हें इस कला के प्रति उनके जीवन भर के समर्पण और योगदान और युवा पीढ़ी को इस सांस्कृतिक विरासत को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर सांस्कृतिक संयोजक प्रो. श्रीकला ने भारतीय संस्कृति और परंपरा की भावना का जश्न मनाने में इस कार्यक्रम की अहमियत पर ज़ोर दिया।

### ईरान ने जापानी के एक नागरिक को किया रिहा

**तोक्यो।** जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने रविवार को बताया कि ईरान में हिरासत में लिए गए दो जापानी नागरिकों में से एक को रिहा कर दिया गया है। मोतेगी ने 'फूजी टेलीविजन' के एक 'टॉक शो' में कहा कि यह व्यक्ति पिछले साल से हिरासत में था और उसे बुधवार को रिहा किया गया। उन्होंने बताया कि इस साल की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया एक अन्य जापानी नागरिक अब भी हिरासत में है। जो व्यक्ति ईरान में अब हिरासत में है वह जापान के सार्वजनिक प्रसारणकर्ता का एक पत्रकार है।

### ईरान में मृतक संख्या 1,500 के पार पहुंची

**काहिरा।** अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद से ईरान में युद्ध के दौरान 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। सरकारी प्रसारणकर्ता ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इस बीच, रमजान समाप्त होने के दौरान ईरान की राजधानी में भारी हवाई हमले हुए। पश्चिम एशिया में युद्ध के चौथे सप्ताह भी जारी है।

# कतर में हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, छह लोगों की मौत

दोहा, एजेंसी

- एक व्यक्ति लापता, बचाव अभियान अभी जारी

कतर के क्षेत्रीय समुद्री जलक्षेत्र में तकनीकी खराबी के कारण हुए हेलीकॉप्टर हादसे में तुर्की के तीन नागरिकों सहित छह लोगों की मौत हो गई है। कतर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सात में से छह लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है और उसकी तलाश जारी है।

तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उनके एक सैनिक और हथियार बनाने वाली कंपनी आसेलसन के दो तकनीशियनों सहित सात लोगों की दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना के कारण का पता जांच के बाद ही लग पाएगा। कतर के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को पहले बताया था कि नियमित ड्यूटी के दौरान कतर के एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने से वह समुद्र में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। आंतरिक मंत्रालय ने कुछ घंटों बाद जानकारी दी कि जारी तलाशी अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर में सवार सात में से छह लोगों को खोज लिया गया है, जिनकी मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है। शेष एक लापता व्यक्ति की तलाश के लिए विशेष टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। मंत्रालय के अनुसार, दुर्घटना के बाद व्यापक खोज अभियान चलाया जा रहा है।

## जंग में अमेरिका को लगा तगड़ा झटका

आधुनिक युद्धक विमानों के इतिहास में 19 और 20 मार्च, 2026 की तारीखें एक ऐतिहासिक मोड़ के रूप में दर्ज की गई हैं। जिसे दुनिया आसमान का भूत कहती थी और जिसे अजेय मानकर अमेरिकी वायुसेना अपनी श्रेष्ठता का दंभ भरती थी, उस एफ-35 के सुरक्षा कवच में ईरान ने सेंध लगा दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि एक एफ-35 विमान को ईरानी हमले के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। लेकिन ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने दावा है कि उन्होंने विमान को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त किया है और इसके क्रैश होने की संभावना बहुत अधिक है। यह घटना केवल एक विमान के क्षतिग्रस्त होने की खबर नहीं है, बल्कि उस अरबों डॉलर की स्टेल्थ टेक्नोलॉजी पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है, जिसे अब तक कोई भी रडार पकड़ने में नाकाम रहा था।

# एफ-35 का मारा जाना



### एफ-35 की अजेयता का रहस्य

- अदृश्य स्टेल्थ : इसके डिजाइन में सपाट सतहों और समकोणों को खत्म कर दिया गया है ताकि रडार की तरंगें टकराकर वापस न जाएं। इस पर एक विशेष रडार-अवशोषक सामग्री (रैम) की कोटिंग होती है जो इसे रडार स्क्रीन पर एक चिड़िया जितना छोटा दिखाती है।
- सेंसर फ्यूजन : एफ-35 को फ्लाइंग कंप्यूटर कहा जाता है। यह अपने रडार, इन्फ्रारेड और इलेक्ट्रॉनिक सेंसर से मिलने वाले डेटा को एक साथ जोड़कर पायलट को 360-डिग्री की जानकारी देता है।
- इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर : इसमें एक शक्तिशाली इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली है जो दुश्मन के रडार को जाम कर सकती है, जिससे इसे निशाना बनाना लगभग असंभव माना जाता था।

### ईरान की तकनीक : कैसे किया शिकार

- स्वदेशी तकनीक : ईरान ने दावा किया है कि उसने एफ-35 को गिराने के लिए अपनी स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, ईरान ने पैसिव इन्फ्रारेड सेंसर तकनीक का उपयोग किया है।
- हीट ट्रैकिंग : रडार की जगह ईरान के एडी-08 माजिद एयर डिफेंस सिस्टम ने विमान के इंजन से निकलने वाली गर्मी को ट्रैक किया।
- बिना सिग्नल का हमला : रडार आधारित सिस्टम तरंगें भेजते हैं जिससे विमान को पता चल जाता है कि उसे ट्रैक किया जा रहा है। लेकिन पैसिव इन्फ्रारेड सिस्टम कोई तरंग नहीं छोड़ता, इसलिए एफ-35 के पायलट को पता ही नहीं चला कि वह निशाने पर है।
- पहले का अनुभव : इस तरह की तकनीक का उपयोग यमन में हूतियों द्वारा भी किया जा चुका है, जहां उन्होंने अमेरिकी ड्रोनों को निशाना बनाया था।

### किन देशों के पास है यह तकनीक

- एफ-22 रैप्टर (अमेरिका) : यह दुनिया का सबसे बेहतरीन एयर-सुपीरियरिटी फाइटर माना जाता है, लेकिन इसे अमेरिका किसी भी दूसरे देश को नहीं बेचता।
- जे-20 माइटी ड्रैगन (चीन) : चीन का पांचवीं पीढ़ी का विमान जो एफ-35 का मुख्य प्रतिस्पर्धी है।
- एसयू-57 फेलान (रूस) : रूस का स्टेल्थ फाइटर जो अपनी गति और चपलता के लिए जाना जाता है।
- जे-35 (चीन) : यह चीन का नया स्टेल्थ विमान है।

### साख को क्षति

- एफ-35 का शिकार होना अमेरिका के लिए एक वित्तीय नुकसान नहीं बल्कि वैश्विक छवि का संकट है। दुनिया यह मानने लगी है कि अमेरिकी स्टेल्थ तकनीक को सस्ते और स्वदेशी हीट-सीकिंग मिसाइलों से भी भेदा जा सकता है।

# जेंडर परिभाषा पर भारत रहा तटस्थ संरा में टूटी आम सहमति की परंपरा

## यूएन महिला आयोग : अमेरिका की जिद पर उत्पन्न हुआ तीखा गतिरोध, हुई वोटिंग

- यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दों पर रही तल्खी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्लू) का हालिया सत्र महिलाओं के अधिकारों और न्याय तक पहुंच जैसे गंभीर विषयों पर गहरे कूटनीतिक विभाजन का गवाह बना। दशकों से चली आ रही आम सहमति की परंपरा तब टूट गई, जब जेंडर की परिभाषा और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच तीखा गतिरोध पैदा हो गया।

अमेरिका के पेश किए गए संशोधनों और उस पर बेल्जियम के लाए गए नो एक्शन मोशन ने माहौल को तल्खियों से भर दिया। इसके परिणामस्वरूप मुख्य निष्कर्षों को सर्वसम्मति के बजाय मतदान के जरिये अपनाना पड़ा। इस ऐतिहासिक खींचतान के बीच, भारत सहित छह देशों ने मतदान से दूरी बनाए रखी, जो वैश्विक मंच पर सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों और बहुपक्षवाद के भविष्य पर उठते बड़े सवालों की ओर इशारा करता है। संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्लू) के हाल ही में आयोजित 70वां सत्र मुख्य रूप से जेंडर की परिभाषा, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और संप्रभुता जैसे विषयों पर सदस्य देशों के बीच गहरे मतभेद सामने आए। सत्र की शुरुआत में ही एक अभूतपूर्व घटना घटी। इस वर्ष का मुख्य विषय सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना और उसे मजबूत करना था। आमतौर पर आयोग के निष्कर्ष सर्वसम्मति से स्वीकार किए जाते हैं, लेकिन पेश किए गए संशोधनों को इस बार अमेरिका के खारिज करने के बाद, निष्कर्षों को मतदान के जरिये अपनाना पड़ा। इसमें 37 देशों ने पक्ष में मतदान किया, जबकि अमेरिका ने विरोध में और भारत समेत छह देशों ने मतदान नहीं किया। सत्र के अंतिम दिन पाकिस्तान, नाइजीरिया और सेनेगल जैसे देशों ने मतदान के जरिये निर्णय लेने की प्रक्रिया पर चिंता जताई। इन देशों का मानना था कि मतदान से निष्कर्ष निकालना बहुपक्षवाद के सिद्धांतों के खिलाफ है। पाकिस्तान ने स्पष्ट किया कि हालांकि प्रस्ताव का वह समर्थन करता है, लेकिन यह सभी देशों की साझा सहमति को नहीं दर्शाता। वहीं, वेटिकन ने 'जेंडर' और 'प्रजनन अधिकार' जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर अपनी पुरानी आपत्तियों को दोहराया।



### अमेरिकी प्रस्ताव को बिना चर्चा के किया खारिज

सत्र के दौरान सबसे बड़ा विवाद अमेरिका के पेश किए गए प्रस्ताव को लेकर हुआ। इसमें जेंडर शब्द की सीमित और रूढ़िवादी व्याख्या करने की कोशिश की गयी थी। बेल्जियम ने यूरोपीय संघ की ओर से इस पर नो एक्शन मोशन पेश किया। इसका अर्थ था कि इस प्रस्ताव पर कोई चर्चा ही न की जाए। बेल्जियम का तर्क था कि यह प्रस्ताव 30 साल पहले बीजिंग घोषणापत्र में तय की गई परिभाषाओं को बदलने और वैश्विक प्रगति को पीछे ले जाने की कोशिश है। अंततः 23 मतों के साथ इस मोशन को मंजूरी मिली और अमेरिकी प्रस्ताव को बिना चर्चा के खारिज कर दिया गया।

### भारत का रुख सुस्पष्ट रहा

सत्र के दौरान न्याय तक पहुंच से जुड़े मुख्य निष्कर्षों पर भारत का पारंपरिक और सुस्पष्ट रुख यह रहा है कि महिलाओं के अधिकारों जैसे संवेदनशील वैश्विक विषयों पर निर्णय मतदान के बजाय आम सहमति के आधार पर लिए जाने चाहिए, क्योंकि मतदान सदस्य देशों के बीच विभाजन पैदा करता है। भारत ने महिलाओं के उत्थान के मूल उद्देश्यों का तो समर्थन किया, लेकिन जेंडर और प्रजनन स्वास्थ्य जैसी शब्दावलियों पर थोपी जाने वाली परिभाषाओं और मतभेदों के कारण खुद को मतदान से दूर रखा।

## ईओडब्ल्यू का अधिकारी बनकर 9.5 लाख की ठगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रतिरूपण कर ठगी और ब्लैकमेलिंग के एक गंभीर मामले में पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना राखी में दर्ज इस प्रकरण में आरोपी ने स्वयं को आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) का अधिकारी बताकर एक सेवानिवृत्त अधिकारी से 9.5 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस के अनुसार, देवलाल सिंह टेकाम, जो लोक निर्माण विभाग से अधीक्षण अभियंता पद से सेवानिवृत्त हैं, को 28 जनवरी 2026 को अज्ञात मोबाइल नंबरों से कॉल कर यह बताया गया कि उनके खिलाफ सतर्कता विभाग, एसीबी एवं ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज है। प्रारंभिक जांच में ये कॉल साइबर ठगी के उद्देश्य से किये गये पाए गए। इस संबंध में प्रार्थी ने अपने परिचित धर्मेन्द्र को जानकारी दी।

# छत्तीसगढ़ में रोप-वे ट्राली टूटी, एक महिला की मौत

महासमुंद, एजेंसी

- महासमुंद जिले में खल्लारी मंदिर में हुए हादसे में छह अन्य

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक पहाड़ी मंदिर से नीचे उतरते समय रोपवे ट्रॉली के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण एक महिला की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हुए। बागबाहरा की उपमंडल मजिस्ट्रेट नमिता मारकोले ने बताया कि हादसा सुबह करीब 10 बजे उस समय हुआ, जब पहाड़ी से सात यात्रियों को नीचे लाते समय ट्रॉली का केबल टूट गया।

इससे पहले ट्रॉली में आठ लोगों के सवार होने की सूचना दी गई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर दुख व्यक्त किया और इसकी विस्तृत जांच के आदेश दिए। अधिकारियों के अनुसार ट्रॉली करीब 200 से 300 फुट की ऊंचाई से नीचे आ गिरी। घटना नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के दौरान बागबाहरा तहसील के खल्लारी (भीमखोज) गांव स्थित खल्लारी माता मंदिर में हुई। लगभग 1,100 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु आमतौर पर रोपवे सेवा का उपयोग करते हैं, जबकि करीब 900 सीढ़ियां चढ़कर भी मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। एसडीएम ने बताया कि रायपुर निवासी आयुषी सतकार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति ऋषभ धवरे और रिश्तेदार छायांश धवरे समेत छह लोग घायल हो गए। अन्य घायलों की पहचान गोविंद स्वामी , नमिता स्वामी और कुष्मिता स्वामी तथा मानशवी गोदारिया के रूप में हुई है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सूडान के अस्पताल पर हमले में 64 लोगों की मौत

**जिनेवा/खार्तूम।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सूडान में स्वास्थ्य सेवाओं पर एक और हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि पूर्वी दारफुर प्रांत की राजधानी अल-दईन स्थित अल-दईन टीचिंग अस्पताल पर हुए हमले में कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 13 बच्चे, दो महिला नर्स, एक पुरुष डॉक्टर और कई मरीज शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसुस ने कहा कि इस घटना के साथ ही सूडान में युद्ध के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमलों में मरने वालों की संख्या 2000 के पार पहुंच गई है। संगठन के अनुसार, करीब तीन साल से जारी संघर्ष के दौरान अब तक 213 हमलों में 2036 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ताजा हमले में 89 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें आठ स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। हमले में अस्पताल के शिशु, मातृत्व और आपातकालीन विभागों को भारी नुकसान पहुंचा है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, अब तक स्वास्थ्य सेवाओं पर हमलों में 720 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं।



## पांच राज्यों में होंगे विस चुनाव महासंग्राम

# तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक नीत गठबंधन से अलग हुई टीवीके

चेन्नई, एजेंसी

- सत्ताधारी दल के बड़े भाई वाले रवैये का किया विरोध

तमिलनाडु में तमिलगा वाझवुरिमई काची' (टीवीके) ने रविवार को सत्ताधारी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन से अलग होने की घोषणा की। टीवीके ने सत्ताधारी दल के 'बड़े भाई' वाले रवैये का विरोध किया और स्टालिन सरकार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों द्वारा चलाए जाने का आरोप लगाया।

वहीं, मार्क्सवादी पार्टी ने अभी तक मुख्यमंत्री द्वारा 23 अप्रैल को होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में लड़ने के लिए दी गयी पांच सीटों की पेशकश पर कोई फैसला नहीं लिया है। मार्क्सवादियों और दलित संगठन 'विदुथलाई चिरुथाइगल काची' (वीसीके) की ओर ज़्यादा सीटों की मांग के चलते द्रमुक के लिए सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया पूरी करना मुश्किल होता जा रहा है।

द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन में 'वन्नियार' समुदाय का चेहरा माने जाने वाले टीवीके के संस्थापक-अध्यक्ष टी. वेलमुरुगन ने यहां कहा कि हमारे प्रति द्रमुक का रवैया 'बड़े भाई' जैसा था। हम अपनी पार्टी के साथ इस तरह के बर्ताव को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम गठबंधन इसलिए नहीं छोड़ रहे हैं कि पिछली बार के मुकाबले ज़्यादा सीटों की हमारी मांग ठुकरा दी गई, बल्कि इसलिए छोड़ रहे हैं क्योंकि हमारी 10-सूत्रीय मांगों का चार्टर स्वीकार नहीं किया गया। तमिल राष्ट्रवाद का समर्थन करने वाली टीवीके का जनाधार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वन्नियार समुदाय के बीच है, खासकर कुड्डालोर, नेवेली और चिदंबरम के साथ-साथ विलुप्पुरम ज़िलों में। यह पार्टी सत्ताधारी द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ चुनावी समीकरणों को बदलने की क्षमता रखती है। कुड्डालोर ज़िले के पनरुति से मौजूदा विधायक टी. वेलमुरुगन ने हम 2019 के लोकसभा चुनावों से ही द्रमुक के साथ हैं। सीटों के बंटवारे पर पहली बातचीत के दौरान द्रमुक ने हमें सिर्फ़ एक सीट देने की पेशकश की थी, लेकिन हमने और सीटों की मांग की। हमने अपनी मांगों का एक चार्टर भी सौंपा था, जिसमें तमिल लोगों को रोज़गार में प्राथमिकता देने के लिए कानून बनाना, सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना करवाना और अन्य मांगों के साथ-साथ वन्नियार समुदाय के लिए 10.5 प्रतिशत का विशेष आरक्षण तय करना शामिल था। सरकार ने हमारी इन मांगों को नज़रअंदाज़ कर दिया है। उन्होंने इन्हीं बातों को कई पार्टियों वाले और मज़बूत द्रमुक नीत एसपीए को छोड़ने की वजह बतायी।

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल में बढ़ाई निगरानी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में निर्वाचन आयोग के चुनावी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी बढ़ाए जाने के मद्देनजर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार से राज्य भर के थानों का दौरा शुरू कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी इस दौरान थाना प्रभारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुरूप आगामी चुनाव से पहले कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों ने थानों का दौरा शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया,वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी स्तर पर आकलन करने और स्थानीय पुलिस इकाइयों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए हैं ताकि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। अधिकारी ने बताया,पुलिस अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे भय और हिंसा से मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए कड़ा संदेश दें। हमारा ध्यान मतदाताओं में विश्वास जगाने और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने पर है। इस प्रक्रिया के तहत, कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद ने भांगर थाने का दौरा किया और संभाग के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं, जिसमें उन्होंने उन्हें आयोग के दिशानिर्देशों के बारे में जानकारी दी।

नंद ने बताया,सभी अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। मतदाताओं को बिना किसी डर के अपना वोट डालने में सक्षम होना चाहिए। यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि विश्वास बढ़ाने और सुरक्षा के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया, "हमने संवेदनशील क्षेत्रों, बस्तियों व व्यक्तियों की पहचान करने और उनसे संपर्क करने जैसे कई कदम उठाए हैं। प्रेसिडेंसी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कंकर प्रसाद बरुई ने नरेंद्रपुर, सोनारपुर और बरुईपुर थानों का दौरा किया तथा विशेष रूप से कोलकाता के निकट ग्रामीण बूथों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बरुई ने बताया, चुनाव की घोषणा के बाद हमने तैयारियों की समीक्षा की है। सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा हुई। हर पहलू की जांच की गई है।

### केरल में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ प्राथमिकी

**त्रिशूर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केरल विधानसभा चुनाव में गुरुवायूर से पार्टी उम्मीदवार बी गोपालकृष्णन के खिलाफ एक प्रचार वीडियो में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने के मामले में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि गुरुवायूर निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव अधिकारी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गोपालकृष्णन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 192 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीएनएस की धारा 192 जानबूझकर दंगा भड़काने के इरादे से उकसाने से जुड़ी है जबकि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 चुनाव के संबंध में वर्गों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने से जुड़ी है। सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आपत्तिजनक टिप्पणियों वाले वीडियो को हटाने के लिए पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ को निर्देश दे दिए गए हैं। यह घटनाक्रम चुनाव गोपालकृष्णन द्वारा कथित तौर पर की गई टिप्पणियों को लेकर पैदा हुए राजनीतिक विवाद के बीच आया है। राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)और विपक्षी कांग्रेस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए निर्वाचन आयोग से संपर्क किया था।

### असम में कांग्रेस की 7 और प्रत्याशियों की सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को सात उम्मीदवारों की पांचवीं और अंतिम सूची जारी की। कांग्रेस ने इसी के साथ 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए अपने 101 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने आसन्न असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों का चयन कर लिया है। कांग्रेस द्वारा घोषित उम्मीदवारों की अंतिम सूची के मुताबिक गोसाईगांव सीट से जोसेफ हसदा को, डोटमा (एसटी) से बिरखांग बोरो को, बिजनि से रजत कांति साहा और भेरगांव सीट से आंचुला ग्वारा दायमारी को प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी ने नारायण अधिकारी को माज़बत से, निर्मल लंगथासा को हाफलोंग (एसटी) से और अमर चंद जैन को कटिगोरा विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस ने शुक्रवार को सात उम्मीदवारों की अपनी चौथी सूची जारी की थी, जिसमें एक मौजूदा विधायक का टिकट काट दिया गया था और उसके नेतृत्व वाले गठबंधन में सहयोगी रायजोर दल के लिए 11 सीटें छोड़ी गई हैं। राज्य में कांग्रेस नीत गठबंधन में छह दल है और उसने 15 सीट सहयोगियों के लिए छोड़ी है। असम विधानसभा के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा जबकि मतगणना के लिए चार मई की तारीख तय की गई है।

### वोट की आस में उम्मीदवार बेल रहे रोटियां

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में इन दिनों विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवार परंपरागत भाषणों या नारों से आगे बढ़कर जनता से सीधे जुड़ने का प्रयास करते हुए घर में रोटियां बेलते, दुकान में दाढ़ी बनाते और भजन गाते भी नजर आ रहे हैं। हुगली की रसोई से लेकर बीरभूम के सड़क किनारे नाई की दुकान और झाड़ग्राम के कीर्तन सभाओं तक, विभिन्न दलों के उम्मीदवार पारंपरिक रैली मंच से हटकर सीधे लोगों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़ रहे हैं। हुगली के पुरसुराह में, तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार पार्थ हजारी को हाल ही में एक मतदाता के घर की रसोई में देखा गया, जहां गैस खत्म होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने पारंपरिक मिट्टी के चूल्हे पर रोटियां बनाईं। इस तरह जनता से जुड़ने के साथ ही उन्होंने राजनीतिक संदेश भी दिया कि लोगों को रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत का भी सामना करना पड़ रहा है। पार्थ हजारी ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैंने पहले भी रोटियां बनाई हैं, इसलिए मुझे थोड़ी बहुत जानकारी है। गैस सिलेंडर न मिलने के कारण कई परिवार मुश्किल में हैं। मैंने तो बस मदद करने की कोशिश की। वोट मांगते हुए रोटियां बेलने की उम्मीदवार की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। बीरभूम में भाजपा के एक उम्मीदवार को नाई की दुकान पर दाढ़ी बनाते देखा गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आप अधिकारियों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। यदि सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं, तो तुरंत उसका इलाज करवाएं। अनावश्यक खर्च से बचें।

**वृष** — आज भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन** — आज कारोबारी मामलों में अड़चन आने की संभावना है। छोटी-मोटी बातों पर अधिक आक्रामक न हों। लोग आपको धोखा दे सकते हैं।

**कर्क** — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। पुराने रोग से मुक्ति मिलने के अच्छे योग हैं। खानपान अत्यंत संतुलित रखें।

**सिंह** — आज परिवार में काम की थोड़ी अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम सा हो सकता है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करना पड़ेगा। बनते हुए कार्यों में विघ्न आने की आशंका है।

**तुला** — आज का दिन अपनों के बीच शांति से बिताएंगे। अनैतिक कार्यकलापों की ओर प्रेरित हो सकते हैं। कोई निर्णय भी सोच-समझकर ही लें।

**वृश्चिक** — आज दिनचर्या थोड़ी असामान्य हो सकती है। आपकी योजनाएं सफल होंगी। घर में कुछ आगंतुकों का आगमन हो सकता है।

**धनु** — आज घर का वातावरण अनुशासित रहेगा। लोग आपके भोलेपन का लाभ उठा सकते हैं। नकारात्मक आदतों को छोड़ने का प्रयास करें।


**मकर** — आज उधार लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें। अपनी योग्यताओं पर संदेह न करें।

**कुंभ** — आज उच्च शिक्षा को लेकर काफी मेहनत करेंगे। आपको सफलता मिल सकती है। धन लाभ के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मीन** — आज आप काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगी। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 23 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 18.38 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-कृत्तिका 20.49 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू - 96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |

### सुडोकू -97

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 9 | | 1 | |
| 7 | | 8 | | 4 | | | | 2 |
| | | 3 | 6 | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 2 | | 5 | | 3 | | | |
| 4 | | | | 1 | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | | 5 | |
| | | 6 | | | | 9 | | |



नीलामी में समझदारी भरे और साहसिक फैसले लेने के बाद पंजाब किंग्स अब सही दिशा में आगे बढ़ रही है जिससे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के लिए उसका लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

-इरफान पठान


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 23 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### शनाका को साइन करने के लिए तैयार राजस्थान रॉयल्स

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से एक और खिलाड़ी बाहर हो गया है, जिसमें दासुन शनाका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चले गए हैं। शनाका को राजस्थान रॉयल्स आने वाले सीजन के लिए साइन करने वाली है, वे चोटिल सैम करन की जगह लेंगे, जो पहले आईपीएल 2026 से बाहर हो गए थे। रॉयल्स के एक टॉप अधिकारी ने क्रिकबज को इस साइनिंग की पुष्टि की। फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने इस वेबसाइट को बताया हां, हम उन्हें साइन करने के करीब हैं। कुछ फॉर्मैलिटीज बाकी हैं। उन्हें श्रीलंकाई क्रिकेट (एसएलसी) के साथ कुछ पेपरवर्क पूरा करना है। शनाका पिछले दिसंबर में अबू धाबी मिनी-ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे, जिसके बाद उन्होंने पीएसएल ऑक्शन के लिए एनरोल किया, जहाँ उन्हें लाहौर कलंदर्स ने 75 लाख पाकिस्तानी रुपये में खरीदा था।

### गोल्फर अदिति शीर्ष पांच से बाहर

**मेनलो पार्क।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक फोर्टिनेट फाउंडर्स कप के तीसरे दिन एक ओवर 73 स्कोर करके संयुक्त तीसरे से संयुक्त 24वें स्थान पर खिसक गई। यो जू किम अब अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से पांच स्ट्रोक्स आगे शीर्ष पर है। नेली कोरडा दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर रूइक्सिन लियू और गैबी लोपेज हैं।

### अनाहत सिंह और अभय सिंह फाइनल में

**मुंबई।** भारत की स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह और अभय सिंह अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतकर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए। यह लगातार दूसरी बार है ये दोनों भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी पीएसए स्पर्धा में ख़िताब के लिए मुकाबला करेंगे। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने पूरी तरह से भारतीय सेमीफ़ाइनल मुकाबले में अपनी हमवतन तन्वी खन्ना को 3-1 (11-6, 9-11, 11-8, 11-2) से हराया। पुरुष वर्ग में एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशेनराज चंद्रन को 3-1 (11-9, 9-11, 11-3, 11-8) से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### डुप्लांटिस ने जीता विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब

**टोरुन (पोलैंड)।** आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानोइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए। डुप्लांटिस ने 6.10, 6.15 और फिर 6.25 मीटर कूद लगाई। करालिस ने 6.10 और 6.15 मीटर की लंबाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 6.25 पर अपने प्रयास में चूक गए, और लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता रहे। डुप्लांटिस ने अपना पोल एक तरफ रख दिया और अपने 6.31 मीटर के उस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया।



# आईपीएल में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे ऋषभ पंत

## एलएसजी के कप्तान के रूप में यह सत्र साबित हो सकता निर्णायक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टी-20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपये में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं। पंत खेल के तीनों प्रारूप में से केवल भारतीय टेस्ट टीम के ही अभिन्न सदस्य हैं जबकि वनडे में वह केएल राहुल के बैकअप विकेटकीपर हैं।

इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में भारत की विश्व कप जीत के बाद टी20 टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कुछ खास प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

इसलिए पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी। पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है। उसका पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और सहयोगी स्टाफ पंत के बल्लेबाजी क्रम पर एकमत हैं।



चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी एमएस धोनी, पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन, अनिरुद्ध श्रीकांत और अन्य लोग। एजेंसी

## चेपॉक स्टेडियम में सीएसके का हुआ मेगा फैन शो

**चेन्नई।** क्रिकेट। पुरानी यादें। म्यूजिक। प्योर सुपर किंग्स स्पिरिट, व्हिसल पोडू। पहले कभी न देखे गए सेलिब्रेशन में, पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का रोअर'26 – अपनी तरह का पहला मेगा फैन इवेंट रविवार शाम को यहां मशहूर एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुआ। युगों के एक ऐतिहासिक मेल में, ओजी सुपर किंग्स, जिसकी लीडरशिप सीएसके के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, मैथ्यू हेडन, मुरली विजय और एस बद्रीनाथ जैसे खिलाड़ी कर रहे थे, अपने मशहूर मैदान पर फिर से इकट्ठा हुए और मौजूदा सीएसके टीम का सामना हाई-एनर्जी, पहले कभी न देखे गए मैचों की एक सीरीज में किया। इस शाम को मशहूर ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाले म्यूज़िक डायरेक्टर एआर रहमान ने एक स्पेशल लाइव परफॉर्मेंस भी दी, जिससे चेपॉक म्यूज़िक और रोशनी से जगमगाता हुआ अखाड़ा बन गया, और इसे सेलिब्रेशन और फैंस के जबरदस्त एक्सपीरियंस से भर दिया, जिससे ज़िंदगी भर यादें बनीं। सीएसके के एमडी कासी विश्वनाथन ने कहा कि यह मेगा सेलिब्रेशन सिर्फ़ एक इवेंट नहीं है। यह सीएसके के सफर और फैंस के अटूट प्यार को एक ट्रिब्यूट है। पुराने जमाने के यादगार पलों से लेकर भविष्य के वादे तक, यह एक ऐसी रात थी जहाँ क्रिकेट और एंटरटेनमेंट का सबसे शानदार तरीके से मिलन हुआ, जिसमें यादगार पल, दोस्ताना मुकाबले और रात को रोशन करने वाली ढेर सारी येलो लाइटें देखने को मिलीं।

## प्रशंसकों के लिए प्रैक्टिस जर्सी पेश की केकेआर ने

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के आगामी सीजन के लिए अपनी प्रैक्टिस जर्सी पेश की है। यह पहली बार है जब फ्रेंचाइजी ने प्रशंसकों के लिए ट्रेनिंग किट पेश की है। यह कदम टीम की ट्रेनिंग जर्सी के शुरुआती अनावरण पर मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया के बाद उठाया गया है।

पहली झलक सामने आने के बाद, हजारों फैंस सोशल मीडिया पर आए, उन्होंने डिजाइन की तारीफ की और फ्रेंचाइजी से इसे खरीदने के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस बढ़ती मांग को सुनते हुए केकेआर ने अब प्रैक्टिस जर्सी को अपने फैंस के लिए उपलब्ध करा दिया है। एक नए, आधुनिक अंदाज़ में डिज़ाइन की गई यह जर्सी, टीम की पहचान से जुड़ी रहते हुए भी एक जीवंत, गर्मियों के लिए तैयार अपील रखती है। इसकी सबसे खास बात इसका टाइगर-प्रिंट पैटर्न है, जो बंगाल टाइगर से प्रेरित है - यह उस शक्ति, फुर्ती और निडर भावना का प्रतीक है जो टीम और इस क्षेत्र, दोनों की पहचान है।

नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स की मुख्यकार्यकारी बिंदा डे ने कहा प्रैक्टिस जर्सी पर हमारे फैंस की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय थी और इसने सचमुच उस गहरे जुड़ाव की पुष्टि की जो वे ब्रांड के साथ साझा करते हैं। हमने प्रैक्टिस जर्सी के लिए स्पष्ट मांग देखी और महसूस किया कि इसे उपलब्ध कराना ही सही होगा। एक परिष्कृत, गर्मियों के लिए तैयार रंग-रूप में फिर से डिज़ाइन की गई और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार की गई, कोलकाता नाइट राइडर्स की प्रैक्टिस जर्सी उस अनुशासन और तीव्रता को दर्शाती है जो केकेआर की पहचान है।

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बराबर की शृंखला

**वेलिंगटन, एजेंसी**

कॉनर एस्टरहुइज़न के करियर के पहले अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां चौथे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 19 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला 2-2 से बराबर कर ली।

एस्टरहुइज़न ने 33 गेंदों में अपना पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिर में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी ने दोनों टीमों के बीच निर्णायक अंतर पैदा किया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 164 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में दो विकेट पर 63 रन बनाए थे जिसमें टिम रॉबिंसन के 22 गेंद पर बनाए गए 32 रन शामिल हैं। लेकिन इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों ने शिकंजा कस दिया। उसकी तरफ से प्रेनेलन सुब्रायन ने अपने पहले मैच में 13 रन देकर दो जबकि



केशव महाराज का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते प्रेनेलन सुब्रायन। एजेंसी

केशव महाराज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। लगभग तीन साल बाद न्यूजीलैंड की टीम में वापसी करने वाले डेन क्लीवर ने 16 गेंदों में 26 रन बनाकर अपनी टीम की उम्मीद बरकरार रखी लेकिन उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित हो गई।

न्यूजीलैंड के कप्तान जिमी नीशम ने कहा मुझे लगता है कि 165 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत बड़ा लक्ष्य था।

हमारे कुछ खिलाड़ी अनुभवहीन है जिसका हमें नुकसान हुआ। न्यूजीलैंड की पहले से ही कमजोर टीम टॉम लैथम के चोटिल होने और सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए डेवोन कॉनवे, मिचेल सेंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के बाहर होने से और कमजोर पड़ गई। इससे पहले एस्टरहुइज़ेन ने दक्षिण अफ्रीका को तब संभाला जब उसने अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर वियान मुल्डर का विकेट खो दिया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका, तथा चौथे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। इसके बाद उन्होंने पांचवें ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाकर 17 रन बनाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावर प्ले में एक विकेट पर 50 रन बनाने में सफल रहा। टोनी डी ज़ोर्ज़ी (23) ने एस्टरहुइज़न के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

## विदेशी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से गड़बड़ाए समीकरण

**नई दिल्ली।** कुछ प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों के चोटिल होने या देर से टीम में शामिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कुछ टीमों के समीकरण गड़बड़ा गए हैं।

कुछ प्रमुख विदेशी खिलाड़ी चोटिल होने के कारण पहले ही पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं जबकि कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अगर केवल चोट की बात करें तो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। उसके भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाशदीप चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना भी पिंडली में लगी चोट के कारण केकेआर के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद को भी शुरू के कुछ मैच में अपने नियमित कप्तान पैट कमिंस के बिना मैदान पर उतरना होगा जो पीठ में खिंचाव की समस्या से उबर रहे हैं। कमिंस की अनुपस्थिति में ईशान किशन सनराइजर्स की अगुवाई करेंगे।

## जबरदस्त प्रतिस्पर्धा




पोलैंड के टोरुन में वर्ल्ड एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप में महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले हीट में पुर्तगाल की फातौमाता बिंटा डियालो सबसे आगे जीत के करीब पहुंचीं। ● एजेंसी

## 26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल

**लाहौर, एजेंसी**

● पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने बताई टूर्नामेंट की तैयारी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को कहा कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जाएगा। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा पीएसएल अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी। पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर ने पाकिस्तान में पीएसएल के आयोजन को लेकर किसी तरह की सुरक्षा आशंकाओं को खारिज किया। नकवी ने कहा क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है। विदेशी खिलाड़ी आज रात से यहां पहुंच रहे हैं।

नकवी ने यह भी कहा कि पीसीबी का कानूनी विभाग उन क्रिकेटरों के मामले देख रहा है जिन्होंने आईपीएल खेलने के लिये पीएसएल अनुबंध रद्द किए।

# ऑस्ट्रेलिया में अगले साल जनवरी से मार्च तक पांच टेस्ट खेलेगा भारत

**मेलबर्न, एजेसी**

● कंगारू टीम ने जारी किया 2026-27 के लिए कार्यक्रम

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अपना 2026-27 का अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा।

अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की शृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट सीरीज में असली परीक्षा होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम के लिए कड़ी चुनौती बताया है।

### ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट कार्यक्रम

**अगस्त:** बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच

**अक्टूबर:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच

**दिसंबर-जनवरी:** न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैच

**जनवरी-मार्च:** भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच

**11-15 मार्च:** इंग्लैंड के खिलाफ 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच

**जून:** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल

**जून-अगस्त:** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच।

## लिवरपूल और चेल्सी पर बाहर होने का खतरा

**लिवरपूल।** लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल और चेल्सी के लिए प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब तो दूर की कौड़ी बनता ही जा रहा है, बल्कि उन पर अब चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है। लिवरपूल को इस सत्र में प्रीमियर लीग में 10वीं जबकि चेल्सी को 10 दिनों में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है।

शनिवार को ब्राइटन के हाथों 2-1 से मिली हार से लिवरपूल का अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। मौजूदा चैंपियन टीम पिछले तीन मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके कुछ घंटों बाद चेल्सी को एवर्टन ने 3-0 से हरा दिया।

**मियामी ओपन** | दामिर जुमहुर को एकतरफा मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया

# सिनर ने जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की

**मियामी, एजेंसी**

जैनिक सिनर ने शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में मियामी ओपन में दामिर ज़ुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 2 खिलाड़ी, जो 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं।

नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में टाइटल जीतने के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में 12 मैच जीतने के सिलसिले पर, सिनर ने उस लेवल पर लगातार सबसे ज्यादा सेट जीतने के नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड (24) की बराबरी कर ली है। उनके पास 30वीं सीड कोरेंटिन



मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर अपने बड़े विरोधी से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था।

जब सिनर से मास्टर्स 1000 में लगातार सीधे सेटों में जीत के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए, मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज़्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे एटीट्यूड के साथ अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।" इस जोड़ी की पहली लेक्सस हेड2हेड मीटिंग में वर्ल्ड नंबर 76 ज़ुमहुर को हराने के लिए टॉप-क्लास सर्विंग परफॉर्मेंस देने के साथ-साथ, सिनर ने अपनी 71 मिनट की जीत के दौरान नेट पर भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। 25 बार के टूर-लेवल चैंपियन ने आगे बढ़ते हुए 17 में से 14 पॉइंट जीते।

### 'मेरे लिए ट्रांजिशन गेम बहुत जरूरी'

सिनर ने कहा, मेरे लिए, ट्रांजिशन गेम बहुत जरूरी है। यह एक ऐसा हिस्सा है जिसे हमने बहुत बेहतर बनाने की कोशिश की है। यह थोड़ा-बहुत दिन-ब-दिन पर भी निर्भर करता है। आज, सीधे ब्रेक से शुरुआत करते हुए, मैंने थोड़ा अग्रेसिव होने की कोशिश की। कभी-कभी यह बहुत अच्छा काम करता था, कभी-कभी मैंने कुछ अनफोर्स्ड गलतियां कीं, लेकिन मेरे पास यहां एडजस्ट करने के लिए ज्यादा समय नहीं था। यह इंडियन वेल्स से बहुत अलग है। पहले राउंड के मैच कभी आसान नहीं होते, इसलिए मैं खुश हूँ।